हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11

खेल

**धोनी बोले-कोच साहब, आप पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है, सचिन ने कहा-इनक्रेडिबल...**



Page 09

देश

**बांग्लादेशी नेता उस्मान हादी की हत्या का मुख्य आरोपी बंगाल से गिरफ्तार**


मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, अनुराधा, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • मंगलवार • 10 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 97 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,48,200 | ₹ 2,80,000 |



## आज का इतिहास

**1872 : भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के एक नेता मौलाना उबैदुल्लाह सिंधी का जन्म हुआ। उन्होंने रेशमी आंदोलन चलाया था किन्तु यह आंदोलन विफल हो गया।**

**1985 : भारत ने बेंशन एंड हेजेज क्रिकेट विश्वकप जीता।**

## न्यूज बाइट्स

### राज्य स्तरीय टीएलएम मेला आज से

**पटना (नि.सं.)।** राज्य स्तरीय दो दिवसीय टीएलएम मेला 3.0 (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) मंगलवार से शुरू हो रहा है। यह आयोजन स्टेट काउंसिल ऑफ एडुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग परिसर में किया जाएगा, जिसमें बिहार के सभी जिलों से चयनित शिक्षक भाग लेंगे। इस मेले में शिक्षक अपने द्वारा तैयार किए गए टीचिंग लर्निंग मटेरियल (टीएलएम) को प्रदर्शित करेंगे। इन शिक्षण सामग्रियों की मदद से वे कक्षा में छात्रों को विषयों को अधिक प्रभावी, रोचक और सरल तरीके से समझाते हैं। आयोजन का उद्देश्य शिक्षकों की रचनात्मकता और नवाचार को एक साझा मंच प्रदान करना है, ताकि बेहतर शिक्षण पद्धतियों को बढ़ावा दिया जा सके। मेले में विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषा जैसे प्रमुख विषयों से जुड़े टीएलएम प्रस्तुत किए जाएंगे। इन सामग्रियों के माध्यम से शिक्षक यह दिखाएंगे कि किस तरह कठिन अवधारणाओं को सरल और रोचक तरीके से छात्रों को समझाया जा सकता है।

### मधेपुरा को 301 करोड़ की योजनाओं की सौगात देंगे मुख्यमंत्री

**मधेपुरा (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण के तहत मंगलवार को मधेपुरा पहुंचेंगे, जहां वे जिले को 301 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात देंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। मुख्यमंत्री सबसे पहले नवनिर्मित पुलिस लाइन का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद पुलिस लाइन परिसर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का निरीक्षण करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट-पश्चात वेबिनार श्रृंखला के चौथे सत्र को संबोधित करते हुए कहा


# युवाओं की विकसित होती सोच देश की सबसे बड़ी शक्ति : पीएम

• लो इंडिया के माध्यम से छोटे शहरों से खेल प्रतिभाओं को आगे लाने पर जोर दिया।

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बजट-पश्चात वेबिनार श्रृंखला के चौथे सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि देश के युवाओं की विकसित होती सोच भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य बजट के माध्यम से जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना है और उसी दिशा में नीतियां बनाई जा रही हैं। सबका साथ, सबका विकास – जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति" विषय पर आयोजित इस वेबिनार में प्रधानमंत्री ने शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल और संस्कृति जैसे क्षेत्रों को देश के समग्र विकास का आधार बताया। उन्होंने विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं से बजट में की गई घोषणाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सुझाव देने का भी आग्रह किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति केवल एक विषय नहीं, बल्कि इस बजट का मूल उद्देश्य और सरकार का संकल्प है। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में निवारक और समग्र स्वास्थ्य व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि देश में तेजी से स्वास्थ्य अवसंरचना को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सैकड़ों जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं और आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीबों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। डिजिटल हेल्थ के क्षेत्र में टेलीमेडिसिन की भूमिका का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना संभव हुआ है। हालांकि उन्होंने इसके उपयोग को और सरल बनाने और इसके बारे में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। खेलों के महत्व पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वस्थ और अनुशासित युवा आबादी किसी भी राष्ट्र की शक्ति की रीढ़ होती है। उन्होंने खेलो इंडिया कार्यक्रम के प्रभाव का उल्लेख करते हुए छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों से प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने पर्यटन और संस्कृति के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाओं की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि पारंपरिक स्थलों के साथ-साथ नए पर्यटन स्थलों का विकास किसी शहर की ब्रांडिंग और आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है। उन्होंने प्रशिक्षित गाइड, आतिथ्य कौशल, डिजिटल संपर्क और सामुदायिक भागीदारी को पर्यटन क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने संस्थानों, उद्योग जगत और शिक्षा क्षेत्र के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया और विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे प्रयास भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करेंगे।




### नई शिक्षा नीति का उद्देश्य शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ना

प्रधानमंत्री ने शिक्षा व्यवस्था को युवाओं की बदलती सोच के अनुरूप बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ना है। साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऑटोमेशन और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों के अनुसार पाठ्यक्रम विकसित करने पर भी बल दिया। उन्होंने एवीजीसी (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) क्षेत्र को बढ़ावा देने की जरूरत बताते हुए शैक्षणिक संस्थानों से अपने परिसरों को उद्योग सहयोग और अनुसंधान आधारित शिक्षा के केंद्रों के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर संतोष जताते हुए कहा कि सरकार भविष्य की तकनीकों में बेटियों को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

हड़ताल पर गए कर्मचारियों को विजय सिन्हा की चेतावनी, कहा

# काम पर लौटें, नहीं तो सेवा समाप्त, सरकार ने की वैकल्पिक व्यवस्था की तैयारी

• डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार को कर्मचारियों से सहानुभूति है, लेकिन इसे कमजोरी न समझें।

• उन्होंने हड़ताल के पीछे भू-माफियाओं की साजिश की आशंका भी जताई।



निज संवाददाता | पटना

बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अंचलाधिकारी (सीओ) और राजस्व अधिकारी (आरओ) कई दिनों से हड़ताल पर हैं। इस बीच विभाग के मंत्री और राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय कुमा सिन्हा ने हड़ताली अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि यदि कर्मचारी जल्द ही काम पर नहीं लौटते हैं तो सरकार उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी, यहां तक कि सेवा समाप्ति तक का कदम उठाया जा सकता है। पटना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि विभाग के कामकाज को बाधित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों से जल्द से जल्द काम पर लौटने की अपील करते हुए कहा कि सरकारी सेवा जिम्मेदारी और सेवा भाव से करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार हड़ताल के हर दिन की निगरानी कर रही है और स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। अगर कर्मचारी जल्द काम पर नहीं लौटते हैं तो विभाग प्रशासनिक कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार ने विभाग के कामकाज को जारी रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी तैयार कर ली है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के प्रति सरकार की सहानुभूति है, लेकिन इसे कमजोरी समझने की भूल नहीं करनी चाहिए। अगर स्थिति नहीं सुधरी तो सरकार सख्त निर्णय लेने को मजबूर होगी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विजय कुमार सिन्हा ने हड़ताल के पीछे साजिश की आशंका भी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ भू-माफिया इस आंदोलन को हवा देने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि भूमि सुधार से जुड़े सरकारी अभियान को प्रभावित किया जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को आने वाले समय में पछताना पड़ेगा, क्योंकि सरकार अपने संकल्प से पीछे हटने वाली नहीं है। डिप्टी सीएम ने यह भी कहा कि अगर कर्मचारी जल्द काम पर नहीं लौटते हैं तो सरकार अस्थायी बहाली का रास्ता भी खुला रखेगी, ताकि प्रशासनिक कामकाज प्रभावित न हो। उन्होंने साफ कहा कि इंतजार की घड़ी अब खत्म हो रही है और जल्द निर्णय लिया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के 100 दिनों के कार्यकाल का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान विभाग ने कई महत्वपूर्ण पहल की हैं, जिनमें बिहार भूमि पोर्टल की शुरुआत प्रमुख है। इस पोर्टल के माध्यम से राज्य की जमीन से संबंधित जानकारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया जा रहा है। विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि 12 दिसंबर से संवाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी और 31 दिसंबर को भी वे सहरसा में बैठकर विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब लोग नए साल का जश्न मना रहे थे, तब भी विभाग जमीन से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने में लगा था। उन्होंने यह भी कहा कि विभाग द्वारा किए जा रहे सुधारात्मक प्रयासों की सराहना स्वयं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी की है। सरकार का लक्ष्य भूमि प्रशासन को पारदर्शी, तेज और तकनीक आधारित बनाना है, ताकि आम लोगों को जमीन से जुड़े मामलों में अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# चीनी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बनेगी प्रोत्साहन नीति पांच वर्षों में 25 नई चीनी मिलें खुलेंगी : सम्राट चौधरी

निज संवाददाता | पटना

बिहार से मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए राज्य सरकार ने नई रणनीति तैयार की है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि आने वाले पांच वर्षों में राज्य से मजदूरों का पलायन पूरी तरह रोकने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सरकार प्रत्येक मजदूर की पहचान कर उन्हें बिहार में ही रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि इस योजना पर सरकार ने काम भी शुरू कर दिया है। उपमुख्यमंत्री सोमवार को पटना के ज्ञान भवन में आयोजित गन्ना प्रौद्योगिकी सेमिनार 2026 को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन गन्ना उद्योग विभाग की ओर से किया गया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में चीनी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार नई इंसेंटिव नीति 2026 लाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत निवेशकों को प्रोत्साहन दिया जाएगा ताकि बिहार में उद्योगों का विस्तार हो और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ सकें। सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार अगले पांच वर्षों में 25 नई चीनी मिलें खोलने के लिए प्रतिबद्ध है। उनका मानना है कि गन्ना आधारित उद्योगों के विकास से न केवल किसानों को लाभ होगा बल्कि बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा, जिससे पलायन की समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकेगा।

### चीनी उद्योग को मिलेगा बड़ा बढ़ावा



सेमिनार में सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में चीनी उद्योग को नई ताकत देने की तैयारी चल रही है। इसके लिए सरकार इंसेंटिव आधारित नई नीति बनाने जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार इंसेंटिव नीति 2026 तैयार कर रही है। इसके जरिए उद्योगों को आर्थिक प्रोत्साहन दिया जाएगा। सरकार का मानना है कि उद्योगों के विस्तार से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और पलायन पर भी रोक लगेगी।

कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के सक्रिय राजनीति में आने का स्वागत किया और उन्हें नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि निशांत कुमार अपनी जिम्मेदारियों का अच्छे ढंग से निर्वहन करेंगे। साथ ही उन्होंने टी-20 विश्व कप जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम को भी बधाई दी। इस अवसर पर मौजूद राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार की जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि सरकार चलाना जितना महत्वपूर्ण है, उससे भी अधिक जरूरी है सुशासन के साथ सरकार चलाना। पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सामाजिक न्याय के नाम पर बिहार के साथ खिलवाड़ किया गया और राज्य के उद्योग-धंधों को नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान डबल इंजन सरकार बिहार की पुरानी समस्याओं को जड़ से खत्म करने के लिए काम कर रही है और राज्य तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।

### पांच साल में 25 नई चीनी मिल खोलने का लक्ष्य

डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में राज्य में 25 नई चीनी मिल खोलने के लिए संकल्पित है। उनके अनुसार इससे किसानों को भी फायदा होगा और हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। सरकार का लक्ष्य है कि कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जाए।

# डिजिटल भुगतान जागरूकता के लिए आरबीआई की वैन रवाना

निज संवाददाता | पटना

डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और लोगों को सुरक्षित ऑनलाइन लेनदेन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को पटना में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद ने डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया और जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह कार्यक्रम 9 से 15 मार्च तक आयोजित होने वाले डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह के तहत किया गया है। इस वर्ष अभियान का विषय "सुरक्षित डिजिटल पेमेंट" रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान दो कैंटर और एक एलईडी वाहन को रवाना किया गया, जो बिहार के विभिन्न जिलों में भ्रमण कर लोगों को डिजिटल भुगतान के लाभ और सुरक्षित उपयोग के तरीकों के बारे में जानकारी देंगे।

इस अवसर पर सुजीत कुमार अरविंद ने कहा कि डिजिटल भुगतान से व्यक्तियों और व्यवसायों को सशक्त बनाया जा सकता है। इससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलता है और आर्थिक विकास को भी गति मिलती है।

उन्होंने लोगों से सुरक्षित तरीके से डिजिटल भुगतान का उपयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में साइबर अपराध एवं सुरक्षा यूनिट के पुलिस महानिरीक्षक रंजीत कुमार मिश्रा ने 'सुरक्षित डिजिटल भुगतान' विषय पर व्याख्यान दिया और साइबर सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर बिहार के प्रधान महालेखाकार संतोष कुमार, राज्य के वित्त विभाग के विशेष सचिव मुकेश कुमार लाल तथा आरबीआई की महाप्रबंधक रंजीता चौधरी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### महिलाओं के लिए पहली बार रोजगार मेला 16 से

**पटना (नि.सं.)।** महिलाओं के लिए पहली बार महिला विशेष रोजगार मेला लगेगा। इसमें राष्ट्रीय स्तर की कंपनियां शामिल होंगी। महिला एवं बाल विकास निगम की ओर से रोजगार मेला का आयोजन 16 और 17 मार्च को ज्ञान भवन में होगा। इसकी जानकारी निगम की प्रबंध निदेशिका बंदना प्रेयषी ने दी। उन्होंने बताया कि यह मेला महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए किया जा रहा है। इसमें कौशल विकास प्रशिक्षण योजना के तहत प्रशिक्षित महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। निगम की ओर से विभिन्न कंपनियों से संपर्क किया गया। महिलाओं से संबंधित पदों की संख्या अच्छी खासी है। जॉब फेयर में 50 से ज्यादा कंपनियां शामिल होंगी।इन सभी कंपनियों की बात करें तो दो हजार से ज्यादा रिक्तियां हैं।ऑन स्पॉट इंटरव्यू का मिलेगा विकल्पजॉब फेयर में 18 से 35 साल तक की महिलाओं को शामिल होने का मौका दिया गया है। मेला में शामिल होने के पहले निशुल्क पंजीकरण करना अनिवार्य है। कई कंपनियों की ऑन स्पॉट इंटरव्यू का भी विकल्प रखा गया है। इससे तुरंत नौकरी भी मिलने की संभावना है। जिन महिलाओं ने दसवीं, 12वीं, स्नातक, तकनीकी डिग्री या आईटीआई कर चुकी है, वो इस रोजगार मेले में शामिल हो सकती हैं। रोजगार मेले में आने के लिए आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र अपनी फोटो लेकर आना है।

# पश्चिमी एशिया संकट पर उच्चस्तरीय बैठक, प्रधानमंत्री ने की समीक्षा

एजेंसी | नई दिल्ली



पश्चिमी एशिया में बढ़ते संघर्ष और तनावपूर्ण हालात के बीच सोमवार को राजधानी दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्षेत्र की स्थिति की समीक्षा की और वहां रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में पश्चिमी एशिया में तेजी से बदलते हालात और भारत की रणनीतिक प्रतिक्रिया पर विचार-विमर्श किया गया। इससे पहले विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभामें पश्चिमी एशिया की स्थिति पर बयान दिया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क्षेत्र में बदलते हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। खाड़ी देशों में बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक रहते हैं, इसलिए उनकी सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जयशंकर ने बताया कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने का अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग 67,000 भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी कराई जा चुकी है और आवश्यकता पड़ने पर आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। विदेश मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि हालात की गंभीरता को देखते हुए 1 मार्च को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक भी आयोजित की गई थी। इसमें ईरान में हुए एयरस्ट्राइक और उसके बाद कई खाड़ी देशों में हुए हमलों की स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्र में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा के साथ-साथ आर्थिक और व्यापारिक गतिविधियों पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ते संघर्ष के कारण पूरे क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति चिंताजनक हो गई है। हिंसा और हमलों के चलते जनहानि बढ़ रही है और कई देशों में सामान्य जीवन तथा आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हुई हैं।

भारत ने इस संकट के समाधान के लिए एक बार फिर बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर जोर दिया है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने 3 मार्च को सभी पक्षों से संवाद और कूटनीतिक प्रयासों के जरिए संघर्ष समाप्त करने की अपील की है और देश इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है।

सनातन परंपरा में होली के बाद आने वाला चैत्र नवरात्र अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता

# 19 मार्च से शुरू होगा हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्र

• 27 मार्च को मनाई जाएगी रामनवमी

विशेष संवाददाता | पटना

सनातन परंपरा में होली के बाद आने वाला चैत्र नवरात्र अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इसी दिन से हिंदू नववर्ष (विक्रम संवत 2083) की शुरुआत भी होती है। इस वर्ष 19 मार्च को चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्र प्रारंभ होगा। इसी दिन श्रद्धालु कलश स्थापना कर मां दुर्गा की उपासना आरंभ करेंगे। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व का समापन 27 मार्च को महानवमी और भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव (रामनवमी) के साथ होगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार चैत्र नवरात्र का पहला दिन नवसृजन, ऊर्जा और आध्यात्मिक जागरण का प्रतीक होता है। इस दिन से देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा का क्रम आरंभ हो जाता है। श्रद्धालु व्रत रखकर, पूजा-अर्चना कर तथा दुर्गा सप्तशती का पाठ कर देवी की आराधना करते हैं।

वैदिक पंचांग के अनुसार 19 मार्च गुरुवार को सूर्योदय सुबह 6:02 बजे अमावस्या तिथि में होगा, जबकि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि की शुरुआत सुबह 6:41 बजे से हो जाएगी। यह तिथि 20 मार्च सुबह 5:24 बजे तक रहेगी। सूर्योदय के समय द्वितीया तिथि का योग बनने के बावजूद प्रतिपदा तिथि में ही 19 मार्च को कलश स्थापना का शुभ कार्य पूरे दिन किया जा सकेगा। कलश स्थापना के साथ ही भक्त मां दुर्गा की पूजा में लीन हो जाएंगे और नौ दिनों तक विभिन्न स्वरूपों—शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री—की आराधना करेंगे।

धार्मिक गणना के अनुसार इस वर्ष नवरात्र में माता दुर्गा का आगमन डोली पर माना गया है। शास्त्रों के अनुसार डोली पर आगमन को कभी-कभी सामाजिक अस्थिरता, प्राकृतिक आपदाओं या आर्थिक चुनौतियों का संकेत माना जाता है। वहीं माता का गमन हाथी पर होना शुभ माना जाता है, जो अच्छी वर्षा, फसलों की बेहतर पैदावार और समृद्धि का प्रतीक है।

### अष्टमी और महानवमी की तिथियां

पंडित दिनेश पांडेय के अनुसार पंचांग गणना के मुताबिक 25 मार्च को शाम 4:30 बजे से अष्टमी तिथि आरंभ होगी, जो 26 मार्च दोपहर 2:15 बजे तक रहेगी। ऐसे में महाअष्टमी का व्रत और महानिशा पूजा 26 मार्च को की जाएगी। इसके बाद 26 मार्च दोपहर 2:16 बजे से नवमी तिथि प्रारंभ होगी, जो 27 मार्च दोपहर 12:02 बजे तक रहेगी। इसलिए 27 मार्च को महानवमी मनाई जाएगी। इसी दिन हवन, कन्या पूजन और नवरात्र का समापन किया जाएगा। कई स्थानों पर इसी अवसर पर झंडा रोपण और महावीरी जुलूस निकालने की परंपरा भी है।

### छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री बने बिहार में पर्यवेक्षक

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में राज्यसभा चुनाव के लिए भाजपा ने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को इस संबंध में पत्र जारी किया। चुनाव 16 मार्च को होंगे, एनडीए ने पांच उम्मीदवार उतारे हैं। बिहार में राज्यसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा को भाजपा ने केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने इन दोनों नेताओं को पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया है। इस संबंध में सोमवार को पत्र जारी किया गया। मालूम हो कि बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए चुनाव हो रहा है। 16 मार्च को मतदान होना है। एनडीए की ओर से पांच उम्मीदवार उतारे गये हैं। इनमें दो भाजपा, दो जदयू और एक रालोमो के हैं।

# एलपीजी सिलेंडर बुकिंग का नियम बदला अब 25 दिन बाद ही मिलेगी दूसरी रिफिल

एजेंसी | नई दिल्ली

घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग को लेकर सरकार ने नया नियम लागू किया है। इसके तहत अब एक रिफिल लेने के बाद दूसरा सिलेंडर 25 दिन के अंतराल के बाद ही बुक किया जा सकेगा। सरकार का कहना है कि यह फैसला जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से लिया गया है। मिडिल ईस्ट में जारी संकट के कारण ऊर्जा आपूर्ति को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंता बनी हुई है। इसी स्थिति को देखते हुए सरकार ने एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बुकिंग नियमों को सख्त किया है, ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित न हो।



नए नियम के अनुसार अब उपभोक्ता एक रिफिल लेने के तुरंत बाद दूसरा सिलेंडर बुक नहीं कर सकेंगे। दूसरी बुकिंग के लिए कम से कम 25 दिनों का अंतर होना अनिवार्य होगा। इससे अनावश्यक बुकिंग और स्टॉक करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। सरकार ने रिफाइनरियों को भी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा गया है कि फिलहाल एलपीजी की आपूर्ति में घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जाए, जबकि कमर्शियल सप्लाई को जरूरत के अनुसार नियंत्रित किया जाएगा। ऊर्जा क्षेत्र के अधिकारियों के अनुसार इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देशभर में घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति संतुलित बनी रहे और किसी भी तरह की कृत्रिम कमी की स्थिति उत्पन्न न हो।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सीओ-आरओ के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से अंचल कार्यालय में पसरा सन्नाटा

#### राजस्व कर्मचारी पहले से ही हैं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**कौआकोल।** कौआकोल अंचल के सीओ मनीष कुमार सहित सूबे के सभी सीओ और आरओ सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे अंचल कार्यालय में पूरी तरह सन्नाटा पसर गया है। बता दें कि राजस्व कर्मचारी भी अपने संघ के आहवान पर पिछले 11 फरवरी से ही अनिश्चितकालीन आंदोलन पर हैं। जिससे राजस्व विभाग की स्थिति चरमरा गई है। दाखिल-खारिज,एलपीसी सहित अन्य प्रमाणपत्र बनना पूरी तरह ठप हो गया है। सरकार और विभाग की ओर से लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा नहीं किए जाने के विरोध में राजस्व कर्मियों द्वारा उठाये गए इस कदम का सीधा असर आम लोगों से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों पर पड़ा है। दाखिल-खारिज, भूमि परिमार्जन,जमीन से जुड़े अन्य राजस्व मामलों के साथ-साथ जाति,आय और आवासीय प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया भी रुक गई है। इससे हजारों लोगों के जरूरी काम अटक गए हैं।

### कौआकोल के मधुरापुर गांव में बदहाल सड़क से ग्रामीण आक्रोशित



**कौआकोल।** प्रखण्ड के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत मधुरापुर गांव के ग्रामीणों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। लगभग 2000 मतदाताओं वाले इस गांव के लोग दशकों से लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते आ रहे हैं और हर चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि वर्षों के मतदान और कई सरकारें बदलने के बाद भी गांव की मुख्य सड़क आज नारकीय स्थिति में तब्दील हो चुकी है। यहां सड़क नहीं,कीचड़ का साम्राज्य स्थापित हो गया है। जिससे गांव की मुख्य सड़क पर वर्तमान में पैदल चलना भी दूभर है। पूरी सड़क कीचड़ से पटी पड़ी है और जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। स्थिति इतनी भयावह है कि आए दिन यात्रियों से भरे टोटो (ई-रिक्शा) इन गड्ढों में अनियंत्रित होकर पलट रहे हैं,जिससे लोग चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक सड़क की समस्या नहीं है,बल्कि पूरे मधुरापुर के ग्रामीणों के स्वाभिमान का अपमान भी है। सड़क पर जमा गंदा पानी और कीचड़ अब सड़ने लगा है,जिससे पूरे इलाके में दुर्गंध फैल रही है। इससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चुनाव के समय वोट मांगने आने वाले प्रतिनिधि जीत के बाद मधुरापुर गांव की सुध लेना भूल जाते हैं। ग्रामीणों ने एकजुट होकर मांग की है कि जीते हुए प्रतिनिधि और संबंधित विभाग के अधिकारी अविलंब इस समस्या का संज्ञान लें। यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई,तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**हरसिद्धि।** थाना क्षेत्र के घीउवाढार स्थित पेट्रोल पंप के पास सोमवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि अज्ञात वाहन की ठोकर से यह दुर्घटना हुई, जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान तुरकौलिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर बैरिया गांव निवासी ध्रुव राम के पुत्र गुड्डू कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि गुड्डू कुमार बाइक से ससुराल से वापस अपने घर लौट रहा था। उसकी ससुराल हरसिद्धि थाना क्षेत्र के यादोपुर पंचायत के चैनपुर गांव में है। इसी दौरान घीउवाढार पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।और मौके पर ही उसकी मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष ऋषभ कुमार ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है तथा अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### ग्राम पंचायत जसौली पट्टी में 25,26 एवं 27 मार्च 2026 को होंगा चंपारण सत्याग्रह समारोह



**कोटवा।** महात्मा गांधी ने 16 अप्रैल 1917 को चंपारण आगमन के बाद अपनी पहली यात्रा किसान नेता स्वतंत्रता सेनानी बाबू लोमराज सिंह की जन्म भूमि कोटवा प्रखंड के जसौली पट्टी के लिए की थी।उसी दिन महात्मा गांधी के सहयोगियों के किसानों का बयान दर्ज किया था ।उस स्मृति में चंपारण सत्याग्रह महोत्सव का आयोजन कला संस्कृति एवं युवा विभाग के सहयोग से सदर अनुमंडल ,मोतिहारी द्वारा आयोजित किया गया है।सफल आयोजन के लिए राधा कृष्णन भवन मोतिहारी में कल्याणपुर के भाजपा विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं संसद प्रतिनिधि व उप मेयर डॉक्टर लालबाबू प्रसाद के उपस्थिति में बैठक हुई।

### महिला दिवस पर माहेर ममता निवास में सेवा का कार्यक्रम




**रक्सौल पू०च०।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर के बाईपास रोड स्थित माहेर ममता निवास में असहाय, निराश्रित एवं निःशक्त महिलाओं के साथ सम्मानपूर्वक महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन लायंस क्लब इंटरनेशनल से जुड़े लायंस क्लब रक्सौल (भारत) एवं लायंस क्लब ऑफ सेस्मी एकेडमी, बीरगंज (नेपाल) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर लायंस क्लब रक्सौल की ओर से महिलाओं के बीच वस्त्र एवं पौष्टिक अल्पाहार का वितरण किया गया, जबकि बीरगंज (नेपाल) के लायंस क्लब ऑफ सेस्मी एकेडमी द्वारा आटा, चावल, आलू, प्याज सहित अन्य खाद्य सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लायंस क्लब रक्सौल के अध्यक्ष लायन बिमल कुमार सर्राफ, लायन मोहम्मद निजामुद्दीन एवं लायन डॉ. सुशील सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति समाज की प्रतिबद्धता को मजबूत करने का अवसर है। वहीं लायंस क्लब ऑफ सेस्मी एकेडमी, बीरगंज (नेपाल) की अध्यक्षा लायन पिया सिंह ने कहा कि समाज के वंचित वर्ग की सेवा ही सच्ची मानवता है। इस दौरान अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया तथा महिला दिवस के उपलक्ष्य में केक काटकर बधाई दी गई। कार्यक्रम में लायन प्रभात आनंद सिंह, लायन प्रसिद्धि आनंद सिंह, लायन पूनम सर्राफ, हरैया थाना प्रभारी किशन पासवान, प्रशिक्षु दारोगा कुमारी बिट्टू, अवर थाना प्रभारी सोना लाल कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। मौके पर माहेर ममता निवास के परियोजना प्रभारी वीरेंद्र कुमार, लेखापाल सुप्रिया बोदरा, चालक छोटे लाल माली एवं पुलिस बल की भी उपस्थिति रही।

# कंटेनर ट्रक ने बाइक पर सवार रहे दो लोगों को कुचला, नवादा रेफर

## एक बाइक सवार का सिर, तो दूसरे का एक पैर में गम्भीर चोटें

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



ट्रक में फंसा बाइक एवं सड़क पर खड़ा ग्रामीण

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के एनएच-20 पर अदलबिगहा मोड़ के समीप सोमवार की सुबह लगभग 9:30 बजे एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुआ। नवादा की ओर से आ रहे एक कंटेनर ट्रक संख्या डब्लूबी59ई3392 ने एक होंडा शाइन बाइक संख्या बीआर27एम5243 पर सवार रहे दो लोगों को कुचल दिया। सड़क दुर्घटना के बाद ट्रक के चालक व उपचालक मौके से फरार हो गए। वहीं ग्रामीणों और डायल 1033 के एंबुलेंस की मदद से दोनों घायल बाइक सवारों को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल रजौली में भर्ती कराया गया, जहां से दोनों को चिंताजनक स्थिति में नवादा सदर अस्पताल रेफर किया गया है। घायल बाइक सवारों की पहचान उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के 55 वर्षीय धीरेंद्र सिंह और खगड़िया जिले के 40 वर्षीय गोविंद सिंह के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना में दोनों घायल बाइक सवार करिगांव स्थित टोल प्लाजा के कर्मी हैं और वे बहादुरपुर गांव स्थित एक दुकान से दैनिक सामग्री खरीदकर वापस टोल पर जा रहे थे। घायलों में एक टोलकर्मी के सिर में गम्भीर चोटें आई है,तो दूसरे का बायां पैर क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और थाना में पदस्थापित एएसआई राहुल कुमार पुलिस बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। कंटेनर ट्रक में फंसे बाइक को निकालकर सड़क के किनारे रखा गया है। सड़क दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है,उनका कहना है कि टोल से 500 मीटर दूर सड़क किनारे चाय की दुकानें और होटलों का होना चाहिए। ग्रामीणों ने कहा कि टोल के समीप दुकानें होने से अधिकांश ट्रक समेत अन्य वाहन मोड़ पर लगा दिया जाता है,जिससे गांव की ओर से निकलने वाले बाइक सवारों को सड़क से गुजरने वाली वाहनों की जानकारी स्पष्ट नहीं हो पाती है।लोगों ने टोल के समीप स्थित दुकानों के विरुद्ध स्थानीय प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष :-** इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना पर पुलिस बल आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों घायलों का इलाज नवादा में चल रहा था,जिसे बेहतर इलाज हेतु पटना रेफर किया गया है। साथ ही कहा कि पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन मिलने पर अग्रतर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## चोरी की अपाची बाइक पर लदे 130 लीटर शराब को पुलिस बलों ने किया जब्त, धंधेबाज फरार

### नवादा से चुराई गई अपाची बाइक 7 महीने बाद रजौली में मिला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के उदयपुर गांव के समीप से पुलिस बलों ने बीते रविवार की देर शाम को एक चोरी की अपाची बाइक पर लदे 130 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया। वहीं शराब धंधेबाज शराब लदे बाइक को सड़क पर पटककर भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने को लेकर पुलिस बलों के सहयोग से शराब निर्माण,परिवहन,भंडारण,बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

थानाध्यक्ष ने कहा कि बीते रविवार की शाम पीटीसी राहुल कुमार सशस्त्र पुलिस बलों के साथ गश्त में थे। इसी बीच गुप्त सूचना मिली कि उदयपुर गांव निवासी स्व. कालो राजवंशी के पुत्र राजेश राम शोभा बिगहा से एक चोरी के अपाची बाइक से शराब लादकर उदयपुर लाने वाला है। सूचना के आलोक में पुलिस बलों को अग्रतर कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस बल जब उदयपुर गांव पहुंची,तो देखा कि शोभा बिगहा की ओर से एक युवक ब्लू रंग के अपाची बाइक पर सवार था एवं पीछे के सीट पर बंधे बोरे में कुछ रखा हुआ था। युवक की नजर पुलिस बलों पर पड़ते ही वह बाइक को सड़क पर पटककर खेतों की पगडंडियों के सहारे भागने लगा,जिसका पीछा पुलिस बलों द्वारा किया गया,किंतु युवक पुलिस गिरफ्त से बाहर रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त अपाची बाइक पर जेएच19सी1815 का नम्बर प्लेट लगा हुआ था एवं बोरे में एक-एक लीटर के प्लास्टिक में बंद कुल 130 पीस शराब बरामद किया गया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त बाइक की पड़ताल करने पर पता चला कि उक्त बाइक को पिछले वर्ष 2025 के अगस्त माह में नवादा के सिसवां गांव से चुराया गया था,जिसको लेकर नगर थाना नवादा में रजनीकांत शर्मा द्वारा प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त चोरी की बाइक एवं शराब को लेकर फरार अभियुक्त राजेश राम के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही बताया कि राजेश राम की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

## एसएफसी गोदाम में घुसकर बदमाशों ने की कर्मी एवं मजदूरों से मारपीट, तीन घायल



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड मुख्यालय स्थित एसएफसी का गोदाम परिसर सोमवार को देखते ही देखते रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को रोह प्रखण्ड के एक जनवितरण दुकानदार सुजीत कुमार,पिता-सुरेश साव,ग्राम-रोह के द्वारा किसी बात को लेकर एसएफसी के कर्मी एवं मजदूरों के साथ विवाद हो गया। और देखते ही देखते गोदाम परिसर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। दो दर्जन से अधिक लोगों ने ताबड़तोड़ लाठी डंडे से हमला कर दिया। इस सम्बंध में डाटा इंट्री ऑपरेटर राहुल कुमार ने कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर बदमाशों को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग किया है। थाना में दिये गए आवेदन में ऑपरेटर राहुल कुमार ने आरोप लगाया है कि रंगदारी की मांग को लेकर एक सुनियोजित साजिश के तहत डीलर सुजीत कुमार एवं उनके साथ रहे 8 नामजद समेत 20 से 25 लोगों के द्वारा मजमा बनाकर जानलेवा हमला किया गया। जिसमें डाटा ऑपरेटर राहुल कुमार एवं परिवहन अभिकर्ता हिमांशु कुमार एवं मजदूर अंकित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का कौआकोल पीएचसी में ईलाज करवाया गया है। वहीं इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसन्धान में जुट गई है।

# जरासंध स्मारक निर्माण से मिला मगध के इतिहास को समुचित सम्मानः डॉ.प्रेम कुमार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ द्वापर युग के सबसे शक्तिशाली, दानवीर और शिव भक्त योद्धा को बताया पूरे भारत के एकीकरण का माध्यम

**नवादा।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार ने कहा है कि जरासंध स्मारक निर्माण से मगध के इतिहास को समुचित सम्मान मिला है। राजगीर में सम्राट जरासंध स्मारक की प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें सबके लिए अनुकरणीय बताया। द्वापर युग के सबसे शक्तिशाली, दानवीर और शिव भक्त योद्धा को करार देते हुए डॉ.प्रेम कुमार ने कहा कि पूरे भारत के एकीकरण का माध्यम महाराज जरासंध रहे।

बिहार की ऐतिहासिक धरती राजगीर में सम्राट जरासंध स्मारक की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर जरासंध महोत्सव के भव्य आयोजन में अपार भीड़ का संबोधित करते हुए उन्होंने उपस्थितजनों को खूब प्रेरित किया। कला संस्कृति विभाग एवं नालंदा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का उद्घाटन किया और सम्राट जरासंध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जरासंध धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्याम भारती तथा उपाध्यक्ष सह नवादा के भाजपा नेता व वरीय समाजसेवी मनोज सिंह चंद्रवंशी के संयोजन में भव्य आयोजन हुआ। इनकी देखरेख में समस्त व्यवस्था की गयी थी।

**इतिहास और गौरव का संगम है स्मारकः** सभा को संबोधित करते हुए डॉ.प्रेम कुमार ने कहा कि राजगीर के कण-कण में सम्राट जरासंध का गौरवशाली इतिहास समाहित है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 2005 के पूर्व 23 हजार करोड़ के बजट वाले बिहार वर्तमान में 3.48 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है। पूर्व राज्य आयोग सदस्य प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने राजगीर स्टेडियम का नाम सम्राट जरासंध के नाम पर रखने की मांग उठाई। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य डॉ.भीम सिंह, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व एमएलसी रामबली सिंह चंद्रवंशी, डेन्टिस्ट डॉ.धर्मेंद्र कुमार, वरीय भाजपा नेता नित्यानंद सिंह, महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्रवंशी, रणविजय रोशन, सनोज चंद्रवंशी, सौरभ कुमार, नवीन कुमार मंटू, सत्येन्द्र कुमार, अजय कुमार बिगन, प्रहलाद कुमार, सुनील कुमार, अमित कुमार सिंह,भीम कुमार, मुन्ना सिंह आदि के साथ ही कई स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि जरासंध किसी एक जाति के नहीं, बल्कि संपूर्ण प्रजा के राजा थे। इस महोत्सव ने न केवल ऐतिहासिक यादों को ताजा किया, बल्कि राजगीर के पर्यटन विकास की नई संभावनाओं को भी रेखांकित किया। इससे पूर्व राजगीर डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने मनमोहक पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई, जबकि विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गान और सम्राट की जीवनी पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की।

## शैक्षणिक परिभ्रमण पर गए नालन्दा गए उच्च माध्यमिक विद्यालय धमनी के विद्यार्थी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कौआकोल।** बिहार शैक्षणिक दर्शन 2025-26 के अंतर्गत प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय धमनी के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत राजगीर,नालन्दा एवं पावापुरी का भ्रमण किया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक निशा कुमारी एवं शिक्षक संजीव कुमार के देखरेख में बच्चों को नालन्दा जिला में स्थित पावापुरी जल मन्दिर,नालन्दा खंडहर,राजगीर के शांति स्तूप आदि ऐतिहासिक व दार्शनिक स्थानों का भ्रमण कराकर उन्हें आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। शिक्षकों ने कहा कि छात्र-छात्राओं के परिभ्रमण से बौद्धिक और मानसिक विकास होता है। इसलिए छात्र-छात्राओं को हर साल विभिन्न जगहों पर परिभ्रमण कराया जाता है।

## ड्राई फ्रूट्स व हार्डवेयर के गोदाम में 35 लाख की संपत्ति जलकर खाक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सिकरहना।** ढाका के गांधी चौक के उत्तर स्थित एक तीन मंजिला मकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने से मकान की ऊपरी मंजिल पर बने ड्राई फ्रूट्स और हार्डवेयर के गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि मकान की ऊपरी मंजिल पर रहमान टी स्टोर्स का ड्राई फ्रूट्स और सेवई का गोदाम तथा किसान हार्डवेयर का गोदाम स्थित था। आग लगने के बाद मकान की खिड़कियों से घना धुआं निकलता देख आसपास के लोगों को घटना की जानकारी हुई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मकान मालिक को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही मकान मालिक ने प्रशासन और अग्निशमन विभाग को घटना की जानकारी दी। इसके बाद अग्निशमन दल और प्रशासनिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे। मकान बंद होने तथा आग ऊपरी मंजिल पर लगने के कारण आग बुझाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अग्निशमन विभाग की चार गाड़ियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दोनों गोदामों में रखा अधिकांश सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो चुका था। किसान हार्डवेयर के दुकानदार नैयर आजम ने बताया कि उनकी दुकान का करीब 15 लाख रुपये का सामान जल गया है। वहीं रहमान टी स्टोर्स के गोदाम में रखे ड्राई फ्रूट्स और सेवई सहित लगभग 20 लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। इस प्रकार कुल मिलाकर करीब 35 लाख रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट होने की बात सामने आई है। मकान मालिक बहलोलपुर निवासी नैयर आलम ने बताया कि गोदाम में बिजली का कनेक्शन नहीं था और वहां सोलर सिस्टम से रोशनी की व्यवस्था की गई थी। ऐसे में आग लगने के कारणों को लेकर संशय बना हुआ है।

# जिला पदाधिकारी ने किया टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष, नवादा में टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधि-व्यवस्था, मद्य निषेध, नारकोटिक्स नियंत्रण, अवैध खनन, भूमि विवाद, बाल श्रम उन्मूलन एवं किशोर श्रम निषेध जैसे विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा एवं समीक्षा की गई। मद्य निषेध की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि फरवरी माह में शराब की बरामदगी एवं गिरफ्तारी की संख्या जनवरी माह की तुलना में सभी पक्षों द्वारा बढ़ी है। समीक्षा के क्रम में यह भी पाया गया कि लगभग 23,000 लीटर जब्त शराब का विनष्टीकरण लंबित है। इस पर जिला पदाधिकारी ने चिंता व्यक्त करते हुए शीघ्र विनष्टीकरण कराने का निर्देश दिया।उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि महुआ फूल चुनने के समय कुछ लोगों द्वारा ककोलत एवं आसपास के जंगलों में आग लगाने की घटनाएँ पूर्व में सामने आती रही हैं। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए संबंधित विभागों को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया।

अधिहरण वादों की समीक्षा में पाया गया कि भूमि सुधार उपसमाहर्ता, नवादा सदर के पास 159 मामले लंबित हैं। इस संबंध में बताया गया कि समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित कर दी गई है तथा 28.03.2026 की तिथि निर्धारित की गई है, जिस दिन सभी मामलों के निष्पादन का प्रयास किया जाएगा। जिला पदाधिकारी द्वारा लंबित अधिकरण वादों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। नीलामी हेतु जब्त वाहनों के मूल्यांकन की समीक्षा में पाया गया कि 164 वाहनों का मूल्यांकन लंबित है, जिनमें पुलिस थाना के 41 एवं उत्पाद विभाग के 121 वाहन शामिल हैं। वहीं 168 वाहनों का मूल्यांकन प्राप्त हो चुका है, जिनकी नीलामी हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। जिला पदाधिकारी द्वारा अपर जिला परिवहन पदाधिकारी एवं मोटर यान निरीक्षक को निर्देश दिया गया कि लंबित वाहनों का मूल्यांकन शीघ्र पूरा किया जाए।

नारकोटिक्स समन्वय से संबंधित समीक्षा में यह निर्णय लिया गया कि ड्रग्स से संबंधित प्रवृत्तियों के संबंध में आसूचना का आदान-प्रदान किया जाएगा तथा जिले में अवैध अफीम एवं गांजा की खेती के विनष्टीकरण की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही महत्वपूर्ण अंतर्राज्यीय कांडों के अनुसंधान की प्रगति का अनुश्रवण किया जाएगा। मादक पदार्थों के अवैध व्यापार एवं इसके दुष्प्रभावों के संबंध में जन-जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने का भी निर्णय लिया गया, विशेषकर शैक्षणिक संस्थानों में इस प्रकार की गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी।

जिला पदाधिकारी द्वारा शहरी क्षेत्र में मादक पदार्थों के सेवन एवं बिक्री से संबंधित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्र जो सुनसान हैं अथवा प्रत्यक्ष रूप से जन-निगरानी में नहीं रहते, वहाँ इस प्रकार की गतिविधियों की संभावना अधिक रहती है। ऐसे स्थानों पर लगातार निगरानी रखने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी, नवादा एवं उत्पाद विभाग को दिया गया। शिक्षा विभाग से आए डीपीओ (एसएस) को निर्देश दिया गया कि स्कूली संस्थानों के 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के तंबाकू आदि की बिक्री न हो, इसे सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए स्कूलों की सूची उपलब्ध कराने को कहा गया तथा आवश्यकता पड़ने पर कोटपा (COTPA) के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

अधीक्षक, मद्य निषेध द्वारा बताया गया कि विभाग को मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों से संबंधित सेल्फ-अधेसिव पोस्टर प्राप्त हुए हैं, जिन्हें होली से पूर्व ही संबंधित विभागों को उपलब्ध करा दिया गया है। यदि इन पोस्टरों को शिक्षण संस्थानों में लगाया जाता है, तो आम जनता, विशेषकर बच्चों एवं उनके अभिभावकों को इस विषय में जागरूक किया जा सकेगा। अवैध खनन की समीक्षा के क्रम में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक कुल वार्षिक लक्ष्य 13,657.04 लाख रुपये के विरुद्ध 12,261.21 लाख रुपये राजस्व की प्राप्ति की गई है। अवैध खनन के विरुद्ध अप्रैल 2025 से अब तक की गई कार्रवाई का विवरण देते हुए बताया गया कि कुल 1,478 छापेमारी, 236 प्राथमिकी, 70 गिरफ्तारी, 475 वाहन जब्त तथा 602.81 लाख रुपये की वसूली की गई है।जिलाधिकारी ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु प्रभावी एवं सतत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे जिले में विधि-व्यवस्था के संधारण में भी सहायता मिलेगी।

ईंट भट्ठों के संबंध में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 231 ईंट भट्ठे संचालित हैं, जिनमें से 110 द्वारा पूर्ण भुगतान किया गया है, जबकि 121 ईंट भट्ठे शून्य भुगतान की श्रेणी में हैं। उक्त बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी रजौली, भूमि सुधार उपसमाहर्ता नवादा सदर, उत्पाद अधीक्षक, जिला खनन पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग नवादा एवं रजौली के पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, डीपीओ शिक्षा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### राजगीर जू सफारी में सफेद बाघ 'केसरी' की दहाड़, पर्यटकों के लिए खुला एन्क्लोजर, पटना जू से हुआ था एक्सचेंज

**नालन्दा।** बिहार के प्रमुख पर्यटन स्थल राजगीर जू सफारी ने वन्यजीव प्रेमियों और पर्यटकों के लिए एक नया रोमांच पेश किया है। पटना जू से विशेष एनिमल एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत लाए गए सफेद बाघ 'केसरी' को अब आधिकारिक रूप से बाघ एन्क्लोजर में आम जनता को देखने के लिए छोड़ दिया है। पिछले कुछ दिनों से खुले वातावरण में 'केसरी' को देख पर्यटक बेहद रोमांचित नजर आ रहे हैं। उसकी सफेद चमक और दमदार दहाड़ विशेष रूप से बच्चों और परिवारों के बीच चर्चा का मुख्य विषय बनी हुई है। अब पर्यटक उसे नजदीक से देखकर फोटो खिंचवा सकते हैं और इस अनोखे अनुभव को यादगार बना सकते हैं। इस खास मौके पर राजगीर जू सफारी के निदेशक रामसुंदर एम. ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा सफेद बाघ 'केसरी' का यहां आगमन उनके लिए गर्व का क्षण है। बाघ को ऐसा वातावरण प्रदान किया गया है जो उसके प्राकृतिक आवास के अनुकूल है। कुछ दिनों के गहन अवलोकन के बाद यह स्पष्ट हुआ है कि केसरी यहां की जलवायु और खुले एन्क्लोजर में पूरी तरह सहज हो गया है। एन्क्लोजर और उसके आसपास के क्षेत्र को पूरी तरह से पर्यावरण-अनुकूल डिजाइन किया गया है, जिससे बाघ और पर्यटक दोनों सुरक्षित और सहज अनुभव का आनंद ले सके। सुरक्षा उपायों को अत्याधुनिक प्रोटोकॉल के अनुसार सुनिश्चित किया गया है और सफारी वाहन भी पूरी तरह सुरक्षित है।

### नालंदा में फंदे से लटका मिला युवक का शव, किराए के मकान में रहता था

**नालंदा।** नालंदा में एक युवक की सन्दिग्ध परिस्थितियों में सोमवार को मौत हो गई। मामला इस्लामपुर थाना क्षेत्र के मुर्गियाचक गांव का है। मृतक की पहचान नवादा जिला के वारसलीगंज थाना क्षेत्र के अफसड़ गांव के रहने वाले शिवकुमार प्रसाद के बेटे (21) सर्वोत्तम कुमार के रूप में की गई है। युवक का शव उसके कमरे से पंखे के सहारे फंदे से लटका हुआ बरामद किया गया है। घटना के संबंध में सर्वोत्तम के भाई राजन ने बताया कि जब उन्होंने अपने भाई को फोन किया तो कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, उन्हें लगा कि सर्वोत्तम सोया हुआ है उसे लेट तक सोने की आदत है। इसके बाद बच्चों को स्कूल छोड़कर जब उसके कमरे के पास गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से झांक कर देखा तो भाई फंदे से लटका हुआ था। परिवार ने बताया कि सर्वोत्तम को किसी तरह की कोई परेशान नहीं थी। फिलहाल परिजन आत्महत्या के कारणों पर चुप्पी साधे हुए हैं। युवक किराए के कमरें में रहकर भाइयों के साथ फेरी का काम और समय बचने पर पढाई का भी काम करता था। वहीं इस मामले में हिलसा डीएसपी-2 ऋषिराज ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। परिवार वालों ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। एफएसएल की टीम के द्वारा भी साक्ष्य संकलन किया गया है।

### अस्मिता खेलो इंडियाः साइकिलिंग में नालंदा की बेटियों का जलवा, सृष्टि को रजत और किसु को कांस्य पदक




**नालंदा।** राजधानी पटना के जेपी गंगा पथ (मरीन ड्राइव) पर आयोजित 'अस्मिता खेलो इंडिया' पूर्वी जोन साइकलिंग प्रतियोगिता में नालंदा की बेटियों ने अपनी रफ्तार का हैरतअंगेज प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। युवा खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में नालंदा की दो खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ साइकलिंग फेडरेशन के अध्यक्ष जगजीवन सिंह, आईजी जितेंद्र राणा और बिहार साइकलिंग के सचिव कौशल किशोर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। नालंदा साइकलिंग एसोसिएशन के सचिव प्रमोद कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए जिले से 45 लड़कियों की एक विशाल टीम महिला सचिव रिंकू कुमारी के मार्गदर्शन में पटना पहुंची थी। कड़े मुकाबले के बीच नालंदा की सृष्टि कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक पर कब्जा जमाया, वहीं किसु कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल कर जिले की झोली में कांस्य पदक डाला। इस उपलब्धि को हासिल करने में टेक्निकल स्टाफ के रूप में नीतू कुमारी, मोनिका कुमारी और सीनियर साइकलिस्ट खिलाड़ी कन्हैया कुमार ने टीम का कुशल नेतृत्व किया। प्रतियोगिता में पूर्वी भारत के सात राज्यों और बिहार के 17 जिलों की सैकड़ों बालिकाओं ने अपनी चुनौती पेश की थी, जिनके बीच नालंदा की बेटियों ने पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर नालंदा साइकलिंग एसोसिएशन के कोच सह नालंदा लक्ष्य खेल अकादमी के सचिव कुंदन कुमार पाण्डेय ने जीत की हार्दिक बधाई देते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। वहीं, नालंदा साइकलिंग के अध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय, रंजीत कबीर, रवि कुमार, संजीव कुमार और चन्द्रउदय कुमार सहित टीम के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नालंदा में 12 मार्च से सरकारी स्कूलों में वार्षिक परीक्षा

**नालन्दा।** नालंदा में सरकारी स्कूलों में कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं की वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग ने इस बार व्यवस्था में परिवर्तन किया है। नई गाइडलाइन के अनुसार, अब छात्रों को प्रश्नपत्र के बजाय ब्लैक बोर्ड पर लिखे सवालों को देखकर अपनी कॉपियों में उत्तर देने होंगे। इस पारदर्शी व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए ई-शिक्षाकोष पोर्टल का सहारा लिया जाएगा, जहां परीक्षा शुरू होने से महज 40 मिनट पहले प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद संबंधित विक्षकों की यह जिम्मेदारी होगी कि वे उन प्रश्नों को ब्लैक बोर्ड पर अंकित करें। जिले के सभी सरकारी स्कूलों में यह परीक्षा आगामी 12 मार्च से 19 मार्च तक आयोजित की जाएगी। विभाग की ओर से जारी निर्देशों के तहत पहली और दूसरी कक्षा के छोटे बच्चों के लिए केवल मौखिक परीक्षा का प्रावधान किया गया है, जबकि तीसरी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को लिखित परीक्षा की कसौटी पर उतरना होगा। इस नई प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य परीक्षा के बोझ और तनाव को कम करना तथा मूल्यांकन प्रणाली को और अधिक सरल बनाना है। आंकड़ों के अनुसार, इस वार्षिक मूल्यांकन में पहली व दूसरी कक्षा के लगभग 57 हजार और तीसरी से आठवीं कक्षा के दो लाख 93 हजार छात्र शामिल होंगे। परीक्षा संपन्न होने के तुरंत बाद मूल्यांकन कार्य पर जोर दिया जाएगा। शिक्षकों को 19 से 24 मार्च के बीच उत्तर पुस्तिकाओं की जांच पूरी करने का लक्ष्य दिया गया है, ताकि समय पर परिणाम तैयार किए जा सके। इसके साथ ही 25 मार्च तक नामांकन पंजी को अपडेट करने का कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी विजय आनंद ने बताया कि ई-शिक्षाकोष के माध्यम से प्रश्नपत्रों के वितरण से गोपनीयता बनी रहेगी और पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित ढंग से संचालित होगी। छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन का लेखा-जोखा साझा करने के लिए 30 मार्च का दिन बेहद खास होगा। इस दिन जिले के सभी विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छात्रों को उनका रिपोर्ट कार्ड सौंपा जाएगा। इस बैठक के माध्यम से न केवल बच्चों की प्रगति पर चर्चा होगी, बल्कि विद्यालय के बेहतर प्रबंधन के लिए अभिभावकों से सुझाव भी आमंत्रित किए जाएंगे। विभाग का मानना है कि इस पहल से शिक्षा व्यवस्था में अभिभावकों की भागीदारी बढ़ेगी और बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। फिलहाल, सभी स्कूलों में परीक्षा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

# 'विकास होगा, लेकिन धार्मिक परंपराओं से छेड़छाड़ नहीं' :गयाजी में विष्णुपद कॉरिडोर को लेकर मंथन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

## वेदियां रहेंगी जस की तस, पिंडदान की परंपरा भी नहीं बदलेगी

**गयाजी।** विश्व प्रसिद्ध विष्णुपद मंदिर के आसपास प्रस्तावित विष्णुपद कॉरिडोर को लेकर सोमवार को जिला मुख्यालय में लंबी बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता डीएम शशांक शुभंकर ने की। इसमें नगर निगम, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पंडा-पुरोहित, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के लोग भी शामिल हुए। करीब दो घंटे तक चली चर्चा में एक बात साफ रही—विकास होगा, लेकिन सदियों पुरानी धार्मिक परंपराओं से कोई छेड़छाड़ नहीं होगी। बैठक में सबसे पहले पिछली बैठक में लिए गए फैसलों की समीक्षा की गई। तय किया गया कि विष्णुपद मंदिर के गर्भगृह के चारों ओर स्थित 16 वेदियों को किसी भी हालत में नहीं हटाया जाएगा। ये वेदियां मंदिर की धार्मिक परंपरा का अहम हिस्सा हैं, इसलिए इन्हें यथावत रखा जाएगा।

**पिंडदान की व्यवस्था को लेकर लिया गया स्पष्ट निर्णयः** पिंडदान की व्यवस्था को लेकर भी स्पष्ट निर्णय लिया गया। कहा गया कि पिंडदान की सदियों पुरानी परंपरा फल्गु नदी के तट पर ही जारी रहेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा बढ़ाने के लिए वहां छायादार शेड और बेहतर इंतजाम किए जाएंगे, लेकिन कर्मकांड की मूल व्यवस्था नहीं बदलेगी। बैठक में मंदिर परिसर के विस्तार पर भी चर्चा हुई। जरूरत के अनुसार आसपास के इलाके को विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया। वहीं मंदिर के पास स्थित सिजुआर धर्मशाला को



विरासत भवन के रूप में संरक्षित रखने की बात सामने आई। इसके साथ ही आसपास के अन्य पुराने भवनों की पहचान कर उन्हें भी हेरिटेज स्ट्रक्चर के रूप में सुरक्षित रखने का सुझाव दिया गया।

**मंदिर क्षेत्र के दुकानदारों को व्यवस्थित करने की योजना पर भी चर्चाः** कॉरिडोर के तहत मंदिर क्षेत्र के दुकानदारों और फेरीवालों को व्यवस्थित करने की योजना पर भी चर्चा हुई। प्रशासन चाहता है कि श्रद्धालुओं को भीड़ और अव्यवस्था से राहत मिले, इसलिए दुकानों को तय व्यवस्था में शिफ्ट किया जाएगा।

प्रस्तावित कॉरिडोर में कई आधुनिक सुविधाएं भी जोड़ी जाएंगी। इनमें कैस्केड लाइटिंग, शुद्ध पेयजल, शौचालय, चेंजिंग रूम, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, भूमिगत ड्रेनेज, सीसीटीवी निगरानी, पुलिस सहायता केंद्र, फायर स्टेशन, हेल्प डेस्क और पार्किंग की व्यवस्था शामिल है। साथ ही सीताकुंड, मंगलागौरी और अक्षयवट को भी इस परियोजना से जोड़ने पर सहमति बनी।

**फल्गु नदी के बीच में भगवान विष्णु की स्थापित होगी भव्य प्रतिमाः** बैठक में यह सुझाव भी आया कि फल्गु नदी के मध्य भाग में भगवान विष्णु की एक भव्य प्रतिमा स्थापित करने की संभावना पर विचार किया जाए। वहीं नदी के पानी को स्वच्छ बनाए रखने के लिए एरेटर लगाने का प्रस्ताव भी रखा गया। चर्चा के दौरान पंडा-पुरोहितों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने कहा कि गया की पहचान पितृपक्ष और पिंडदान से जुड़ी है। इसलिए विकास के हर कदम में इस परंपरा की पवित्रता बनी रहनी चाहिए। प्रशासन ने भी भरोसा दिलाया कि विष्णुपद कॉरिडोर का निर्माण गया की धार्मिक गरिमा और सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए ही किया जाएगा।

# नालंदा में एमवी इंटर कॉलेज के कर्मियों का प्रदर्शन, डीईओ-डीपीओ के खिलाफ धरने पर बैठे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** नालंदा में महंत विद्यानंद इंटर महाविद्यालय (M.V. College) हिलसा के शिक्षक और कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी (DEO) और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (DPO) के खिलाफ कलक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण कॉलेज का 1.5 करोड़ रुपए का अनुदान पिछले 16 महीनों से फंसा हुआ है।

कॉलेज कर्मियों के अनुसार, बिहार सरकार की ओर से 1 करोड़ 50 लाख रुपए की अनुदान राशि 16 महीने पहले ही उपलब्ध करा दी गई थी। यह राशि कॉलेज के खाते में सुरक्षित है, लेकिन तदर्थ प्रबंध समिति (Ad-hoc Managing Committee) का अनुमोदन नहीं होने के कारण



इसका भुगतान नहीं हो पा रहा है।

**इलाज के अभाव में दो कर्मियों ने तोड़ा दमः** प्रदर्शन में शामिल क्लर्क लोकेश कुमार और वरीय शिक्षक कृष्ण चंद्र प्रसाद ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पैसे के अभाव में कॉलेज के दो कर्मी मुद्रिका प्रसाद और उपेन्द्र सिंह की मौत हो गई। गंभीर बीमारी का इलाज नहीं करा सके। अगर समय पर अनुदान की राशि मिल जाती, तो शायद उनकी जान बचाई जा सकती थी।

**अधिकारियों पर 'अभद्र व्यवहार' और 'दलाली' का आरोपः** कॉलेज के प्राचार्य अंबिका शरण सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डीपीओ नेहा कुमारी से मिलने पहुंचा। आरोप है कि उन्होंने आवेदन लेने से इनकार कर दिया और कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार किया। कर्मियों का यह भी दावा है कि अधिकारी ऑफिस छोड़कर भाग गए। शिक्षक कृष्ण चंद्र प्रसाद ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि डीपीओ कार्यालय में दलालों का बोलबाला है। काम के बदले 32 हजार से 50 हजार रुपए तक की मांग की जाती है। नीतीश सरकार ने पैसे भेज दिए हैं, लेकिन डीपीओ के अनुमोदन न करने से सब बाधित है।

**अनिश्चितकालीन धरने का ऐलानः** अपनी मांगों को लेकर कॉलेज के दर्जनों शिक्षकों और कर्मचारियों ने जिला पदाधिकारी (DM) कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। आवेदन पर प्रो. नवलेश प्रसाद, प्रो. कृष्ण चंद्र प्रसाद, प्रो. अवधेश कुमार, प्रो. ईश्वर नारायण सिंह और लोकेश कुमार सहित कुल 26 कर्मियों के हस्ताक्षर हैं। सभी ने एक सुर में अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान किया है।

# जमीन विवाद में फायरिंग, एक महिला घायल, घर में घुसकर पीटा

## लाठी-डंडे से हमला, सीसीटीवी में अपराधियों की तस्वीर कैद



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा के रूपन बीघा गांव में जमीन विवाद में अपराधियों ने जमकर उत्पात मचाया। हथियारबंद अपराधियों ने सुमिरक देवी के घर और दुकान को निशाना बनाते हुए जानलेवा हमला किया। इस घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। घटना 6 मार्च की है। जिसका वीडियो अब सामने आया है। मामला थरथरी थाना क्षेत्र से जुड़ा है। शुक्रवार शाम करीब 07:24 बजे अपराधी हथियारों से लैस होकर आए। सुमरिक देवी के घर-दुकान के शटर पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद साक्ष्य मिटाने की नीयत से घर में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि, पूरी वारदात और अपराधियों की तस्वीरें सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है।

**सीसीटीवी फुटेज से हुई अपराधियों की पहचानः** पुलिस को दिए गए आवेदन में कई नामजद आरोपियों समेत अज्ञात लोगों का जिक्र किया गया है। फुटेज के आधार पर मुख्य रूप से रामबालक प्रसाद, शिव कुमार, जितेंद्र प्रसाद, नवीन कुमार, मुक्कू कुमार, रंजय कुमार, संदीप कुमार, रोहित कुमार, कामता प्रसाद और जुदागी प्रसाद (सभी निवासी रूपन बीघा) को नामजद किया गया है। इसके अलावा चंडी थाना क्षेत्र के कांधुपीपर निवासी संजय कुमार और ओली बीघा के रहने वाले नीतीश कुमार की भी पहचान की गई है। बताया जा रहा है कि इन अपराधियों पर पहले से ही रंगदारी और जानलेवा हमले जैसे कई संगीन मामले दर्ज है।

**सीनियर अधिकारियों से लगाई गुहारः** पीड़ित परिवार का आरोप है कि स्पष्ट वीडियो फुटेज और मेडिकल रिपोर्ट उपलब्ध होने के बावजूद स्थानीय थाना की ओर से प्राथमिकी दर्ज करने में शिथिलता बरती गई। लगातार 2 दिनों तक प्राथमिकी दर्ज कराने को लेकर टाल-मटोल करते रहे। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से परिवार दहशत मे है। न्याय की आस में पीड़ित पक्ष ने अब ऑनलाइन माध्यम से वरीय पुलिस पदाधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है।

**जमीन विवाद में वारदातः** सुमरिक देवी के बेटे बैजू कुमार ने बताया कि मुझे ननिहाल में प्रॉपर्टी मिली है। जिस पर ममेरे भाइयों की नजर है। पूर्व से ही 10 कट्ठा जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। वर्तमान में एक कट्ठा जमीन को बदलने को लेकर विवाद चल रहा है। जबरन ममेरे भाइयों ने उनके जमीन पर कब्जा कर लिया है। पूर्व में भी स्थानीय पुलिस को जानकारी दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब घर पर चढ़कर आरोपियों ने गोलीबारी की है।

**जल्द होगी आरोपियों की गिरफ्तारः** वहीं, इस मामले में थरथरी थाना प्रभारी मोहम्मद साजिद अख्तर ने बताया कि आवेदन मिला है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। वायरल वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को चिन्हित किया जा रहा है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 8 गिरफ्तार एक की निशानदेही पर पुलिस ने की छापेमारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालन्दा।** नालंदा में चोरी हुई थी। मामले में पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी के 132.68 ग्राम सोना, 23 लाख 39 हजार रुपए नकद, एक केटीएम बाइक और घटना में इस्तेमाल औजार बरामद किए हैं। घटना लहेरी थाना क्षेत्र के शिवपुरी भैसासुर मोहल्ले में हुई थी। नालंदा एसपी भारत सोनी ने बताया कि 26 फरवरी को अविनाश कुमार के घर में चोरी हुई थी। लहरी थाना में कांड दर्ज किया गया था, जिसमें पीड़ित परिवार ने करीब 73 लाख रुपए के जेवरात और नकदी चोरी होने की बात कही थी। एसपी ने बताया कि एक टीम बनी थी। पुलिस ने सबसे पहले 25 वर्षीय कुख्यात चोर आदित्य कुमार उर्फ 'चिकारा' उर्फ मनीष की पहचान की। पुलिस ने



पीछा करते हुए 8 मार्च को आदित्य को उसके सहयोगी विपेंद्र कुमार के साथ पटना सिटी बाइपास स्थित एक किराए के मकान से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने छापेमारी का दायरा बढ़ाया और चोरी के जेवरात खरीदने-गलाने वाले सुनार रजत खत्री और कपिल कुमार को भी पटना से गिरफ्तार किया। इसके साथ ही गिरोह के अन्य सदस्य रोहित शर्मा और रोशन कुमार भी पुलिस के हत्थे चढ़े।

**मां-बहन को भी पुलिस ने पकड़ाः** पुलिस ने इस मामले में आदित्य चिकारा की मां सविता देवी और बहन वर्षा कुमारी को भी गिरफ्तार किया है। एसपी के अनुसार, ये दोनों महिलाएं चोरी की गई सामग्री और रुपयों को छिपाने व उन्हें ठिकाने लगाने की साजिश में शामिल थीं। गिरफ्तार मुख्य आरोपी आदित्य चिकारा एक पेशेवर अपराधी है, जिस पर जिले के विभिन्न थानों में 7 से अधिक मामले दर्ज हैं। इसी तरह रजत खत्री का भी पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और वह पहले भी दो बार जेल जा चुका है।

**संपत्ति जब्ती की जाएगीः** जांच में यह बात सामने आई कि चोरों ने बंद घर का फायदा उठाकर गोदरेज अलमारी का लॉक तोड़कर चोरी की थी। बरामदगी में न केवल जेवरात बल्कि उन्हें बेचकर बनाई गई भारी रकम भी शामिल है। पुलिस अब नए कानून (बीएनएसएस) के तहत अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर रही है।

# बिहारशरीफ के मघड़ा में तीन दिवसीय वार्षिक शीतलाष्टमी मेला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

## झारखंड, यूपी, दिल्ली से भी पहुंचेंगे श्रद्धालु

**नालन्दा।** बिहारशरीफ मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ऐतिहासिक मघड़ा ग्राम में आस्था का सैलाब उमड़ने को तैयार है। प्राचीन सिद्धपीठ मां शीतला के दरबार में मंगलवार से तीन दिवसीय वार्षिक शीतलाष्टमी मेले का भव्य आगाज होगा। चैत्र कृष्ण सप्तमी से शुरू होने वाले इस मेले को लेकर न केवल बिहार, बल्कि उत्तर प्रदेश, झारखंड,पश्चिम बंगाल,दिल्ली और उत्तराखंड जैसे राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी श्रद्धालुओं का जत्था मघड़ा पहुंचेगा।

**इतिहास की परतों में मघड़ा का महत्वः** इस मंदिर की प्राचीनता का प्रमाण चीनी यात्री ह्वेनसांग के यात्रा वृत्तांतों में मिलता है। मंदिर के पुजारी मिथलेश कुमार मिश्रा बताते हैं कि जब ह्वेनसांग नालंदा विश्वविद्यालय में अध्ययनरत थे, तब वे बड़ी पहाड़ी स्थित पुस्तकालय






से विश्वविद्यालय जाने के क्रम में इसी नीम और पीपल के वृक्षों की छांव में विश्राम किया करते थे। उन्होंने अपनी रचनाओं में इस देवी स्थान का विशेष उल्लेख किया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जब भगवान विष्णु ने माता सती के शरीर के खंड किए थे, तब महादेव ने सती के अवशेषों को एक 'मघ' (घड़े) में रखकर इसी पावन धरती पर छिपाया था, जिसके कारण इस गांव का नाम मघड़ा पड़ा। कालांतर में राजा वृषकेतु को माता ने स्वप्न में दर्शन दिए, जिसके बाद खुदाई के दौरान मां की प्रतिमा प्राप्त हुई।

**अनोखी परंपराः 'मिट्ठी कुआं' के जल से बनता है बसियौराः** मघड़ा मंदिर की सबसे विशिष्ट परंपरा 'बसियौरा' पूजा है। सप्तमी के दिन श्रद्धालु चने की दाल, चावल और सब्जी का प्रसाद तैयार करते हैं और अष्टमी के दिन माता को बासी भोग लगाया जाता है। इस दौरान पूरे गांव में चूल्हा नहीं जलता और स्वच्छता का ऐसा नियम है कि घरों में झाड़ू तक नहीं लगाई जाती। इस प्रसाद को बनाने के लिए गांव के ही ऐतिहासिक 'मिट्ठी कुआं' के जल का प्रयोग होता है। लोक मान्यता है कि जहां से माता की प्रतिमा प्रकट हुई थी, वही स्थान आज कुएं के रूप में है, जिसका पानी भीषण गर्मी में भी कभी नहीं सूखता।

**आरोग्य और मनोकामना की देवीः** चेचक (माता) जैसे असाध्य रोगों से मुक्ति के लिए यह सिद्धपीठ पूरे देश में विख्यात है। श्रद्धालुओं का अटूट विश्वास है कि माता के दरबार का जल और भभूत लगाने मात्र से ही असाध्य चर्म रोगों का नाश होता है। मन्नत पूरी होने पर भक्त यहाँ 'जीव के बदले जीव' अर्पित करने की परंपरा के तहत कबूतर और अन्य भेंट चढ़ाते हैं। मेले की व्यापकता को देखते हुए नगर निगम और जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जयंत शर्मा ने बताया कि इस बार पूरे मेला क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है। मंदिर परिसर में 16 और बाहरी क्षेत्रों में 20 कैमरे लगाए गए हैं, जिनका सीधा मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लाइटिंग, पेयजल, मोबाइल शौचालय और मेडिकल कैंप की व्यवस्था की गई है। तालाब में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए एसडीआरएफ (SDRF) की टीम को तैनात रहने का निर्देश दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रबुद्ध बंधुओं से संपर्क कर राष्ट्रहित में अपना बहुमूल्य योगदान देने हेतु प्रेरित तथा आग्रह किया

#### सम्पर्क से संवाद जन-जन तक

**बिक्रमगंज /रोहतास**। प्रज्ञा प्रवाह (चिति)बिक्रमगंज के द्वारा 15 दिनों का संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया। जिसके माध्यम से एक ऐसे राष्ट्रनिष्ठ युवा और प्रबुद्ध समाज का निर्माण करना चाहता है जो न केवल अपने अधिकारों बल्कि अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक हो । प्रज्ञा प्रवाह बिक्रमगंज के जिला संयोजक डॉ. दिलीप कुमार ,सह संयोजक श्री अजय शंकर तिवारी तथा विभाग संयोजक डॉ.अरुण कुमार ने जिला के विभिन्न हिस्सों में साहित्यकारों , शिक्षाविदों,बुद्धिजीवियों, वकील और विचारको से संवाद (पर्चा के माध्यम से) किया। इस अभियान के तहत उन्हें भारतीय सांस्कृतिक, अद्भुत भारतीय विरासत, समसामयिक राष्ट्रीय मुद्दों और समाज के पुनर्निर्माण पर चर्चा किया गया। इस क्रम में बिक्रमगंज़, नोनहर और दुर्गाडीह में ओमप्रकाश तिवारी, डॉ रविन्द्र सिंह, उमेश सिंह, प्रो. बलीराम मिश्रा (प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा) अरुण कुमार (शिक्षक नोनहर), पूर्व विभाग संघचालक गोपाल पाण्डेय, अजय कांत मिश्रा, रवि कांत (भाजपा) प्रवक्ता रोहतास, ओमप्रकाश भट्ट (शिक्षक) तथा अमन कांत मिश्रा (वकील) सर्वोच्च न्यायालय सहित अन्य प्रबुद्ध बंधुओं से संपर्क कर राष्ट्रहित में अपना बहुमूल्य योगदान देने हेतु प्रेरित तथा आग्रह किया।

### टी-20 विश्व कप जीत पर मोतिहारी में जश्न, खेल प्रेमियों ने दी बधाई

**मोतिहारी, पू.च**। भारत के टी-20 विश्व कप जीतने पर जिले भर में खेल प्रेमियों ने जमकर जश्न मनाया। फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड का आखिरी विकेट गिरते ही मैच देख रहे लोग खुशी से झूम उठे और एक-दूसरे को बधाई देने लगे। जदयू प्रदेश नेता अनिल कुमार सिंह ने इस ऐतिहासिक जीत पर भारतीय खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम विश्व स्तर पर गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और टीम भावना के कारण यह उपलब्धि संभव हो सकी है। इधर इस जीत की खबर मिलते ही गलियों से लेकर मुख्य चौराहों तक क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। युवाओं ने पटाखे जलाकर और मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर युवा सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णमोहन मिश्र उर्फ के.के. मिश्र, कढ़ान निवासी नितेश कुमार सिंह, बैरिया पंचायत समिति सदस्य नितेश कुमार चन्द्रवंशी, क्रिकेटर तौकीर अहमद खान, प्रियांशु श्रीवास्तव समेत कई लोगों ने भारतीय टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों ने कहा कि भारतीय टीम की यह जीत पूरे देश के लिए गर्व की बात है और इससे देशभर के खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

### कढ़ान से पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब किया बरामद



**केसरिया, पू.च**। थाना क्षेत्र के ग्राम कढ़ान में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कढ़ान स्थित मनोकामना सिंह के घर के पीछे बांसवारी एवं एक बोलेरो गाड़ी से कुल 59 पेटी ऑफिसर चॉइस ओरिजनल व्हिस्की बरामद की गई। प्रत्येक पेटी में 180 एमएल की 48 बोतलें थी। बरामद शराब की कुल मात्रा लगभग 509 लीटर 760 एमएल बताई जा रही है। मौके से पुलिस ने एक बोलेरो गाड़ी BR 01 PG-6793, एक अपाचे बाइक BR 05BB 5993 तथा एक पल्सर बाइक BR 06 CQ 0211 भी जब्त की है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुकेश यादव पिता चिंतामन राय, वार्ड संख्या 10, कढ़ान एवं बृजनंदन राय पिता अखिलेश्वर राय, वार्ड संख्या 09, कढ़ान के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुछताछ की गई जिसके निशानदेही पर कढ़ान गाँव में छापेमारी कर वार्ड न० 6 से रुपेश राय को गिरफ्तार किया गया। तीनों को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया गया है।

### बथना में अशद ने स्ट्रॉबेरी की खेती कर पेश किया मिसाल



**केसरिया, पू.च**। प्रखंड क्षेत्र के बथना गांव के अशद अमजद ने पारंपरिक खेती से हटकर स्ट्रॉबेरी की खेती शुरू कर नई पीढ़ी के किसानों के लिए मिसाल पेश की है। अशद अमजद गुड़गांव स्थित एक आईटी कंपनी में इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं। इनके पिता अमजद अली खान बथना पंचायत के पूर्व मुखिया रह चुके हैं। नौकरी के बावजूद अशद का अपनी मिट्टी से गहरा लगाव है और जब भी वे छुट्टी में घर आते हैं तो खेती में कुछ नया करने का प्रयास करते हैं। अशद के परिवार में पहले से ही बड़े पैमाने पर पारंपरिक खेती होती रही है। इसी क्रम में उन्होंने प्रयोग के तौर पर करीब 4 कट्ठा भूमि में स्ट्रॉबेरी की खेती शुरू की। इसके लिए उन्होंने पुणे से करीब तीन हजार पौधे मंगवाए और सितंबर महीने में इसकी रोपाई की। अशद बताते हैं कि पौधे मंगाने, रोपाई और देखभाल सहित पूरी प्रक्रिया में लगभग एक लाख रुपये की लागत आई है। वर्तमान में हर तीन दिन पर करीब 30 किलोग्राम स्ट्रॉबेरी का उत्पादन हो रहा है। स्थानीय बाजार में इसकी कीमत 700 से 800 रुपये प्रति किलोग्राम मिल रही है, जिससे उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है।

# क्रिकेट में भारत की जीत पर पटाखा छोड़ने के दौरान दो पक्षों में हुई झड़प

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

- घटना के दौरान किसी अज्ञात ने फोन पर एसपी को बताया दंगा होने की बात
- विगत शनिवार की रात ग्यारह बजे घटनास्थल पर पहुंची 112 की पुलिस
- झड़प कर रहे लोग पुलिस वाहन पर हुए आक्रामक, भारी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच पुलिस ने मौके से नौ लोगों को किया गिरफ्तार.
- एसडीएम बिक्रमगंज ने घटनास्थल पर पहुंच किया जांच.
- रविवार को दिनभर राजपुर बजार पुरानी मस्जिद ईलाका पुलिस छावनी में रहा तब्दील.
- गिरफ्तार लोगों के पक्षकार एवं हिन्दु मुस्लिम दोनों समुदाय के प्रतिनिधियों ने एसडीएम के समक्ष आपसी सद्भाव की बात रखते हुए गिरफ्तार लोगों को मुक्त किये जाने का किया पैरवी.

**राजपुर**। विगत शनिवार की रात लगभग ग्यारह बजे क्रिकेट में भारत की जीत पर पटाखा छोड़ने के दौरान दो पक्षों में झड़प हो गया.जिस पर कारवाई करते हुए पुलिस ने दोनों पक्ष से नौ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.एसडीएम बिक्रमगंज ने रविवार को घटनास्थल पर पहुंच किया जांच.रविवार को दिनभर राजपुर बजार पुरानी मस्जिद का ईलाका पुलिस छावनी में तब्दील रहा.

**पुलिस ने बताया-** घटना की जानकारी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष उमुस सलमा ने बताया कि शनिवार की रात राजपुर बजार स्थित पुरानी मस्जिद में तराबी संचालित हो रहा था.तभी लगभग ग्यारह बजे रात में भारत न्यूजीलैंड के बीच फाइनल क्रिकेट मैंच में भारत की जीत होने मस्जिद के बगल में स्थित कुछ घर के लड़कों द्वारा खुशी में पटाखा फोड़ा गया. जिसपर मस्जिद में तराबी के दौरान मौजूद कुछ लड़कों ने डिस्टर्ब होने की बात कहते हुए आपती जताई गई.जिस दौरान दोनों पक्ष में झड़प होने लगा.घटना स्थल से लोगों द्वारा 112 की पुलिस को बुलाया गया. घटना के दौरान किसी अज्ञात द्वारा फोन पर एसपी को दंगा होने की बात बताई गई.जिस पर नियंत्रण के लिए घटनास्थल पर पहुंची पुलिस पर झड़प कर रहे लोग आक्रामक हो गये.जिससे वाहन को छती पहुंचा है.मामले में कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से पचीस वर्षीय मो सलीम, तीस वर्षीय मो नौशाद, पचीस वर्षीय मो खुशनवाज, पचीस वर्षीय मो कलीम एवं दुसरे पक्ष के पैंतीस वर्षीय अनिल कुमार गुप्ता,तीस वर्षीय दुर्गा कुमार गुप्ता,उसके छोटे भाई पिंटू कुमार गुप्ता, पचीस वर्षीय आनन्द कुमार गुप्ता व अजय कुमार को गिरफ्तार कर थाना लाया गया.बाद में सभी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया गया.



**ग्रामीणों ने प्रशासन के समक्ष रखा अपना पक्ष-** मामले में एसडीएम के मौजूदगी में घटना को लेकर रविवार को दोपहर थाना पहुंच पैरवी का पक्ष रखते हुए पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ गुप्ता, बीडीसी प्रतिनिधि सुमेश्वर सिंह यादव, मुखिया प्रतिनिधि सतीश कुमार सिंह, मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष मो गुड्डु आलम,मो मंसूर आलम एवं गिरफ्तार दोनों पक्ष के परिजन आदी लोगों ने कहा कि राजपुर में हिन्दु मुस्लिम दोनों समुदाय में आपसी भाईचारा है.प्रेम मोहब्बत है.कहीं कोई समस्या नहीं है.ये झड़प की घटना महज एक दुर्घटना था.हम आपस में ना कभी लडे हैं. ना लडना चाहेंगे.हम दोनों पक्ष के लोग ईद, होली दिवाली साथ साथ मनाते हैं.एक दुसरे की दावत खाते हैं.

**गिरफ्तार लडकों ने बताया-** घटना को लेकर गिरफ्तार दोनों पक्ष के लड़कों ने मिडिया को बताया कि यह पहला ऐसा केस है,जिसके अभियुक्त आपस में नहीं लड़ना चाहते.

**कहते हैं एसडीएम-** मामले को ले एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि पिंटू के परिजनों से मिले हैं.घटनास्थल का अवलोकन करते हुए सभी तरह के हालात का जायजा लिया गया है.घटनास्थल के आस पड़ोस के सीसीटीवी कैमरा को खंगाला जा रहा है.किसी तरह का खुशी अपने दरवाजे के बजाय दुसरे के दरवाजे पर ज्यादा व्यक्त करने वालों के विरुद्ध कानून अपना काम करेगा. झड़प में शामिल लोगों को हिरासत में लेने पर हीं गिरफ्तार किये गये सभी लोगों का नाम पुलिस के समक्ष आया है.केस डायरी देखा गया है.जिनके बीच विवाद उत्पन्न हुआ था.उनके ब्यान पर हीं कारवाई किया गया है.शेष संलिप्त लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक बांड डाउन की कार्रवाई किया जायेगा.

## मोथा गांव में निकला महायज्ञ का ध्वज यात्रा,5 से 11 मई तक होगा श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री सूर्यनारायण प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट/ रोहतास** : काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोथा बावन बिगहा पोखरा के प्रांगण से सोमवार को श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह श्री सूर्यनारायण महायज्ञ प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव के उपलक्ष्य में ध्वज यात्रा निकाली गई । इस अवसर पर विद्वतजनों द्वारा विधिवत पूजा- अर्चना कर ध्वज का पूजन किया गया,जिसके बाद ध्वज को पूरे मोथा गांव में श्रद्धा और उत्साह के साथ भ्रमण कराया गया । ध्वज यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे गांव का माहौल भक्तिमय बना रहा । भक्तजन भजन-कीर्तन करते हुए महायज्ञ की सफलता के लिए प्रार्थना करते नजर आए । यज्ञ समिति के अनुसार यह भव्य धार्मिक आयोजन 5 मई 2026 से प्रारंभ होकर 11 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा । महामहोत्सव का आयोजन



परम पूज्य श्रीलक्ष्मी प्रपन्न श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा । कार्यक्रम के तहत 6 मई को जलयात्रा,10 मई को प्राण-प्रतिष्ठा महामहोत्सव तथा 11 मई को महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ भंडारे का आयोजन किया जाएगा । यज्ञ समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से इस पावन आयोजन में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है । मौके पर सामाजिक कार्यकर्ताओं में दिनेश कुमार सिंह,ददन पाण्डेय, पूर्व मुखीया विनोद पासवान, मनोज कुमार डीलर, पूर्व जिला परिषद सदस्य शंभू सिंह, विवेक कुमार पांडेय, विशाल पाण्डेय सहित सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

## सूरत से शव पहुंचते ही घोरडीहां में पसरा मातम, इकलौते बेटे की मौत से मां हुई बेहोश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**करगहर (रोहतास)**। सूरत में हुए हादसे में जान गंवाने वाले घोरडीहां गांव निवासी रविंद्र पासवान के 19 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार का शव सोमवार को गांव पहुंचते ही पूरे इलाके में मातम पसर गया। घर के बाहर जैसे ही एंबुलेंस रुकी और शव उतारा गया, परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो उठा।

बताया जाता है कि अंकित रोजगार के सिलसिले में सूरत की एक कंपनी में काम करता था, जहां एक दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने उसकी मां आरती देवी को पहले इस घटना की जानकारी नहीं दी थी। उन्हें बताया गया था कि अंकित का इलाज चल रहा है और वह जल्द ही स्वस्थ होकर घर लौट आएगा।

लेकिन जैसे ही एंबुलेंस से बेटे का शव घर के दरवाजे पर पहुंचा, दरवाजे पर खड़ी मां आरती देवी यह दृश्य देखकर बेसुध होकर गिर पड़ी। इकलौते पुत्र की असमय मौत का सदमा वह सहन नहीं कर सकीं। परिजनों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।



युवक की मौत की खबर मिलते ही घोरडीहां गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अंकित समरडीहां ग्राम पंचायत के मुखिया जग नारायण पासवान का भतीजा था। सूचना मिलते ही कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देने लगे।

मृतक के पिता रविंद्र पासवान ने बताया कि उनका पुत्र जिस कंपनी में काम करता था, वहां के प्रबंधन ने किसी भी प्रकार का मुआवजा देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि सूरत में भी उनकी मदद के लिए कोई आगे नहीं आया, जिसके कारण वे अपने पुत्र का शव लेकर गांव लौटे हैं। उन्होंने यह भी दुख जताया कि रोहतास जिले के चार मृतक श्रमिकों के परिवारों की अब तक किसी प्रशासनिक अधिकारी या सरकार ने सुध नहीं ली है। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष अरविंद सिंह, उमेश श्रीवास्तव, कृष्ण पासवान, पूर्व मुखिया अनिल राय सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना तहत इटवां व पांडेयडिहरी के छात्रों का शैक्षणिक परिभ्रमण, गयाजी- बोधगया के लिए रवाना

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट/रोहतास**। काराकाट प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय इटवां एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय पांडेयडिहरी के छात्र- छात्राओं को मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना तहत शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए गयाजी और बोधगया भेजा गया । दोनों विद्यालयों के शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने परिभ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों और पदाधिकारियों ने बच्चों को यात्रा के दौरान अनुशासन बनाए रखने और ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त करने की सलाह दी । उन्होंने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को इतिहास,संस्कृति और विरासत को करीब से जानने का



अवसर मिलता है । मौके पर मध्य विद्यालय इटवां के एचएम मोहम्मद हलीम,विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष निर्जल सिंह,सचिव सुनीता देवी,शिक्षक टुकेश कुमार सिंह,धीरेंद्र कुमार सिंह, किरण कुमारी उपस्थित रहे । वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय पांडेयडिहरी के प्रभारी एचएम धनजी सिंह, अध्यक्ष विभा देवी,सचिव उर्मिला देवी,चंदन कुमार,अनिता राय, दीक्षिता सिंह सहित कई लोग मौजूद थे ।

### सासाराम विद्युत कार्यालय में राजस्व समीक्षा बैठक आयोजित

## बिजली बकायेदारों पर विभाग सख्त, राजस्व वसूली व डिस्कनेक्शन अभियान तेज करने का निर्देश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सासाराम/रोहतास**। सोमवार को सासाराम विद्युत कार्यालय में मुख्यालय के वरीय पदाधिकारी महाप्रबंधक (राजस्व) अरविंद कुमार की अध्यक्षता में राजस्व समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में रोहतास विद्युत आपूर्ति अंचल कार्यालय अंतर्गत सासाराम, डेहरी एवं भभुआ प्रमंडल के सभी अभियंताओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान महाप्रबंधक (राजस्व) ने लंबित बिजली बिल की वसूली को लेकर कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में जिन उपभोक्ताओं की 5000 रूपये से अधिक तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 20000 रूपये से अधिक बकाया राशि है, उनका विद्युत कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाए। साथ ही खराब मीटर को तत्काल बदलने का भी निर्देश दिया गया। बिजली बिल वसूली और लाइन काटने की कार्रवाई को तेज करने के लिए सेक्शन स्तर पर विशेष टीम (स्पेशल गैंग) का गठन किया गया है, जो डोर-टू-डोर जांच कर बकाया वसूली और आवश्यकतानुसार कनेक्शन काटने की कार्रवाई करेगी। बैठक में बताया गया कि सासाराम प्रमंडल के ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 69457 उपभोक्ता ऐसे हैं, जिन पर 20 हजार से अधिक का बिजली बिल बकाया है। इसके अलावा विद्युत चोरी के विरुद्ध की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि फरवरी माह में सासाराम प्रमंडल में बिजली चोरी के मामलों में 168 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। विभाग ने






यह भी स्पष्ट किया है कि बकाया राशि पर 1.5 प्रतिशत प्रतिमाह (लगभग 18 प्रतिशत वार्षिक) की दर से ब्याज वसूला जाता है। कनेक्शन कटने के बाद बकाया राशि के साथ पुनः कनेक्शन के लिए री-कनेक्शन शुल्क भी देना होगा, तभी आपूर्ति बहाल की जाएगी। समय पर बिजली बिल भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभाग द्वारा विशेष छूट का भी प्रावधान किया गया है। बिल जारी होने के 15 दिनों के भीतर भुगतान करने पर 1.5 प्रतिशत की छूट तथा ऑनलाइन भुगतान करने पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त छूट दी जाएगी। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 25 पैसे की रियायत मिल रही है। अधिकारियों ने कहा कि बिजली कंपनी एक ओर उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए प्रतिबद्ध है, वहीं दूसरी ओर बिजली बिल वसूली एवं राजस्व संग्रहण को लेकर भी सख्ती बरती जा रही है। बकाया बिजली बिल वसूली, विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने तथा बकायेदारों का कनेक्शन तत्काल काटने को लेकर विशेष निर्देश दिए गए। कनेक्शन कटने के उपरांत बकाया जमा नहीं करने पर सम्बंधित उपभोक्ता पर बिहार और उड़ीसा लोक मांग वसूली अधिनियम 1914 के तहत नीलामवाद दायर किया जायेगा। बैठक में विद्युत अधीक्षण अभियंता इंद्रदेव कुमार, सासाराम के कार्यपालक अभियंता ई. ब्रवीम, डेहरी के कार्यपालक अभियंता संतोष कुमार, भभुआ के कार्यपालक अभियंता शशिकांत कुमार, सभी सहायक विद्युत अभियंता, कनीय अभियंता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नामांकन-तारीख पर सस्पेंस, दावा-आपत्ति में 'जीरो क्लेम', कल अंतिम मौका; सह-सदस्यों पर सवाल

## काराकाट पैक्स चुनावः

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट / रोहतास** । काराकाट नगर पंचायत के गोडारी पैक्स चुनाव को लेकर सदस्यों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। नामांकन प्रक्रिया और चुनाव तिथि की आधिकारिक घोषणा न होने से कई सवाल खड़े हो गए हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सह निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि उनके पास अभी तक पैक्स चुनाव संबंधी कोई आधिकारिक पत्र या चिट्ठी नहीं पहुंची है।

**दावा-आपत्ति में पूर्ण शून्यता, कल अंतिम मौकाः** प्राधिकरण के निर्देश पर मतदाता सूची का प्रकाशन 23 फरवरी को किया गया था, जिसमें दावा-आपत्ति के लिए 10 मार्च तक समय सीमा निर्धारित है। बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने बताया कि आज सोमवार 9 मार्च तक किसी भी सदस्य ने दावा-आपत्ति का क्लेम दर्ज नहीं कराया। प्रखंड कार्यालय में सूची की प्रति उपलब्ध है, और कल 10 मार्च तक संबंधित सदस्य क्लेम कर सकते हैं। अंतिम फाइनल प्रकाशन 12 मार्च को होगा।इस निष्क्रियता ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। बीडीओ ने कहा, "अभी एक दिन बचा है, हो सकता है कल कुछ क्लेम आएं, लेकिन फिलहाल कुछ नहीं दिखा।"

**2711 सदस्य-सह-सदस्य, गोडारी क्षेत्र में 771 का फर्कः** मतदाता सूची में कुल 2711 पैक्स सदस्य व सह-सदस्य दर्ज हैं। गोडारी पैक्स क्षेत्र में मूल रूप से 1940 सदस्य-सह-सदस्य थे, लेकिन नगर पंचायत बनने से क्षेत्राधिकार बढ़ने पर 771 नए जुड़े, जिससे कुल संख्या 2711 हो गई। बहरहाल, दावा-आपत्ति की कमी से संभावित बदलाव की गुंजाइश बनी हुई है।

**सह-सदस्यों का रहस्यः सिर्फ वोट, कोई उम्मीदवारी नहींः** सूची में सह-सदस्यों के नाम देखकर सदस्यों में भ्रम है। लोग पूछ रहे हैं- सह-सदस्य कौन होते हैं? बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने पुष्टि की कि सह-सदस्यों को केवल वोट देने का अधिकार है। वे चुनाव लड़ नहीं सकते, नामांकन दर्ज नहीं करा सकते।

"मतदाता सूची में यदि किसी के आगे 'सह-सदस्य' लिखा है, तो उसे उम्मीदवार बनने का हक नहीं मिलेगा," उन्होंने जोर देकर कहा।पैक्स चुनाव की प्रक्रिया पर अब सभी की नजरें 10 मार्च पर टिकी हैं। क्या कल कोई क्लेम आएगा या नामांकन-चुनाव तिथि पर भी सस्पेंस बरकरार रहेगा? स्थानीय सदस्यों में चर्चा जोरों पर है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में ठेला चालक की मौत

**भागलपुर**। भागलपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने ठेला चालक को रौंद दिया। मौके पर ही मौत हो गई। मृतक मनीष पोद्दार( 18 ) बांका जिले के राजपुर गांव का रहने वाला था। ठेला चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र की है।

**पीछे से ट्रक ने मारी टक्करः** पिता प्रदीप पोद्दार ने बताया कि सोमवार सुबह मनीष भागलपुर की ओर से ठेला लेकर अपने घर लौट रहा था। इस दौरान बलुआचक के पास एनएच-80 पर पीछे से ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ठेला समेत खाई में जा गिरा। घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया।

**आरोपी ड्राइवर की तलाश जारीः** हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। जगदीशपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मायागंज अस्पताल भेज दिया। आरोपियों ड्राइवर की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### अज्ञात गाड़ी की टक्कर से युवक की मौत

**बांका**। बांका के बेलहर मुख्य मार्ग पर धावाटांड़ के पास रविवार देर शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस घटना में उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान मेनवरण गांव निवासी संतोष यादव के पुत्र नीतीश कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, नीतीश कुमार अपनी बड़ी बहन संजना कुमारी के साथ बाइक से दुधारी बाजार गए थे। बाजार से सामान खरीदने के बाद दोनों भाई-बहन अपने घर लौट रहे थे। धावाटांड़ के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

**बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायलः** टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों भाई-बहन बाइक सहित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के कुछ देर बाद आसपास के लोगों ने घायलों को देखा और तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को बांका सदर अस्पताल लाया गया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद नीतीश कुमार को मृत घोषित कर दिया। संजना कुमारी की गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल भागलपुर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

**स्थानीय पुलिस सदर अस्पताल पहुंचीः** घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस सदर अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।परिजनों ने बताया कि नीतीश कुमार ने पिछले वर्ष मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की थी और वर्तमान में इंटर की पढ़ाई कर रहा था। थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान के लिए जांच कर रही है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### कांस्टेबल अशोक ने नेपाल में जीता गोल्ड

**मुंगेर**। मुंगेर में न्यू पुलिस लाइन में पदस्थापित कांस्टेबल अशोक कुमार पुलिस जवानों और युवाओं को कुश्ती का प्रशिक्षण दे रहे हैं। हाल ही में उन्होंने नेपाल के लुंबिनी में आयोजित साउथ एशियन कॉम्बैट बोर्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में 90 किलोग्राम प्लस वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश, बिहार पुलिस और मुंगेर जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के लिए उन्हें मंत्री के हाथों सम्मानित भी किया गया।

**पहलवानी का प्रशिक्षण ले रहे हैं जवानः** अशोक कुमार पिछले करीब 24 वर्षों से कुश्ती का अभ्यास कर रहे हैं। उनके समर्पण और उपलब्धियों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवा और पुलिस लाइन के जवान नियमित रूप से अखाड़े में पहलवानी का प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने 10 वर्ष की उम्र से ही पहलवानी शुरू कर दी थी।

**कुश्ती प्रतियोगिता में सातवां स्थान हासिलः** वर्तमान में अशोक कुमार बिहार पुलिस कुश्ती क्लस्टर के कोच की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में पुलिस के कई खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन किया है। बिहार पुलिस की टीम ने महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित 71वीं ऑल इंडिया पुलिस कुश्ती प्रतियोगिता में सातवां स्थान हासिल किया था। इसके बाद, वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश के लखनऊ में हुई प्रतियोगिता में टीम को नौवां स्थान मिला।

**विभिन्न स्पर्धाओं में पदक जीतकर राज्य का मान बढ़ायाः** वर्ष 2025 में हरियाणा के करनाल जिले के मधुबन में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस कुश्ती क्लस्टर प्रतियोगिता में भी वे टीम के साथ पहुंचे। इस प्रतियोगिता में बिहार पुलिस के खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग सहित विभिन्न स्पर्धाओं में पदक जीतकर राज्य का मान बढ़ाया।

### खेत में लगा सबमर्सिबल चोरी

**बांका**। बांका के रजौन थाना क्षेत्र के नरीपा गांव में लगातार समरसेबुल चोरी की घटनाओं से किसानों में दहशत का माहौल है। किसान खेतों की सिंचाई के लिए समरसेबुल लगाते हैं, लेकिन चोर उन्हें रात के अंधेरे में चुराकर फरार हो जाते हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ खेती करने में भी परेशानी हो रही है। सोमवार को नरीपा गांव के किसान प्रताप नारायण सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने घर से करीब एक किलोमीटर दूर खेत में सिंचाई के लिए समरसेबुल लगाया था। शाम तक समरसेबुल खेत में मौजूद था, लेकिन सुबह जब वे फसल देखने खेत पहुंचे तो वह गायब मिला। चोरों ने पाइप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था। आसपास के लोगों से पूछताछ के बावजूद कोई सुराग नहीं मिल पाया।

**किसान को करीब दो लाख रुपये की संपत्ति का नुकसानः** प्रताप नारायण सिंह ने बताया कि यह चौथी बार है जब उनके खेत से समरसेबुल चोरी हुआ है। इससे पहले 2 दिसंबर को दो और 3 फरवरी को एक समरसेबुल की चोरी हो चुकी है। इन लगातार चोरियों से किसान को करीब दो लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। लगातार हो रही इन घटनाओं के कारण किसान नया समरसेबुल लगाने से भी डर रहे हैं।

**कुछ असामाजिक तत्व इन घटनाओं को अंजाम दे रहेः** ग्रामीणों का कहना है कि गांव के ही कुछ असामाजिक तत्व इन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। मामले को लेकर पुलिस को आवेदन दिया गया है। थानाध्यक्ष राजरतन ने बताया कि पुलिस ने आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दी है और संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### श्री पुर्नेश्वरनाथ भोले नाथ मंदिर में नंदी महाराज की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**अररिया**। फारबिसगंज के गोढ़ीहारे चौक स्थित श्री पुर्नेश्वरनाथ बाबा भोलेनाथ मंदिर में सोमवार को भगवान शिव की सवारी नंदी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना कर समारोहपूर्वक की गई। मुख्य यजमान सीमा नवीन बोथरा के द्वारा पंडित वीरेंद्र तिवारी की अगुवाई में बनारस से आए पंडित रंजन शुक्ला,पंडित सुभाष चौबे ने वैदिक रीति रिवाज और मंत्रोच्चार के बीच नंदी बाबा को बाबा भोलेनाथ के सामने निर्धारित स्थान पर विराजमान किया गया। स्थापना से पहले नंदी बाबा को पंचमुखी हनुमान मंदिर,बड़ा शिवालय, श्री लक्ष्मी नारायण मारवाड़ी ठाकुरबाड़ी,गोदना ठाकुरबाड़ी, और सांवलिया कुंज ठाकुरबाड़ी के अलावा नगर भ्रमण कराया गया I इस अवसर पर विभाष सिंह, शंभू सिंह, नवराज कुमार,अमित कुमार,प्रदीप नारायण सिंह, किशन शर्मा, विपुल सिंह,सुमन शर्मा,रीता देवी,उषा डेबी,ममता देवी,राधा देवी, अर्पणा देवी, सरिता देवी,नीलम देवी,अनिल बोथरा आदि उपस्थित थे।

### स्कूली बच्चों ने मनाई राष्ट्रीय आरी श्रमिक दिवस

**अररिया**। फारबिसगंज के तिरसकुंड पंचायत के प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में सोमवार को धूमधाम से राष्ट्रीय आरी श्रमिक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक कुमार राजीव रंजन ने कहा कि हर वर्ष 9 मार्च को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय आरी श्रमिक दिवस मनाया जाता है, जो भारतीय आरी कढ़ाई कारीगरों विशेषकर महिलाओं की कला, संस्कृति और आर्थिक योगदान को सम्मानित और सशक्त बनाता है। भारतीय आरी श्रमिक महासंघ द्वारा घोषित यह दिवस पिछले वर्ष बेंगलुरु में पहले अंतर्राष्ट्रीय आरी श्रमिक सम्मेलन के सम्मान में मनाया गया। इसका उद्देश्य आरी कारीगरों को पहचान देना, कौशल विकास को बढ़ावा देना और उनके पारंपरिक शिल्प को संरक्षित करना है।

# जमीन ब्रोकर की हत्या, बिक्री की जमीन देखने गए थे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



◆ बाइक रुकवाकर 3 अपराधियों ने मारी 4 गोली

**बेगूसराय**। बेगूसराय में सोमवार को बदमाशों ने जमीन ब्रोकर की गोली मारकर हत्या कर दी। वे अपनी बाइक से थे। बदमाशों ने उन्हें रोका और 4 गोलियां मार दी। आसपास के लोग जुटे और घायल को अस्पताल पहुंचाया, पर उनकी जान नहीं बची। मृतक डंडारी थाना क्षेत्र के मेहा गांव निवासी वरुण सिंह (52) है। जो नागदह-पचंबा मोहल्ले के बीच बिक्री वाली जमीन पर गए थे। वहीं से वे लौट रहे थे, वरुण गुमटी की ओर से आ रहे थे। गुमटी से 200 मीटर दक्षिण तीन मुहानी के पास पहुंचे थे, तभी उनपर हमला हो गया। घटना सिंधौल थाना क्षेत्र में रेलवे गुमटी नंबर-49 नागदह मोहल्ले की है।

**पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैः** वरुण कपसिया मोहल्ले में अलका सिनेमा हॉल के पीछे वार्ड नंबर-13 नाला रोड में करीब 25 साल से अपना मकान बनाकर रहते थे। मृतक पर जमीन कब्जा करने और हत्या की कोशिश के भी मामले दर्ज हैं। वरुण के 2 बेटे, जिसमें एक नोएडा में इंजीनियर है, जबकि दूसरा बेटा अपने पिता के साथ ही रहता था। घटना के बाद एसपी एवं डीएसपी मौके पर पहुंचे। मामले की जांच की जा रही है, पूरी घटना बगल में लगे एक सीसीटीवी में कैद हो गई है। जिसका सीडीआर पुलिस चेक कर रही है। उसके आधार पर बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटनास्थल के रूट में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे से भी की जांच कर बदमाशों के भागने के रूट का पता लगाया जा रहा है।

**अपराधियों की पहचान हो गई हैः** सदर-वन डीएसपी आनंद कुमार पांडेय ने बताया कि नागदह मोहल्ले में वरुण चौधरी नाम के जमीन ब्रोकर की अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी है। जमीन विवाद सहित सभी पहलुओं पर जांच, अनुसंधान और बदमाशों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने गोली मारी है। हत्या में शामिल अपराधियों की पहचान कर ली गई है।

**अनंत सिंह से कनेक्शनः** सूत्रों की मानें तो शहर के वेशकीमती तीन कट्ठा जमीन पर चार मंजिला घर बनाकर रह रहे वरुण का मोकामा के बाहुबली अनंत सिंह से भी करीबी संबंध हैं। वरुण ने जमीन ब्रोकिंग से अकूत संपत्ति अर्जित की है। शहर में मकान के अलावा अन्य जगहों पर उनकी जमीन है।

## मेयर के खिलाफ धरने पर पार्षद



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर नगर निगम में मेयर की कार्यशैली और भ्रष्टाचार को लेकर विवाद है। वार्ड संख्या-13 के पार्षद रंजीत मंडल ने पार्षदों के अधिकारों के हनन और नगर निगम में हो रही कथित मनमानी के विरोध में सोमवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है। वे नगर निगम परिसर में ही धरने पर बैठ गए हैं। पार्षद रंजीत मंडल का आरोप है कि नगर निगम में नियमों को दरकिनार कर कार्य कराए जा रहे हैं और निर्वाचित पार्षदों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में विकास योजनाओं और ठेकों के आवंटन में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

**पार्षद के अधिकारों की रक्षा की जाएः** मंडल ने आरोप लगाया कि नगर निगम में कई ठेके ऐसे लोगों को दिए जा रहे हैं, जिनकी पृष्ठभूमि संदिग्ध है। इससे न सिर्फ नगर निगम की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है, बल्कि भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पार्षदों को अपने-अपने वार्ड में विकास कार्य कराने के लिए कई बार प्रयास करना पड़ता है, लेकिन उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। पार्षद ने मांग की है कि नगर निगम प्रशासन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए और पार्षदों के अधिकारों की रक्षा करे। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस और संतोषजनक कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगा। धरना स्थल पर कुछ स्थानीय लोग और समर्थक भी मौजूद रहे, जिन्होंने पार्षद के आंदोलन का समर्थन किया।

## प्रसाद देने में देरी पर युवक का सिर फोड़ा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर के सबौर थाना क्षेत्र के बाबुपुर गांव में भागवत कथा के प्रसाद वितरण के दौरान विवाद हो गया। जिसमें एक युवक को लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल युवक की पहचान बाबुपुर निवासी प्रकाश मंडल के बेटे अजय कुमार मंडल के रूप में हुई है, जिसका सिर फट गया। घायल अजय कुमार मंडल ने बताया कि गांव में भागवत कथा के समापन पर प्रसाद वितरण किया जा रहा था। इस दौरान भारी भीड़ थी और प्रसाद देने में थोड़ी देरी हो गई। इसी बात को लेकर गांव के अंकित यादव और सौरभ यादव आक्रोशित हो गए और गाली-गलौज करने लगे। अजय ने जब इसका विरोध किया, तो अंकित और सौरभ ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर उस पर लाठी-डंडों और रॉड से हमला कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

**स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पतालः** घटना के बाद वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल अजय को तुरंत सबौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल, अजय का इलाज मायागंज अस्पताल में जारी है। इस घटना को लेकर सबौर थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है और प्राप्त आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छानबीन भी शुरू कर दी गई है।

# ड्राइवर एसोसिएशन का प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय**। बेगूसराय में ड्राइवर एसोसिएशन ऑफ बिहार ने हक और सुरक्षा को लेकर मोर्चा खोल दिया है। एसोसिएशन ने अपनी 15 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताली चौक पर धरना-प्रदर्शन किया। जिसमें बड़ी संख्या में ट्रक और बस ड्राइवर शामिल हुए। इसके बाद प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। मांग-पत्र में ड्राइवरों को सामाजिक सुरक्षा देने से लेकर उनकी मृत्यु पर मुआवजे और विशेष कानूनी संरक्षण की मांग की गई है। एसोसिएशन का कहना है कि सड़क पर दिन-रात सेवा देने वाले ड्राइवर देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन आज वे सबसे उपेक्षित वर्ग में से एक हैं। हमारी प्रमुख मांग है कि 20 लाख का बीमा और पेंशन योजना का लाभ मिले।

**हेल्थ कार्ड देने की मांगः** ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर ड्राइवर के परिवार को 20 लाख और दिव्यांगता होने पर 10 लाख की आर्थिक सहायता दी जाए। इसके साथ ही दुर्घटना के समय मुफ्त इलाज की पुख्ता व्यवस्था हो। 60 वर्ष की आयु के बाद पेंशन योजना लागू की जाए। इसके अलावा गरीब ड्राइवरों को आवास योजना के तहत 5 लाख की मदद दी जाए। बच्चों को उच्च शिक्षा में विशेष आरक्षण का लाभ मिले, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। ड्राइवरों को द्वितीय श्रेणी सैनिक की मान्यता दी जाए। क्योंकि कठिन परिस्थितियों में भी हमलोग सप्लाई चेन को बनाए रखते हैं। सड़क पर ड्राइवरों के साथ होने वाली मारपीट और दुर्व्यवहार को रोकने के लिए एक ठोस सुरक्षा कानून बनाया जाए। वाहनों के आगे-पीछे 6 कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। जिससे दुर्घटना की स्थिति में फुटेज के आधार पर निर्दोष ड्राइवर को सजा से बचाया जा सके। सभी ड्राइवर को आयुष्मान कार्ड की तर्ज पर हेल्थ कार्ड दिया जाए। ड्राइवरों ने लंबी दूरी की यात्रा के दौरान होने वाली समस्याओं का समाधान हो। नेशनल हाइवे पर हर पेट्रोल पंप पर ड्राइवरों के लिए विश्राम गृह, शौचालय और पार्किंग की अनिवार्य व्यवस्था की जाए।

**उग्र आंदोलन की चेतावनीः** इसके अलावा एसोसिएशन ने कहा कि हर सरकारी अस्पताल के ICU में एक बेड ड्राइवरों के लिए आरक्षित रखा जाए। पहचान और सम्मान के लिए 1 सितंबर को आधिकारिक तौर पर ड्राइवर दिवस घोषित किया जाए। इस दिन ड्राइवरों के लिए सार्वजनिक अवकाश सुनिश्चित हो। अगर हमारी 15 मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो आने वाले समय में ड्राइवर अपने अधिकारों के लिए बड़ा आंदोलन करने को विवश होंगे।

# छह माह से लापता युवक को सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात यादव ने परिवार से मिलाया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया**। फारबिसगंज में मानवता और इंसानियत की एक मिसाल उस समय देखने को मिली,जब सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात यादव की पहल से छह माह से लापता एक युवक अपने परिवार से मिल सका। जानकारी के अनुसार,जमुई जिले का निवासी विनोद तुड़ी पिछले छह महीने से घर से लापता था और उसका मानसिक स्वास्थ्य भी ठीक नहीं बताया जा रहा था। परिवार के लोग लंबे समय से उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। शनिवार की रात करीब 11 बजे फारबिसगंज के बथनाहा फोरलेन सड़क किनारे एक युवक को सोए हुए अवस्था में देखकर सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात यादव की नजर उस पर पड़ी। संदिग्ध स्थिति में सड़क किनारे सोए युवक को देखकर उन्होंने मानवीय संवेदना दिखाते हुए उससे बातचीत की और उसके बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम विनोद तुड़ी बताया और अपने घर का पता जमुई जिला बताया। युवक की मानसिक स्थिति को देखते हुए प्रभात यादव उसे अपने घर ले आए और उसे भोजन,रहने की व्यवस्था तथा जरूरी देखभाल उपलब्ध कराई। प्रभात यादव ने न केवल उसे सुरक्षित स्थान दिया बल्कि दो दिनों तक अपने घर पर रखकर उसकी सेवा भी की और उसके परिवार तक सूचना पहुंचाने का प्रयास किया। इसी दौरान उन्होंने जमुई जिले के लोगों से संपर्क साधा तथा सहरसा विधायक इंद्रजीत प्रसाद गुप्ता और जमुई के सामाजिक कार्यकर्ता अनुराग कुमार सिंह से संपर्क कर युवक के बारे में जानकारी साझा की। इसके बाद युवक के परिजन तक सूचना पहुंची। सूचना मिलने के बाद रविवार को युवक के पिता गुली तुडी फारबिसगंज पहुंचे और अपने बेटे को सकुशल देखकर भावुक हो उठे। प्रभात यादव ने पूरे सम्मान के साथ विनोद तुड़ी को उसके पिता के सुपुर्द कर विदाई दी। बेटे को वापस पाकर पिता ने प्रभात यादव का आभार जताते हुए कहा कि यदि समय पर मदद नहीं मिलती तो पता नहीं उनके बेटे का क्या होता। स्थानीय लोगों ने भी प्रभात यादव की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में जहां लोग अनजान व्यक्ति की मदद करने से कतराते हैं, वहीं प्रभात यादव ने मानवता का परिचय देते हुए एक परिवार को उसकी खोई हुई खुशी वापस दिलाने का काम किया है। प्रभात यादव ने कहा कि समाज में मानवता सबसे बड़ा धर्म है और यदि कोई व्यक्ति असहाय अवस्था में मिलता है तो उसकी मदद करना हर इंसान का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि अगर समाज के लोग मिलकर ऐसे लोगों की मदद करें तो कई परिवारों को उनकी खोई हुई खुशियां वापस मिल सकती हैं।

# राज्य स्तरीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप का समापन



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय के मंझौल शताब्दी मैदान में आयोजित 21वीं राज्य स्तरीय यूथ बालक-बालिका वॉलीबॉल डे-नाइट चैंपियनशिप का रविवार को समापन हो गया। बालिक वर्ग में बेगूसराय, जबकि बालक वर्ग में भागलपुर की टीम ने खिताब अपने नाम किया। तीन दिनों तक चले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में बिहार के अलग-अलग जिलों से आए बालक वर्ग के 26 और बालिका वर्ग के 10 टीमों ने भाग लिया। खेल प्रेमियों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। टूर्नामेंट के अंतिम दिन बिहार सरकार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव मंझौल पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले शहीद नित्यानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की, उसके बाद चैंपियनशिप के फाइनल में शामिल खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कभी अपने मन में हार नहीं माननी चाहिए। आज हार गए तो कल जीत मिलेगी।

**भागलपुर और बेगूसराय चैंपियनः** बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला भागलपुर और समस्तीपुर के बीच खेला गया। जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए भागलपुर की टीम चैंपियन बनी। वहीं, महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में बेगूसराय की टीम मोकामा क्लब को हराकर चैंपियन बनी। समापन समारोह में आजमगढ़ (यूपी) के डीएम और दो बार माउंट एवरेस्ट फतह कर चुके रविन्द्र कुमार, बेगूसराय के डीएम श्रीकांत शास्त्री, एसपी मनीष शामिल हुअे। अतिथियों ने दोनों विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही जयमंगला वॉलीबॉल के सीनियर खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

**खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने किया उद्घाटनः** प्रतियोगिता का उद्घाटन बिहार सरकार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने किया था। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और नई दिशा देता है। इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। टूर्नामेंट के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह शताब्दी मैदान पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि मंझौल की धरती खेल प्रतिभाओं के लिए जानी जाती रही है। इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिलता है। प्रतियोगिता के सफल संचालन में बिहार वॉलीबॉल संघ के सचिव रामाशीष प्रसाद सिंह, आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय राय, टेक्निकल कमेटी के संयोजक निखिल कुमार, वॉलीबॉल आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश राज एवं आयोजन सचिव दीवाकर भारती की महत्वपूर्ण और सक्रिय भूमिका रही।

# स्कूली बच्चों ने वर्ल्ड कप चैंपियन भारत को अनोखे अंदाज में दी बधाई, टी 20 का बनाया मानव श्रृंखला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया**। गुजरात के अहमदाबाद स्टेडियम में टी 20 वर्ल्ड कप क्रिकेट के फाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा न्यूज़ीलैंड को परास्त करने के बाद लगातार भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई मिल रही है और हरेक क्रिकेट प्रेमी जीत के जश्न में शामिल है।देर रात से ही विभिन्न चौक चौराहों पर क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर पटाखे फोड़े और आतिशबाजी की। क्रिकेट प्रेमियों के होली,दिवाली और ईद एक साथ मनाने का सिलसिला बदस्तूर जारी है।इसी क्रम में फारबिसगंज प्रखंड के तिरसकुंड पंचायत के प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा के स्कूली बच्चों ने सोमवार को अनोखे अंदाज में चैंपियन बने भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी।बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर टी 20 लिखकर विश्व विजेता भारतीय टीम को शुभकामनाएं दी। साथ ही स्कूली बच्चों ने भारत माता की जय,इंडिया जिंदाबाद आदि नारे लगाए।पूर्व स्कूल प्रधान कुमार राजीव रंजन के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम के विश्व विजेता बनने का जश्न मनाया गया। मौके पर स्कूल के प्रधान शिक्षक मिथिलेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम की मेहनत और जज्बे ने आज हर भारतीय का सिर ऊंचा कर दिया है। वहीं कवि सह शिक्षक संजीत कुमार निगम ने स्व रचित कविता गाकर भारतीय टीम को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शिक्षक रंजीत कुमार मंडल ने भारत की प्रचंड जीत पर अपने ओर से सभी विद्यालय परिवार को रसगुल्ला खिलाकर मुंह मिठा करवाया।पूर्व प्रधान शिक्षक कुमार राजीव रंजन ने बताया कि भारतीय क्रिकेट टीम तीन बार विश्व कप जीतने वाला पहला मुल्क है और न केवल भारतीय क्रिकेट टीम ने शानदार जीत दर्ज की,बल्कि जीत के साथ कई मिथक को भी तोड़ दिया।गुजरात के अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम भारत के लिए यादगार बन गया।

## संक्षिप्त समाचार

### भाईचारा के साथ गड़हनी में बना इफ्तार पार्टी

**गड़हनी**| उत्तर पट्टी मदरसा में 18 वा रमजान के मौके पर मदीना मस्जिद कमिटी उत्तर पट्टी गड़हनी के सौजन्य से इफ्तार पार्टी का आयोजन कराया गया है। इफ्तार पार्टी में नगर पंचायत सहित पूरे प्रखंड से सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि व सैकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित थे। इस आफ्टर पार्टी में हिंदू -मुस्लिम का आपसी भाईचारा भी दिखा। मौके पर भाकपा माले के पूर्व विधायक मनोज मंजिल, भाजपा नेता गुड्डु सिंह बबुआन, प्रखंड प्रमुख विनोद यादव, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि तस्लीम आरिफ उर्फ गुड्डु,उप मुख्य पार्षद सुनय कुमार परमार उर्फ बबलू सिंह, जदयू नेता अकबर अली,राजद नेता श्रीनिवास यादव,(सिक्रेटकरी) खालिद अख्तर , (सदर) सज्जाद हैदर,नेशरूल हक़ ,सैमुद्दीन, तफ़्सीर हैदर ,सूफी सुल्तान, समीरुद्दीन,शाहिद एजाज, सनीफ़ अहमद,अशरफ जमाल आदि थे।

### भोजपुरी कवियित्री गायत्री सहाय का निधन

**आरा**। आरा भोजपुरी और हिन्दी साहित्य की चर्चित कवयित्री गायत्री सहाय के निधन पर रविवार को शीतल टोला के जनहित परिवार के जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा हुआ। जनहित परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों, साहित्यकारों और स्थानीय गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा की अध्यक्षता डॉ. ममता मिश्र ने की। 27 अक्टूबर 1956 को रोहतास जिले के मसौना, मनीली में जन्मी गायत्री सहाय आरा के संकेतमोचन नगर स्थित गायत्री सदन में निवास कर रही थीं। वे अपने साहित्यकार पति जगतनंदन सहाय की प्रेरणा से जनहित परिवार साहित्य मंडल से जुड़ीं और साहित्य सृजन के क्षेत्र में सक्रिय रहीं। उनकी अनेक रचनाएं स्थानीय, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर की पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई हैं। वे चर्चित साहित्यिक पत्रिका सुजनलोक की पूर्व प्रबंध संपादक भी रह चुकी थीं। गायत्री सहाय की चर्चित कृतियों में वर्ष 2007 में प्रकाशित हिन्दी कविता संग्रह मीत तुम्हें मैं जान पाई, भोजपुरी गीतों का संग्रह गायत्री के गीत (2008), हिन्दी गजल संग्रह अंतरवेदना तथा वर्ष 2017 में प्रकाशित भोजपुरी कविता संग्रह संवेदना के स्वर प्रमुख हैं। वर्ष 2018 में जगतनंदन सहाय एवं गायत्री सहाय की एक सौ दो कविताएँ नामक संयुक्त संकलन में उनकी पचास कविताएं प्रकाशित हुईं। उनकी रचनाओं और गीतों का प्रसारण आकाशवाणी पटना सहित विभिन्न माध्यमों से भी हुआ। साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2007 में दलित साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा सम्मानित किया गया था। वहीं वर्ष 2018 में जनहित साहित्य अकादमी, आरा ने भी उन्हें सम्मान प्रदान किया था। श्रद्धांजलि सभा में ऑनलाइन और प्रत्यक्ष रूप से सैकड़ों साहित्यकारों और समाजसेवियों ने भाग लिया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में नंदकिशोर सिंह कमल, अशोक श्रीवास्तव, डॉ. किरण कुमारी, डॉ. रेणु मिश्रा, आदित्य प्रकाश, जयराम सिंह, अनिल कुमार पांडे, अजय गुप्ता अज्ञानी, कुंवर सिंह, शिव पुकार सिंह, शरद सिंह और सुरेश भोजपुरी सहित कई साहित्यकार शामिल थे। सभा के अंत में सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे गायत्री सहाय के आदर्शों और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए समाज और साहित्य की सेवा को आगे बढ़ाते रहेंगे।

### चरपोखरी प्रखंड में 10 हजार छात्र छात्राओं की बनी अपार आईडी

**आरा**। शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता और छात्रों के शैक्षणिक डेटा को सुरक्षित रखने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई अपार आईडी योजना वर्तमान में आधार कार्ड की विसंगतियों के कारण धीमी रफ्तार है। चरपोखरी प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में नामांकित करीब 25 से 30 फीसदी बच्चों का अपार कार्ड अब तक नहीं बन सका है। जिसका मुख्य कारण उनके आधार कार्ड में मौजूद त्रुटियां और जन्म प्रमाण-पत्र की अनुपलब्धता है। इस हालत में अभिभावकों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। कई अभिभावकों ने बताया, अपार आईडी बनाने के लिए आधार कार्ड का सही होना अनिवार्य है। आधार कार्ड में नाम की स्पेलिंग, जन्म-तिथि या पिता के नाम में हुई पुरानी गलतियों का खामियाजा अब अभिभावकों को भुगतना पड़ रहा है। आधार में किसी भी सुधार की प्रक्रिया काफी जटिल है। आधार केंद्र पर सुधार के लिए आवेदन करने के बाद भी डेटा अपडेट होने में एक से दो महीने का समय लग रहा है। ऐसी स्थिति में परिजनों के सामने असमंजस की स्थिति है कि वे इतना लंबा इंतजार करें या अपने बच्चों की अपार आईडी की योजना को ही त्याग दें। अभियान चलाकर शिक्षक ला रहे हैं जागरुकता चरपोखरी प्रखंड के आंकड़े पर नजर डालें। चरपोखरी प्रखंड में कुल नामांकित बच्चों में से केवल 10500 बच्चों के पास ही आधार लिंक उपलब्ध है। शिक्षा विभाग के प्रयासों से अब तक लगभग 9600 छात्र-छात्राओं की अपार आईडी बनाई जा चुकी है। चिंता वाली बात यह है कि करीब 5500 बच्चों का अब तक आधार ही नहीं जुड़ पाया है। जिसके कारण लगभग 7000 बच्चों की अपार आईडी पेंडिंग है। विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाकर शिक्षकों और अभिभावकों को प्रेरित किया जा रहा है। लेकिन तकनीकी बाधाओं के आगे सरकारी मशीनरी भी बेबस नजर आ रही है।

### डिजिटल क्रॉप सर्वे से जिले के सभी किसानों को योजनाओं का मिलेगा वास्तविक लाभ

**बक्सर**। जिले में रबी 2025-26 सीजन के तहत चल रहे सर्वेक्षण में अब तक 66.3 प्रतिशत प्लॉटों का सर्वे पूरा कर लिया गया है। 6 मार्च 2026 तक जारी प्रखंडवार सर्वेक्षण प्रगति रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल 398502 प्लॉटों का सर्वे पूरा कर लिया गया है। जिला कृषि कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल ग्यारह प्रखंडों में 601127 प्लॉट सर्वे के लिए आवंटित हैं। सर्वेक्षण के दौरान डिजिटल क्रॉप सर्वे ऐप के उपयोग, फसल क्षेत्र मापन, बोई गई फसलों की सही प्रविष्टि, जीपीएस आधारित लोकेशन टैगिंग तथा फोटो अपलोड किया जा रहा है। डीएओ धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि फसल बीमा, आपदा राहत, अनुदान एवं अन्य योजनाओं के लिए सही आंकड़े अत्यंत आवश्यक हैं, जिसे डिजिटल सर्वे के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है। डिजिटल क्रॉप सर्वे योजना के पूर्ण होने से किसानों की जमीन और फसलों से संबंधित वैज्ञानिक एवं प्रमाणिक डेटा उपलब्ध होगा। इससे न केवल जरूरतमंद किसानों को सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ मिलेगा, बल्कि फसलों की मार्केटिंग और भविष्य की कृषि रणनीति तैयार करने में भी सरकार को बड़ी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड उद्यान पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, एटीएम, बीटीएम और किसान सलाहकारों को सर्वे का कार्य तथा शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। जिला कृषि कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्रह्मपुर प्रखंड में सर्वे के लिए आवंटित प्लॉट के विरुद्ध 41% सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसी तरह से चक्की प्रखंड में 88.1%, चौगाई में 85.2%, डुमरांव में 53.9%, टेस्ट में 86.6%, नावानगर में 68.5% और सिमरी प्रखंड में 53.7 % प्लॉट का सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है।

### ऑटो चालक ने गढ़ी दवा लूट की झूठी कहानी

**बक्सर**। बक्सर जिले के नया भोजपुर थाना क्षेत्र में दवा लूट की एक झूठी घटना का पुलिस ने खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि लूट की पूरी कहानी ऑटो चालक ने खुद ही गढ़ी थी। पुलिस ने आरोपी चालक को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर एक पेटी दवा भी बरामद की है। जानकारी के अनुसार, 10 फरवरी की रात बक्सर के सियाराम कॉलोनी बस स्टैंड निवासी दवा व्यवसायी आशुतोष कुमार मिश्रा ने नया भोजपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि आरा से मंगवाई गई 53 कार्टून दवा लाने की जिम्मेदारी वार्ड संख्या 29 निवासी ऑटो चालक मनु कुमार गुप्ता को दी गई थी। चालक ने उन्हें फोन पर बताया कि प्रतापसागर पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार बदमाशों ने उसे रोककर तीन पेटी दवा लूट ली।

**तीन बदमाशों का किया जिक्र**: घटना की गंभीरता को देखते हुए नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने जांच शुरू की। शुरुआती पूछताछ में ही चालक के बयानों में विरोधाभास सामने आने लगा। उसने पहले दो, फिर तीन बदमाशों का जिक्र किया, जिससे पुलिस का संदेह गहरा गया।

# पूर्व सैनिकों की जमीन की मांग सदन में उठाई गई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बक्सर में इंडियन एक्स सर्विसमैन मूवमेंट (IESM) की मासिक बैठक शहर के बाईपास रोड स्थित सैनिक कार्यालय में आयोजित की गई। इसमें बक्सर सदर विधायक आनंद मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सूबेदार हरेंद्र तिवारी और डॉ. मेजर पी.के. पाण्डेय ने संयुक्त रूप से की, जबकि मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष सूबेदार विद्या सागर चौबे ने किया। बैठक में जिले के लगभग 200 पूर्व सैनिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में विधायक आनंद मिश्रा को अंगवस्त्र, मोमेंटो और फूल माला देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पूर्व सैनिकों की लंबे समय से लंबित 50 डिसमिल जमीन की मांग को विधानसभा में उठाने के लिए दिया गया। डॉ. मेजर पी.के. पाण्डेय ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व सैनिक लगभग 20 वर्षों से इस मांग के लिए प्रयासरत थे, लेकिन पहली बार किसी जनप्रतिनिधि ने इस मुद्दे को सदन में मजबूती से उठाया है। जिलाध्यक्ष सूबेदार हरेंद्र तिवारी ने विधायक द्वारा उठाए गए इस मुद्दे को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों की जमीन की मांग को लेकर कई वर्षों से प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन इसे विधानसभा में जिस स्पष्टता और मजबूती के साथ रखा गया, वह सराहनीय है। जिला उपाध्यक्ष सूबेदार विद्या सागर चौबे ने बताया कि सैनिक लंबे समय से अपनी मांग को विभिन्न स्तरों पर उठाते रहे हैं। विधायक आनंद मिश्रा ने इसे सदन में उठाकर एक प्रमाण के रूप में सामने रखा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ और इससे सैनिकों में उम्मीद जगी है।

**''जमीन पर लागू कराने का भी प्रयास करेंगे''**: बैठक को संबोधित करते हुए विधायक आनंद मिश्रा ने कहा कि उन्होंने सिर्फ सदन में मुद्दा उठाने तक खुद को सीमित नहीं रखा है, बल्कि इसे जमीन पर लागू कराने का भी प्रयास करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि सरकार की ओर से जमीन उपलब्ध नहीं कराई जाती है, तो वे स्वयं जमीन खरीदकर पूर्व सैनिकों को देने का प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने पूर्व सैनिकों से पांच और महत्वपूर्ण मांगों का प्रस्ताव देने को भी कहा, ताकि उन पर भी कार्रवाई की जा सके। बैठक के दौरान 20 पूर्व सैनिकों ने इंडियन एक्स सर्विसमैन मूवमेंट की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी सूबेदार सुदामा प्रसाद की ओर से सभी सैनिकों के लिए नाश्ते की व्यवस्था की गई। अंत में सभापति कैप्टन बी.एन. पाण्डेय ने बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

## पत्नी से झगड़े के बाद पति ने खाया जहर, मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में फोन पर पत्नी से झगड़े के बाद एक पति ने जहर खा लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सूर्य कुमार पासवान(42) के तौर पर हुई है। घटना सिकरहटा थाना क्षेत्र के कुरमुरी बाघा टोला की है। मृतक के जीजा अशोक पासवान ने बताया कि साले की पत्नी का किसी दूसरे लड़के से अफेयर है। उससे फोन पर बात करती थी। इस बात को लेकर एक माह पहले घर में झगड़ा हुआ था। जिसके बाद वो मायके चली गई थी। रविवार को सूर्य कुमार गांव में मजदूरी करने गया था। काम खत्म होने के बाद बाजार गया। वहां से जहर खरीदकर घर लौटा। बेटे ने जहर खाते देख लिया, एक गोली छीनकर फेंक दिया। इसके बाद उसने बेटे को वहां से भगा दिया। कुछ देर बाद तबीयत बिगड़ने लगी। इलाज के लिए पीएचसी लेकर गए, लेकिन जान नहीं बची।

**घर में मचा कोहराम**: बहनोई अशोक पासवान ने साफ तौर पर कहा कि पत्नी से झगड़े के बाद ही उसने जहर खाया है। पत्नी को लेकर काफी परेशान रहता था। दो बच्चे हैं, एक बेटा छोटू कुमार और बेटी भुअरी कुमारी है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है।

## आईटी एक्ट मामले में फरार युवक गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**आरा**। भोजपुर में सोशल मीडिया पर हुई पहचान एक युवक के लिए बड़ी मुसीबत बन गई। आईटी एक्ट के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी उदित नारायण केशरी को असम पुलिस की टीम ने संदेश थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। स्थानीय पुलिस के सहयोग से रामासाढ़ गांव में छापेमारी कर आरोपी को पकड़ा। अब ट्रांजिट रिमांड पर असम ले जाने की तैयारी है। उदित नारायण केशरी अनंत संस्कृत उच्च विद्यालय में क्लर्क के पद पर तैनात हैं। पुलिस के अनुसार असम में उसके खिलाफ आईटी एक्ट के तहत 13 जनवरी 2026 को मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद से ही वह फरार चल रहा था। तकनीकी अनुसंधान के आधार पर आरोपी की लोकेशन ट्रेस की गई। लोकेशन मिलने के बाद टीम भोजपुर पहुंची। स्थानीय पुलिस की मदद से रामासाढ़ गांव में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

**इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी जान-पहचान**: आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि साल 2024 के अगस्त महीने में उसकी पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से असम के किन्सुकिया माको निवासी रेशमी कानू से हुई थी। सोशल मीडिया पर बातचीत के दौरान दोनों के बीच धीरे-धीरे नजदीकियां बढ़ीं और उनके बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गया। कुछ समय बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी विवाद के बाद युवती ने आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करा दिया। मामला दर्ज होने के बाद असम पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

## आदर्श हत्याकांड में मुख्य आरोपी से पूछताछ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। भोजपुर जिले के चर्चित आदर्श हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल केटीएम बाइक को बरामद कर लिया है। यह बरामदगी मुख्य आरोपी नवनीत यादव उर्फ लोहा यादव की निशानदेही पर की गई है। पुलिस ने 48 घंटे के रिमांड पर लेकर आरोपी से पूछताछ की थी। हालांकि हथियार की बरामदगी अब तक नहीं हो सकी है। नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग वार्ड संख्या-12 में 28 फरवरी की देर शाम इंस्टाग्राम पर हुए गाली-गलौज के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। इसी विवाद में आदर्श कुमार को गोली मार दी गई थी। गंभीर रूप से घायल आदर्श को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**एक आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर**: मृतक की मां अनुराधा देवी के बयान पर नवादा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी में मौलाबाग निवासी नवनीत यादव उर्फ लोहा यादव, मंजीत यादव और अमरजीत यादव समेत कुल छह लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के कुछ ही घंटे के अंदर नामजद आरोपी मंजीत यादव को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी नवनीत यादव उर्फ लोहा यादव ने पुलिस दबाव के कारण दो मार्च को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था।

**पहले भी दोनों के बीच कहासुनी हुई थी**: नवादा थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर गाली-गलौज को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। घटना से कुछ दिन पहले भी एक समारोह में दोनों के बीच कहासुनी और झगड़ा हुआ था। पूछताछ के दौरान नवनीत यादव ने आदर्श कुमार की हत्या करने की बात स्वीकार की है।

## कम उम्र में समाजसेवा की मिसाल बने दीपू



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**| दीपू मिश्रा कम उम्र में ही समाजसेवा की मिसाल बनते जा रहे हैं। वह गजराजगंज थाना क्षेत्र के महुली बुजुर्ग गांव निवासी पूतुल मिश्रा के पुत्र हैं। दीपू मिश्रा प्रेरणा फाउंडेशन से जुड़कर लगातार समाजहित में कार्य कर रहे हैं। वह जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए हमेशा आगे रहते हैं। प्रतिदिन 2 से 4 जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग करते हैं। अब तक वे स्वयं 9 बार रक्तदान कर चुके हैं। अन्य युवाओं को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करते हैं। प्रेरणा फाउंडेशन के बैनर तले वे हर महीने रक्तदान शिविर का आयोजन कराते हैं, जिससे कई मरीजों को समय पर रक्त मिल पाता है। इसके अलावा उनके द्वारा वृक्षारोपण, जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण, नशा मुक्ति अभियान और जागरूकता शिविर जैसे कई सामाजिक कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं। उनकी सक्रियता और सेवा भावना से युवाओं में भी समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कम उम्र में दीपू मिश्रा का यह प्रयास समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है।

# जरूरतमंदों को मिला प्रसाद रूपी भोजन, 17 को विशाल भंडारा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। नगर में सेवा और सहयोग की मिसाल बन चुके भागीरथी सहयोग सेवा संस्थान द्वारा संचालित भोजन बैंक ने रविवार को अपने 48वें सप्ताह में जरूरतमंदों और गरीबों को प्रसाद रूपी निशुल्क भोजन कराया। कार्यक्रम में समाज के कई लोगों ने भागीदारी निभाई और संस्थान के इस प्रयास को सराहनीय बताते हुए आम जनमानस से भी इस तरह की सेवा में सहयोग करने की अपील की। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन राजू कुशवाहा (बीडीसी प्रतिनिधि, कमरपुर) और आदित्य विद्यार्थी (महाभारत क्लासेज) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को भोजन कराया गया। इस मौके पर उपस्थित राहुल वर्मा (आरआर ओग्रीमेंट), प्रभात शर्मा और शिक्षक बालाजी ने कहा कि भागीरथी सहयोग सेवा संस्थान जिस तरह से लगातार गरीबों की सेवा कर रहा है, वह समाज के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और जरूरतमंदों को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना जाता है। संस्थान की ओर से रंजीत वर्मा और प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि महावीर पूजा के अवसर पर 17 मार्च 2026 को विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यह भंडारा दोपहर 3 बजे से वार्ड नंबर 20, गजाधरगंज मोड़, स्टेशन रोड बक्सर में आयोजित होगा। उन्होंने शहरवासियों से इस आयोजन में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में कई समाजसेवियों ने आर्थिक सहयोग भी दिया। इनमें संजय सोनी, राहुल वर्मा (आरआर ओग्रीमेंट), शिवानंद उपाध्याय (उपाध्यापुर), अशोक कुमार वर्मा और रामेश्वर प्रसाद सिंह शामिल हैं। संस्थान की टीम ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मनोज वर्मा, मदन मोहन वर्मा, मनोज गुप्ता, शिवम राय सहित अन्य मित्रगण और अभिभावकगण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ता राजेश कुमार यादव और प्रभात शर्मा ने भोजन बैंक को लगातार संचालित रखने के लिए आर्थिक सहयोग देने वाले सभी लोगों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं भुआली वर्मा और हाफी इमरान शामशी ने भोजन बैंक की टीम के साथ मिलकर पूर्व की भांति इस बार भी गौ ग्रास देकर गौ माता की सेवा की। भागीरथी सहयोग सेवा संस्थान के सचिव राजीव कुमार और भोजन बैंक मार्गदर्शन टीम के गुप्तेश्वर पटेल ने बताया कि आने वाले रविवार 15 मार्च 2026 को पुनः सुबह 9 बजे बक्सर रेलवे स्टेशन परिसर में भोजन बैंक का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कार्यक्रम में पहुंचकर जरूरतमंदों को भोजन कराकर पुण्य के भागी बनें और इस सेवा कार्य को सफल बनाने में अपना सहयोग दें।

## पांच वर्षीय आबिदा और छह वर्षीय महताब रख रहे रोजा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कोईलवर**। रहमत और बरकत के पवित्र महीने रमजान में जहां बड़े-बुजुर्ग अल्लाह की इबादत में रोजा रखकर दिन गुजार रहे हैं, वहीं छोटे-छोटे मासूम बच्चे भी अपने बड़ों की राह पर चलकर इबादत की मिसाल पेश कर रहे हैं। कोईलवर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 6 के दो नन्हें भाई-बहन इन दिनों अपने रोजे को लेकर इलाके में चर्चा का विषय बने हुए हैं। वार्ड नंबर 6 निवासी मो. आफताब के छह वर्षीय बेटे मुबसिर आलम और पांच वर्षीय बेटी आबिदा साइन कम उम्र के बावजूद पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ रोजा रख रहे हैं। उनकी मासूम इबादत और अल्लाह के प्रति गहरा लगाव लोगों को भावुक कर रहा है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि दोनों बच्चे रोजाना सुबह जल्दी उठकर घर के बड़ों के साथ सेहरी करते हैं और पूरे दिन रोजा रखते हैं। शाम होते ही बड़े ही उत्साह के साथ इफ्तार करते हैं। इसके साथ ही तरावीह की नमाज में भी शामिल होने की कोशिश करते हैं। इतनी कम उम्र में उनकी यह लगन और उत्साह देखने लायक होता है। बच्चों के दादा वजीर आलम ने बताया कि रमजान शुरू होने से पहले से ही दोनों बच्चे रोजा रखने की जिद करते थे। शुरू में परिवार वालों ने उनकी कम उम्र को देखते हुए इसे टाल दिया, लेकिन रमजान शुरू होते ही बच्चों की जिद और इबादत के प्रति उनका लगाव देखकर आखिरकार उन्हें रोजा रखने की अनुमति दे दी गई। अब तक छह वर्षीय मुबसिर पांच रोजे और पांच वर्षीय आबिदा चार रोजे पूरे कर चुकी हैं। दोनों नन्हें रोजदारों की लगन और मासूम इबादत की चर्चा आसपास के लोगों के बीच भी हो रही है।

## पिता-पुत्र समेत 3 लोगों की पिटाई

**आरा**। भोजपुर के जमीरा गांव में जमीन पर मिट्टी भरने को लेकर हुए विवाद ने रविवार को हिंसक रूप ले लिया। पड़ोसियों के बीच हुए झगड़े में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी गई, जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका उपचार कराया गया। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। घायलों में अशोक कुमार(42), पुत्र अंकित कुमार(20) और भतीजा चंदन कुमार(28) शामिल हैं। पीड़ित अशोक कुमार ने बताया कि गांव में मेरी जमीन है, जिससे होकर पड़ोस के कुछ लोगों का आने-जाने का रास्ता भी बना हुआ है। पड़ोसी उस जमीन पर मिट्टी भरवा रहे थे। मैंने विरोध करते हुए जमीन पर मिट्टी भरने से मना किया, तो इस बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया।

## जिला बंदोबस्त कार्यालय में अतिक्रमण, अधिकारी बेफिक्र

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**| शहर में सड़क, बिजली के खंभों सरकारी कार्यालय की दीवारों पर अतिक्रमण है। जिसे हटाने में प्रशासनिक तंत्र विफल हो रहा है। हाल यह की अतिक्रमणकारियों सरकारी कार्यालय के अंदर भी अवैध कब्जा कर चुके हैं। वह भी एक-दो महीना नहीं कई वर्ष से। इसके बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारी अतिक्रमण नहीं हटा रहे हैं। ऐसा एक मामला समाहरणालय के निकट जिला बंदोबस्त कार्यालय का है। इस कार्यालय के दरवाजा और बरामदे पर अतिक्रमण है। लेकिन विभाग इन अतिक्रमणकारियों को कभी नहीं हटाता है। इससे सरकारी तंत्र और जिला बंदोबस्त कार्यालय की छवि खराब हो रही है। जिला बंदोबस्त कार्यालय के पूरे बरामदा पर गैरकानूनी तरीके से कई सालों से अतिक्रमण कर अपना डेरा बसेरा बनाकर रहा जा रहा है। लगता है, यह सरकारी कार्यालय नहीं, रैन बसेरा है। सुबह हो, दोपहर हो या रात, हर वक्त रैन-बसेरा में नजर आता है। इन लोगों के कारण आसपास गंदगी फैली रहती है। जिसके कारण बगल में अवस्थित लोकनायक मुक्त कला मंच का चारदिवारी के अंदर भी गंदगी का अखाड़ा जमा हो चुका है। इस कार्यालय के बगल में निर्वाचन वाहन कंट्रोल रूम की भी कार्यालय है। लेकिन जिला बंदोबस्त कार्यालय के अंदर से अतिक्रमण हटाने की चिंता किसी अधिकारी को नहीं रहती है। नगर निगम कार्यालय भी इस पर ध्यान नहीं देता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पटना हाईकोर्ट में वकील दंपति को दी गई श्रद्धांजलि



**पटना।** पटना हाई कोर्ट के सीनियर लॉयर अजय ठाकुर के बेटे ऋतिक ठाकुर, वैष्णवी सिंह और अवध बिहारी ओझा को पटना हाई कोर्ट में श्रद्धांजलि दी गई। ऋतिक और वैष्णवी को याद करते हुए सीनियर और जूनियर लॉयर भावुक हो गए। पटना हाई कोर्ट और सिविल कोर्ट के लॉयर ने श्रद्धांजलि देने के साथ आज खुद को न्यायिक कार्यों से दूर कर लिया है। वकील कोर्ट आ रहे हैं, लेकिन न्यायिक कार्यों में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। सीनियर अधिवक्ता अरविंद कुमार ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि, 'ऋत्विक और बहु वैष्णवी दोनों पटना उच्च न्यायालय में उभरते हुए अधिवक्ता थे। सिलीगुड़ी से अपनी गाड़ी से छुट्टियां मना कर पटना लौट रहे थे। इस दौरान सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उच्च स्तर की मेधा को तराशना कितना कठिन होता है। वैष्णवी का तो आर्गुमेंट,कॉन्फिडेंस और टैलेंट देखकर लगता था कि आने वाला समय में वो देश की नामचीन वकीलों में एक होगी। लेकिन भगवान ने क्या कर दिया। उन्होंने बताया कि, 'कल सारा दिन परिजनों के साथ रहा। उन्हें सांत्वना देता रहा और रामनामी-फूलों से लिपटी दोनों के पार्थिव शरीर देख कर कुछ समझ नहीं पा रहा था। आज बहुत ही दुखी मन से श्रद्धांजलि दे रहा हूं।' वैष्णवी सिंह की दोस्त नाजिया सबा ने याद करते हुए कहा कि, मृत्यु संपूर्ण अधिवक्ता समाज और हाई कोर्ट के लिए दुख और क्षति का विषय है। पटना हाई कोर्ट ने एक प्रतिभावान, मेहनती, अधिवक्ता वैष्णवी सिंह को खो दिया। उनके साथ काम करने के बाद मैंने उन्हें करीब से जाना। काफी सिंपल, वकालत के प्रति जुनून उनके अंदर भरा हुआ था। उन्होंने बताया कि, वैष्णवी ने लाइम लाइट से काफी दूर रहकर सिर्फ अपने काम पर फोकस किया। अपने ससुर अजय कुमार ठाकुर सर के लिए वो एक बैकबोन थी। एक प्रसिद्ध अधिवक्ता की बहू होते हुए भी उन्हें कभी वकालत को हल्के में नहीं लिया। उनके हर कदम पर उनके लिए पिलर की तरह खड़ी रही। ऋतिक के परिजन अमित ने दुख जताते हुए कहा कि, 'बिहार के जाने माने उद्योगपति कंचन जी की भांजी और बिहार के प्रसिद्ध ट्रांसपोर्टर के मालिक रानू जी की बेटी वैष्णवी और उनके पति ऋतिक की सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन का दुःखद समाचार मिला। दिवंगत आत्माओं को ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दें, साथ ही इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। वे दोनों पटना उच्च न्यायालय के सीनियर अधिवक्ता अजय कुमार ठाकुर जी के बेटे एवं बहु थे।' ठाकुर परिवार मधुबनी के हरलाखी से ताल्लुक रखता है। अजय ठाकुर पूर्व में हरलाखी विधानसभा सीट से चुनाव लड़े थे, लेकिन शिकस्त मिली। अजय ठाकुर के पिता स्वर्गीय रामनरेश ठाकुर पटना हाई कोर्ट के जज थे। फिलहाल, पूरा परिवार पटना की भूतनाथ रोड में पानी टंकी के पास रहता है।

### टी-20 वर्ल्डकपः ईशान के गले लगकर गर्लफ्रेंड ने दी बधाई, क्रिकेटर ने अपनी जीत पर बहन को किया याद



**पटना।** भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार टी–20 वर्ल्डकप जीता है। इस जीत के साथ बिहार की राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में जमकर आतिशबाजी की गई। पटना की सड़कों पर उतरकर लोगों ने जमकर पटाखे फोड़े। ट्रक के हॉर्न पर खड़े होकर जीत का जश्न मनाया। आकाश पटाखों की आवाज से गूंज उठा। रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग का फैसला लिया था। पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने टी–20 वर्ल्डकप फाइनल में रिकॉर्ड 255 रन बनाए। बिहार के ईशान किशन 24 बॉल पर 54 रन बनाकर पेवेलियन लौट गए। ईशान ने 4 चौके और 4 छक्के लगाए। 16वें ओवर की पांचवीं बॉल पर ईशान किशन आउट हो गए। टीम इंडिया की जीत के बाद ईशान और उनकी गर्लफ्रेंड अदिति हुंडिया की तस्वीर सामने आई है। इसमें वो ईशान को निहारती दिख रही हैं। फाइनल से एक दिन पहले ईशान किशन की चचेरी बहन और जीजा की सड़क हादसे में मौत हो गई। इस सदमे के बावजूद ईशान ने बेहतर प्रदर्शन किया और 24 बॉल पर 54 रन बनाए। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद ईशान ने कहा, 'फाइनल से ठीक पहले एक कार दुर्घटना में मैंने अपनी चचेरी बहन को खो दिया। वो चाहती थी मैं बड़े स्कोर बनाऊं। मैं उनके लिए खेला। मैं यह जीत उन्हें समर्पित करता हूं।' बता दें शनिवार को ईशान की चचेरी बहन और जीजा शादी में शामिल होने के लिए जा रहे थे तभी सिलीगुड़ी में सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। दोनों की मौत हो गई, लेकिन दो बच्चे बच गए। इनमें से एक केवल छह महीने का है और दूसरे की उम्र 3 साल है। भतीजी और दामाद की मौत के कारण ईशान के पिता प्रणव पांडे फाइनल देखने अहमदाबाद नहीं पहुंच पाए।

### पटना में बन रहा बिहार का दूसरा अंतरराष्ट्रीय हॉकी ग्राउंड

**पटना।** पटना के पहले अंतरराष्ट्रीय हॉकी ग्राउंड का निर्माण अंतिम चरण में है। इसमें नीदरलैंड से मंगाई गई पॉलीटेन ब्लू एस्ट्रोटर्फ लगाई जाएगी। पॉलीटेन ब्लू एस्ट्रोटर्फ अंतरराष्ट्रीय स्तर की सबसे लेटेस्ट टर्फ है। राजगीर के बाद अब राजधानी के हॉकी ग्राउंड में भी एस्ट्रोटर्फ लगाया जाएगा। इस पूरे ग्राउंड को 8.44 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है। यह बिहार का दूसरा इंटरनेशनल स्टैंडर्ड का हॉकी मैदान होगा। इसका काम मार्च अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बुडको द्वारा इस अंतरराष्ट्रीय हॉकी ग्राउंड का निर्माण किया जा रहा है। इसका निर्माण राजेंद्र नगर फिजिकल कॉलेज की खाली जमीन पर हो रहा है। यह ग्राउंड 99 मीटर लंबी और 60 मीटर चौड़ी है। अभी स्प्रिंकलर सिस्टम लगना बाकी है। इसमें फ्लडलाइट्स, खिलाड़ियों के लिए छात्रावास, चेंजिंग रूम, वार्म-अप क्षेत्र, और दर्शकों के बैठने के लिए स्टैंड होंगे। इसके बनने से खिलाड़ियों का नियमित अभ्यास शुरू हो सकेगा। हालांकि, अभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के आयोजन में एक साल से अधिक का समय लग सकता है। इस ग्राउंड तक पहुंचने के लिए फिलहाल सीधी सड़क नहीं है। जिस जमीन पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी ग्राउंड बवननाया जा रहा है, पहले दलदली जमीन हुआ करती थी। यह लगभग 2 मीटर तक पानी में डूबा दलदली एरिया हुआ करता था। चारों ओर से लगातार पानी रिसाव, 3 मीटर तक ऊंची घास और दलदल की कई परतों के कारण यह मैदान वर्षों तक किसी भी खेल गतिविधि के लायक नहीं था। मैदान को खेलने योग्य बनाने के लिए हजारों ट्रॉली विशेष मिट्टी मंगाई गई है। दलदली पॉकेट्स को हटाने के लिए मशीनों से खुदाई कर रबल भरकर मैदान को स्थिर किया गया है।

### 'पार्टी के सक्रिय सदस्य के रूप में भूमिका निभाएंगे निशांत'

**हाजीपुर।** जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने घोषणा की है कि निशांत कुमार ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। यह घोषणा वैशाली के हाजीपुर में की गई। कुशवाहा ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं की मांग थी कि निशांत पार्टी में शामिल होकर सक्रिय भूमिका निभाएं और उसे मजबूत करें। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की अटकलों के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच मतभेद की खबरें सामने आई थीं। इस दौरान पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ की घटना भी हुई थी। कई नेताओं ने निशांत कुमार से पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाने की मांग की थी। लंबे समय के बाद अब निशांत कुमार ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। कुशवाहा ने आगे कहा कि निशांत कुमार ने लाखों कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात कर उनसे बातचीत की है। अब वे पार्टी के सक्रिय सदस्य के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे, कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें करेंगे और उनसे सीधा संवाद स्थापित करेंगे। कुशवाहा ने पटना में पार्टी कार्यालय में हुई तोड़फोड़ और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा भेजने की अटकलों को लेकर कार्यकर्ताओं में नाराजगी की खबरों को खारिज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता नाराज नहीं है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा दो दिवसीय महनार महोत्सव में शामिल होने के लिए अपने निर्वाचन क्षेत्र पहुंचे थे, जहां उन्होंने यह बयान दिया।

# जलवायु अनुकूल बकरीपालन पर कार्यशाला आयोजित, किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना के एक निजी होटल में सोमवार को "जलवायु अनुकूल बकरीपालन एवं प्रबंधन" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण आजीविका को मजबूत बनाना और किसानों तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, पशुपालक और पशुपालन क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हुए। इस दौरान बकरी पालन को आधुनिक और वैज्ञानिक तरीकों से अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यशाला के वक्ताओं ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज वैश्विक स्तर पर एक बड़ी चुनौती बन चुका है। बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा, बाढ़ और सूखे जैसी परिस्थितियों का सीधा असर कृषि और पशुपालन पर पड़ रहा है। ऐसे समय में जलवायु के अनुकूल बकरी पालन और बेहतर प्रबंधन तकनीकों को अपनाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। विशेषज्ञों ने बताया कि बिहार जैसे कृषि प्रधान राज्य में, जहाँ बड़ी आबादी कृषि और पशुपालन पर निर्भर है, बकरी पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। छोटे और सीमांत किसान, भूमिहीन परिवार तथा महिलाएँ बड़ी संख्या में इस व्यवसाय से जुड़ रही हैं। बकरी पालन को अक्सर गरीब परिवारों का एटीएम कहा जाता है, क्योंकि आवश्यकता पड़ने पर किसान आसानी से बकरी बेचकर तुरंत आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। देश में बकरियों की कुल संख्या लगभग 12 करोड़ है, जो विश्व की कुल बकरियों का लगभग 20 प्रतिशत है। बिहार में बकरियों की संख्या करीब 1.28 करोड़ है, जिससे यह राज्य संख्या के आधार पर देश में चौथे स्थान पर है। इस कारण राज्य में बकरी पालन स्वरोजगार का एक




महत्वपूर्ण साधन बनता जा रहा है।

**सरकार दे रही अनुदानः** बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा समेकित बकरी एवं भेड़ विकास कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षमता के बकरी फार्म स्थापित करने पर 50 से 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत 20 बकरी + 1 बकरा, 40 बकरी + 2 बकरा, 100 बकरी + 5 बकरा तथा 500 बकरी + 25 बकरा क्षमता के फार्म स्थापित किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2025-26 तक राज्य में 3639 परिवारों को विभिन्न क्षमता के बकरी फार्म स्थापित करने में सहायता प्रदान की जा चुकी है।

**बीपीएल परिवारों को बकरियों का वितरणः** गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों को तीन प्रजनन योग्य बकरियों का वितरण भी अनुदानित दर पर किया जा रहा है। इस योजना में सामान्य वर्ग को 80 प्रतिशत और अनुसूचित जाति एवं जनजाति के परिवारों को 90 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। अब तक 34,218 परिवारों के बीच कुल 1,02,654 बकरियों का वितरण किया जा चुका है, जिससे उनकी आय में वृद्धि के साथ-साथ मांस की उपलब्धता भी बढ़ी है। बिहार में वर्ष 2004-05 में जहाँ 176 हजार टन मांस का उत्पादन होता था, वहीं वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 404.30 हजार टन हो गया है। इसके साथ ही राज्य में प्रति व्यक्ति मांस की उपलब्धता बढ़कर 3.19 किलोग्राम हो चुकी है। बकरियों की नस्ल सुधार और उत्पादन बढ़ाने के लिए राज्य में गोट सिमेन बैंक की स्थापना की योजना को भी मंजूरी दी गई है। इसके माध्यम से बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा मिलेगा, जिससे नस्ल सुधार, मेमनों की मृत्यु दर में कमी और उत्पादन में वृद्धि होगी। कार्यशाला में किसानों से अपील की गई कि वे बकरी पालन को केवल पारंपरिक तरीके से नहीं बल्कि वैज्ञानिक और आधुनिक तकनीकों के साथ अपनाएँ। सही प्रबंधन, बेहतर नस्ल और संतुलित पोषण के माध्यम से बकरी पालन ग्रामीण आजीविका का मजबूत स्तंभ बन सकता है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में बकरी पालन को एक सशक्त ग्रामीण उद्योग के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिए किसानों को प्रशिक्षण देने, आधुनिक बकरी फार्म स्थापित करने, पशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देने तथा बकरी उत्पादों के लिए बेहतर बाजार और उचित मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में डेयरी, मत्स्य एवं पशुपालन संसाधन विभाग के मंत्री सुरेंद्र मेहता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक तथा विभाग के सहायक निदेशक राकेश बिहारी अंबस्ता सहित कई अधिकारी और विशेषज्ञ मौजूद थे।

# मुर्गे को लेकर दुकानदार और डीलर में विवाद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना के चित्रगुप्त नगर इलाके के राजेंद्र नगर हरियाली सब्जी मंडी के पास सोमवार को बर्ड फ्लू से ग्रसित मुर्गे की आशंका में दुकानदार और डीलर के बीच विवाद हो गया। दुकानदार मोहम्मद अरमान का आरोप है कि सुबह के वक्त डीलर ने मुर्गे लाकर दिए थे। देने के महज आधे घंटे के भीतर एक एक कर के मुर्गे मरने लगे। जिस वक्त डीलर ने मुर्गी दिए थे, उसे वक्त दुकान पर मेरे कर्मी मौजूद थे। कर्मियों ने मुझे फोन करके इसके बारे में बताया। मैं दुकान पर पहुंचा और देखा तो मुर्गे मर रहे थे। फिर इसके बाद मैं डीलर को कॉल किया।

डीलर से मैंने बोला कि बर्ड फ्लू वाले मुर्गे हमें नहीं चाहिए। आपने जो मुर्गे दिए हैं, सभी बर्ड फ्लू से ग्रसित हैं। इस बात से डीलर नाराज हो गया। दो बाइक से चार-पांच की संख्या में डीलर और उसके जाने वाले मेरी दुकान पर आए और मेरे पॉकेट से जबरन 5700 लेकर चले गए। मैं इस बात का विरोध



**डीलर पर चाकू मारने और पैसे लूटने का आरोप, कहा- बर्ड फ्लू वाले मुर्गे दे दिए**

किया तो मेरे साथ मारपीट की गई। सिर पर चाकू जैसे नुकीले आर्बिट्स से हमले कर दिए। जिसमें मेरा सिर फट गया। दुकान पर हो हल्ला सुनकर आसपास के दुकानदार आने लगे तो सभी भाग गए।

# कर्नल (डॉ.) राजेश कुमार का उल्लेखनीय योगदान, सेना और समाज सेवा में निभाई अहम भूमिका

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटनाः** पटना के राजेंद्र नगर निवासी तथा बक्सर जिले के कुरंथ गांव के मूल निवासी कर्नल (डॉ.) राजेश कुमार ने भारतीय सेना और समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने साहित्य लेखन के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाई है। वर्ष 1994 और 2001 में उन्होंने लगातार दो बार एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया। भारतीय सेना में वे सीनियर अधिकारी के रूप में लंबे समय तक देश की सेवा करते रहे और सेवानिवृत्ति के बाद भी विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे।

सेना में सेवा के साथ-साथ कर्नल (डॉ.) राजेश कुमार ने शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की और चार पुस्तकों का लेखन भी किया। इसके अलावा उन्होंने कई विश्वविद्यालयों में महत्वपूर्ण शैक्षणिक और प्रशासनिक






पदों पर भी कार्य किया।

सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक्स-सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) के तहत बिहार में दानापुर स्थित ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में ऑफिसर-इन-चार्ज के रूप में लगभग पांच महीनों तक अपनी सेवाएं दीं।

अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रशासनिक और संचालन संबंधी प्रक्रियाओं को व्यवस्थित कर पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ाने का कार्य किया। उनके नेतृत्व में सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। नोडल मैन मिलिट्री पॉलीक्लिनिक के रूप में दानापुर स्थित ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक लगभग 79,400 प्राथमिक लाभार्थियों और उनके आश्रितों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। इसके अलावा बिहार के चार लाख से अधिक पूर्व सैनिक और उनके परिवारों की चिकित्सा सुविधाओं के समन्वय का दायित्व भी इसी केंद्र पर है। कर्नल (डॉ.) राजेश कुमार अब इस पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन में सक्रिय भूमिका निभाने की तैयारी कर रहे हैं। वे आगे पश्चिम बंगाल में सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों से जुड़ने की योजना बना रहे हैं। इस अवसर पर ईसीएचएस संगठन तथा बिहार के पूर्व सैनिक संगठनों के अधिकारियों और साथियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

# मोकामा थाना पुलिस ने 390 किलो गांजा बरामद किया, 3 तस्कर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना जिले के मोकामा थाना पुलिस ने सोमवार को मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 390 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। मोकामा थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया कि पुलिस को क्षेत्र में मादक पदार्थों की एक बड़ी खेप आने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी की और तलाशी अभियान चलाया।

**तस्करों से पूछताछ जारीः** तलाशी के दौरान पुलिस ने मौके से 390 किलोग्राम गांजा बरामद किया। बरामद किए गए गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपए आंकी जा रही है। थाना प्रभारी ने पुष्टि की है कि इस अवैध कारोबार में संलिप्त तीन लोगों को गिरफ्तार

**पुलिस को बड़ी खेप आने की सूचना मिली थी**



किया गया है। पुलिस फिलहाल इन तस्करों से पूछताछ कर रही है ताकि गांजे की यह खेप कहाँ से लाई गई थी और इसे कहाँ पहुँचाया जाना था, इसका पता लगाया जा सके।

**मुख्य सरगना की तलाश में जुटीः** पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों और मुख्य सरगना की तलाश में जुट गई है। इस पूरे मामले को लेकर प्राथमिकी (FIR) दर्ज कर ली गई है। बरामदगी की गंभीरता को देखते हुए, पटना ग्रामीण एसपी (SP Rural) द्वारा एक आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस ऑपरेशन का विस्तृत विवरण और तस्करों के नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा।

# प्रिंस राज बने राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (RLJP) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को पटना स्थित प्रदेश कार्यालय, विधायक कॉलोनी कौटिल्य नगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व सांसद प्रिंस राज पासवान को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। इस फैसले की घोषणा खुद पशुपति पारस ने की। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी नेताओं और सदस्यों की सहमति से प्रिंस राज को यह जिम्मेदारी दी गई है।

**दो महीने बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकते प्रिंसः** पारस ने बताया कि अभी प्रिंस राज को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। करीब दो महीने बाद उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब पार्टी से जुड़े



सभी संगठनात्मक फैसले, बिहार का दौरा, बैठकों का आयोजन और पार्टी को आगे बढ़ाने की रणनीति तय करने की जिम्मेदारी प्रिंस राज पासवान की होगी। पशुपति पारस ने भरोसा जताते हुए कहा कि प्रिंस राज के नेतृत्व में पार्टी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जब भी पार्टी लोकसभा और राज्यसभा चुनाव लड़ेगी, तब बेहतर प्रदर्शन करेगी और अच्छा स्कोर करेगी।

**पारस बोले- मेरी राय मुख्यमंत्री बनें नीतीश के बेटेः** वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की एंट्री को लेकर भी पशुपति पारस ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राजनीति में आने वाले सभी युवाओं का स्वागत है। निशांत कुमार भी अगर राजनीति में आ रहे हैं तो यह अच्छी बात है। निशांत कुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग पर पारस ने कहा कि यह फैसला विधायक दल की बैठक में तय होगा। हालांकि उन्होंने अपनी राय रखते हुए कहा कि उनके अनुसार निशांत कुमार को मुख्यमंत्री बनना चाहिए।

# नीतीश के राज्यसभा जाने के फैसले पर कांग्रेस का हमला राजेश राम बोले- 'डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया'

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाने के फैसले को लेकर बिहार कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी और जदयू पर तीखा हमला बोला है। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने इस पूरे घटनाक्रम को पहले से तय बताया और कहा कि कांग्रेस को इस फैसले से कोई आश्चर्य नहीं हुआ है। राजेश राम ने कहा कि होली की अंगड़ाई टूटने से पहले ही बिहार की राजनीति में हलचल तेज हो गई थी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का अचानक राज्यसभा जाने का फैसला कांग्रेस के लिए चौंकाने वाला नहीं है, क्योंकि पार्टी पहले ही इस तरह की स्थिति की आशंका जता चुकी थी। उन्होंने कहा, "हमें पहले से ही अंदेशा था कि ऐसा होगा। हमारी भविष्यवाणी पर अब मुहर लग गई है। नीतीश कुमार को डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया है। राजेश राम ने आगे दावा करते हुए कहा कि आने वाले समय में आंध्र प्रदेश के नेता एन. चंद्रबाबू नायडू के साथ भी इसी तरह की स्थिति बन सकती है।

राजेश राम ने कहा कि जब राहुल गांधी ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा निकाली थी, उसी समय कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया था कि अगर बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार बनती है तो वह वोट चोरी के आधार पर बनेगी। उन्होंने कहा कि



14 नवंबर को आए चुनाव परिणाम भी कांग्रेस के लिए आश्चर्यजनक नहीं थे और अब नीतीश कुमार से जुड़ा यह घटनाक्रम भी उसी राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस हमेशा सामने से लड़ाई लड़ती है, जबकि भारतीय जनता पार्टी दोस्ती करके पीछे से वार करती है। उनके अनुसार भाजपा और जदयू का गठबंधन स्वाभाविक नहीं बल्कि "अननेचुरल गठबंधन" है।

उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर ऐसी कौन-सी परिस्थिति आ गई है कि नीतीश कुमार जैसे वरिष्ठ नेता अपने ही विधायकों की बात नहीं सुन रहे हैं। राजेश राम ने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव परिणाम आने के बाद भी जदयू विधायकों को मुख्यमंत्री से मिलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जदयू की एक बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए जो बैठक व्यवस्था की गई थी, वह भी बहुत कुछ दर्शाती है। राजेश राम ने तंज कसते हुए कहा कि अब केवल उन्हें स्टूल देना ही बाकी रह गया है।

राजेश राम ने कहा कि नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री हैं और उनके स्वास्थ्य को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए। लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने इस मुद्दे को भी राजनीतिक रूप देने का प्रयास किया है और परिस्थितियां ऐसी बना दी हैं कि आज नीतीश कुमार इस स्थिति में पहुंच गए हैं। राजेश राम ने राज्यसभा चुनाव को लेकर कहा कि इंडिया गठबंधन की सभी पार्टियां मजबूती के साथ खड़ी हैं। कांग्रेस के सभी विधायक एकजुट हैं और पार्टी सीधे तौर पर भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से राजनीतिक लड़ाई लड़ रही है।

# झारखंड विधानसभा में अवैध अफीम खेती का मुद्दा गरमाया, विधायक प्रदीप यादव ने भी राष्ट्रीय मुद्दे उठाए

**एजेंसी। रांची**



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के नौवें दिन सोमवार को होली के लंबे अवकाश के बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। कार्यवाही के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए, जिनमें राज्य में बढ़ती अवैध अफीम की खेती का मामला प्रमुख रहा। लिट्टिपाड़ा से विधायक हेमलाल मुर्मू ने सदन में राज्य में बढ़ रही अवैध अफीम की खेती को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि झारखंड में बड़े पैमाने पर अफीम की अवैध खेती हो रही है, जो कानून व्यवस्था और समाज के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। उन्होंने सदन को बताया कि पिछले कुछ वर्षों में अफीम की खेती के आंकड़ों में लगातार वृद्धि हुई है। उनके अनुसार, वर्ष 2020-21 में 2871 एकड़, वर्ष 2022-23 में 5494 एकड़ और वर्ष 2023-24 में 4853 एकड़ जमीन पर अफीम की खेती पाई गई थी। जबकि वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा अचानक बढ़कर 27,215 एकड़ तक पहुंच गया है। हेमलाल मुर्मू ने राज्य सरकार से सवाल करते हुए पूछा कि इतनी बड़ी मात्रा में अवैध खेती आखिर किसके सहयोग से हो रही है। उन्होंने पिछले चार वर्षों में दर्ज मामलों, लंबित जांच और दोषियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का ब्योरा भी मांगा। उन्होंने कहा कि इस गंभीर समस्या पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है। विधायक के सवालों का जवाब देते हुए विभागीय मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि वर्ष 2024-25 में विभिन्न जिलों में 27,215 एकड़ जमीन पर अफीम की अवैध खेती का मामला सामने आया था। सरकार ने विशेष अभियान चलाकर इस अवैध फसल को नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध खेती पर रोक लगाने के लिए राज्य सरकार लगातार कार्रवाई कर रही है। यदि इस मामले में किसी अधिकारी या व्यक्ति की संलिप्तता पाई जाती है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, अभी तक पुलिस विभाग के किसी अधिकारी की संलिप्तता सामने नहीं आई है। प्रदीप यादव ने खिलाड़ियों और यूपीएससी के सफल युवाओं को दी बधाई पोड़ैयाहाट से विधायक प्रदीप यादव ने सदन में टी-20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम की शानदार जीत पर खिलाड़ियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में सफल हुए झारखंड के युवाओं की उपलब्धियों की सराहना की। विदायक ने रांची के मोहम्मद इश्तियाक रहमान, धनबाद के शुभम कुमार महतो और दुमका की सुदीपा दत्ता सहित कई सफल उम्मीदवारों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन युवाओं की सफलता पूरे राज्य के लिए प्रेरणा है। उन्होंने सरकार से इन प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित करने की मांग की। प्रदीप यादव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति और राष्ट्रीय संप्रभुता के मुद्दे को भी सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि यह चिंताजनक है कि तेल खरीद जैसे मामलों में भी भारत को अमेरिका की अनुमति लेने की बात सामने आती है। प्रदीप यादव ने कहा कि भारत एक स्वतंत्र देश है और उसे अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार फैसले लेने का पूरा अधिकार है। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस दिशा में सख्त कदम उठाने की अपील करते हुए कहा कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों में देश के आत्मसम्मान और स्वतंत्र निर्णय क्षमता को बनाए रखना बेहद जरूरी है।


# झारखंड विधानसभा : आईएएस-आईपीएस अधिकारियों की कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग पर सरकार ने दिया जांच का आश्वासन

**एजेंसी। रांची**

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को दो शीर्ष अधिकारियों (आईएएस और आईपीएस) के बीच कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग को लेकर सदन में चर्चा हुई। संसदीय कार्य सह वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि जिस ऑडियो रिकॉर्डिंग का जिक्र किया जा रहा है, वह फिलहाल सरकार के पास उपलब्ध नहीं है। यदि यह रिकॉर्डिंग सरकार को उपलब्ध कराई जाती है तो सरकार इस पर संज्ञान लेते हुए मामले की जांच कराएगी। वित्त मंत्री यह जवाब भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से उठाए गए सवाल के दौरान दे रहे थे। बाबूलाल मरांडी ने सदन में कहा कि पिछले दिनों झारखंड के दो वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई बातचीत की कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग राज्यभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यह रिकॉर्डिंग पूरे राज्य में घूम रही है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि अभी तक सरकार के पास नहीं पहुंची है। मरांडी ने कहा कि यदि सरकार के पास यह रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं है, तो वह अगले दिन सदन में इसे उपलब्ध करा देंगे। उन्होंने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि यदि राज्य के वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की बातचीत की रिकॉर्डिंग सार्वजनिक हो सकती है, तो भविष्य में विधानसभा अध्यक्ष और विधायकों की बातचीत भी सामने आ सकती है। ऐसे में इस मामले की गंभीर जांच आवश्यक है। उन्होंने राज्य सरकार से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
(नोटिस)



नाम–(1) अफजल अंसारी, पिता–अयूब अंसारी, सा0–पतसा, थाना+जिला–गढ़वा, झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप गढ़वा थाना कांड सं0–156/2025, दिनांक–29.03.2025 धारा–64(2)(n) बी0एन0एस0 एवं 3(2)(V) एस0सी0/एस0टी0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरूद्ध माननीय न्यायालय, श्री दिनेश कुमार न्यायिक दण्डाधिकारी, ए0एस0जे0–1 गढ़वा कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–12.06.2025 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–26.06.2025 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का पूर्व के अनुसंधानकर्ता के द्वारा विधिवत तामिला किया गया। पुनः दिनांक–26.02.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला कराया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार चल रहे हैं। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–26.03.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री दिनेश कुमार न्यायिक दण्डाधिकारी, ए0एस0जे0–1 गढ़वा कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–26.03.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री दिनेश कुमार न्यायिक दण्डाधिकारी, ए0एस0जे0–1 गढ़वा कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 374412 Police(25-26).D


# झारखंड विधानसभा : सदन में ईटखोरी को अनुमंडल बनाने की मांग, विशेष सचिवों के वेतनमान पर भी उठा सवाल

**एजेंसी। रांची**



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के नौवें दिन सोमवार को कई अहम मुद्दे सदन में उठे। सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल ने चतरा जिले के ईटखोरी प्रखंड को अनुमंडल बनाने की मांग रखी, वहीं विधायक नीरल पूर्ति ने विशेष सचिवों के वेतनमान से जुड़ा मामला उठाया। सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल ने सदन में कहा कि ईटखोरी प्रखंड भौगोलिक क्षेत्र, जनसंख्या और प्रशासनिक जरूरतों के हिसाब से अनुमंडल बनने की सभी शर्तें पूरी करता है। उन्होंने बताया कि ईटखोरी में प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर स्थित है, जहां हर साल राजकीय महोत्सव आयोजित होता है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिससे प्रशासन और पुलिस पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। ऐसे में यदि ईटखोरी को अनुमंडल का दर्जा मिल जाता है, तो प्रशासनिक व्यवस्था संभालना काफी आसान हो जाएगा और क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वर्ष 2012 में तत्कालीन उप विकास आयुक्त की ओर से इस संबंध में एक पत्र भी भेजा गया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। इस पर जवाब देते हुए मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि फिलहाल राज्य सरकार की उच्चस्तरीय कमेटी के पास ईटखोरी को अनुमंडल बनाने का कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है। उन्होंने बताया कि किसी क्षेत्र को अनुमंडल का दर्जा देने के लिए जिला उपायुक्त की अनुशंसा के बाद आयुक्त के माध्यम से प्रस्ताव मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी को भेजा जाता है। कमेटी की अनुशंसा के बाद ही सरकार इस पर अंतिम निर्णय लेती है। मंत्री ने सदन में विधायक से कहा कि वे जिला प्रशासन और आयुक्त के माध्यम से प्रस्ताव सरकार तक भेजवाएं। इस पर विधायक कुमार उज्ज्वल ने आश्वासन दिया कि वे इस प्रक्रिया को जिला स्तर से आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। इसी दौरान विधायक नीरल पूर्ति ने झारखंड प्रशासनिक सेवा नियमावली 2015 में संशोधन और विशेष सचिवों के वेतनमान से जुड़े मुद्दे को सदन में उठाया। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या विशेष सचिवों के लिए ग्रेड पे 10,000 यानी लेवल-14 सुनिश्चित करने के लिए नियमावली में संशोधन करने का कोई प्रस्ताव है। इस पर राज्य के संसदीय कार्य सह वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि फिलहाल झारखंड प्रशासनिक सेवा के तहत उप सचिव, संयुक्त सचिव और अपर सचिव स्तर के अधिकारी एक ही वेतनमान और श्रेणी में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में निदेशक प्रमुख और इंजीनियरिंग विभाग में अभियंता प्रमुख का ग्रेड पे 10,000 है, जो लेवल-14 के अंतर्गत आता है। मंत्री ने बताया कि इस मामले में संबंधित विभागों से यह स्पष्ट करने को कहा गया है कि क्या निदेशक प्रमुख और अभियंता प्रमुख के पद विशेष सचिव के समकक्ष माने जा सकते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि इन पदों को लेवल-14 की मान्यता प्राप्त है तो अन्य विभागों में कार्यरत विशेष सचिवों को भी उसी आधार पर लेवल-14 पर प्रोन्नत करने और समान वेतनमान देने पर सरकार विचार करेगी।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Ref. No.-31/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2025-26**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 20.03.2026 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 23.03.2026 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of . Sealed tenders :- 23.03.2026 From 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle - No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Ladies Common Room at 2nd Floor Civil Courts, Palamu. | 899600.00 | 18000.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 2. | Renovation of Server Room and One Vacant Court Room at Ground Floor Civil Courts, Palamu, Palamu. | 1646200.00 | 34000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 3. | Repair/Painting Works of Boundary Wall and Watch Tower in all four Direction of Civil Courts, Palamu at Daltonganj. | 928700.00 | 20000.00 | 1250.00 | 02 Months |
| 4. | Renovation Work of SDO Residence Hussainabad, Palamu, Jharkhand. | 2495200.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02Months |
| 5. | Renovation of Conference Hall, Green Room and Library at Second Floor Civil Courts, Palamu at Daltonganj. | 3929400.00 | 80000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 6. | Renovation and Roof Treatment of LRDC, Sadar Medininagar Office at Daltonganj, Palamu. | 1602300.00 | 32500.00 | 5000.00 | 02 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन करना अनिवार्य होगा।

- परिमाण विपत्र क्रय हेतु सत्यापित निबंधन पत्र, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा जो कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के नाम से भुगतेय होगा, जो निविदा सूचना परांत तिथि से निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा परिमाण विपत्र क्रय की जाती है तो इस आशय का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

PR 374501 Building(25-26)#D


# झारखंड में 11 मार्च तक बारिश और वज्रपात की संभावना, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

**एजेंसी। रांची**

झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में 11 मार्च तक बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, 12 मार्च से मौसम साफ होने की उम्मीद है। सोमवार को रांची सहित कई जिलों में सुबह से ही बादल छाए रहे, जिससे धूप की तपिश कम महसूस की गई। मौसम विभाग ने 9, 10 और 11 मार्च को राज्य के उत्तर-पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती जिलों में गर्जन के साथ बारिश की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, सोमवार को जिन जिलों में गर्जन के साथ बारिश की संभावना है, उनमें हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, बोकारो, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज शामिल हैं। 10 मार्च को बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में भी आंधी-तूफान आने की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि पिछले 24 घंटे में राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 35.5 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान गमला में 16.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के कई जिलों में तापमान 35 डिग्री के पार पहुंच गया है। जिन स्थानों पर तापमान में तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है, उनमें डाल्टनगंज, सरायकेला और जमशेदपुर शामिल हैं। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह, जमशेदपुर में अधिकतम 33.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23.6 डिग्री सेल्सियस, डाल्टनगंज में अधिकतम 35.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस, बोकारो में अधिकतम 34.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22.1 डिग्री सेल्सियस, चाईबासा में अधिकतम 35.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।


# रांची में ज्वेलरी शॉप से हीरे की अंगूठी लेकर फरार हुआ ग्राहक, सीसीटीवी के आधार पर जांच तेज

**एजेंसी। रांची**

राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी इलाके में एक ज्वेलरी दुकान से हीरे की अंगूठी चोरी होने का मामला सोमवार को सामने आया है। बताया जा रहा है कि एक ग्राहक अंगूठी देखने के बहाने दुकान में आया और मौका पाकर हीरे की अंगूठी लेकर चुपचाप फरार हो गया। घटना के बाद दुकानदार की शिकायत पर हिंदपीढ़ी थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, हिंदपीढ़ी स्थित "मियां तनिष्क" नामक ज्वेलरी शॉप में एक ग्राहक अंगूठी देखने के लिए पहुंचा था। दुकान के कर्मचारी ने उसे कई अंगूठियां दिखाई, जिनमें से एक हीरे की अंगूठी उसे पसंद आ गई। इसी दौरान उसने मौका देखकर अंगूठी अपने पास रख ली और बिना किसी को बताए दुकान से निकल गया। कुछ देर बाद जब दुकानदार और कर्मचारियों ने दुकान में रखे सामानों का मिलान किया, तो एक हीरे की अंगूठी गायब मिली। इसके बाद दुकान के कर्मचारी सूरज ठाकुर ने तुरंत हिंदपीढ़ी थाने में इसकी सूचना दी। सूरज ठाकुर की शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोप्त की पहचान की जा सके। हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति का चेहरा साफ दिखाई दे रहा है। फुटेज के आधार पर उसकी पहचान की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मेसरा में मंडा पूजा चार अप्रैल को, कमेटी गठित

**एजेंसी। रांची**



मेसरा में चार अप्रैल को मंडा पूजा और पांच को झूलन कार्यक्रम होगा। 16 अप्रैल को काली पूजा होगा। मेसरा शिव और काली पूजा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। समिति की ओर से सोमवार को बताया कि कार्यक्रम को लेकर कमेटी का गठन किया गया है। सर्वसम्मित से कांके पूर्वी जिला परिषद सदस्य संजय कुमार महतो को मुख्य संरक्षक , गंगा करमाली को अध्यक्ष, जलेश्वर महतो को सचिव चुना गया।


## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**

**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 24/2025-26**

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 10.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 10.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 17.03.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 19.03.2026 (पूर्वाह्न 11:00 बजे )
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | लेस्लीगंज | जुरू | स्वास्थ्य उपकेन्द्र जुरू का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-01 |
| 2 | छतरपुर | रेगनिया | स्वास्थ्य उपकेन्द्र रेगनिया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-02 |
| 3 | उंटारी रोड | जोगा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र गोगा (जोगा) का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-03 |
| 4 | पाटन | पाल्हेकला | स्वास्थ्य उपकेन्द्र पाल्हेकला का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-04 |
| 5 | पाटन | खाम्ही | स्वास्थ्य उपकेन्द्र राजहारा का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-05 |
| 6 | हैदरनगर | कुकही | स्वास्थ्य उपकेन्द्र कुकही का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-06 |
| 7 | लेस्लीगंज | कोटखास | स्वास्थ्य उपकेन्द्र कोटखास का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-07 |
| 8 | छतरपुर | कचनपुर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र कचनपुर का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-08 |
| 9 | नौडीहा बाजार | बिशुनपुर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र बिशुनपुर का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-09 |
| 10 | नौडीहा बाजार | चराई–2 | स्वास्थ्य उपकेन्द्र चराई–2 का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-10 |
| 11 | नौडीहा बाजार | खैरादोहर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र खैरादोहर का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-11 |
| 12 | नौडीहा बाजार | ललगड़ा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र ललगड़ा का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-12 |
| 13 | नौडीहा बाजार | तरीडीह | स्वास्थ्य उपकेन्द्र तरीडीह का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-13 |
| 14 | पाँकी | नवडीहा | स्वास्थ्य उपकेन्द्र नवडीहा–1 का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-14 |
| 15 | उंटारी रोड | मुरमा खूर्द | स्वास्थ्य उपकेन्द्र मुरमा खूर्द का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-15 |
| 16 | पाटन (पण्डवा) | कजरी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र कजरी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-16 |
| 17 | हैदरनगर | बिलासपुर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र बिलासपुर का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-17 |
| 18 | चैनपुर | बोड़ी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र बोड़ी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-18 |
| 19 | चैनपुर | पतरिया खूर्द | स्वास्थ्य उपकेन्द्र पतरिया खूर्द का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-19 |
| 20 | चैनपुर | मझिगांव | स्वास्थ्य उपकेन्द्र मझिगांव का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-20 |
| 21 | चैनपुर | कंकारी | स्वास्थ्य उपकेन्द्र कंकारी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-21 |
| 22 | छतरपुर | नगर पंचायत | स्वास्थ्य उपकेन्द्र लोहराही का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-22 |
| 23 | छतरपुर | नगर पंचायत | स्वास्थ्य उपकेन्द्र मसिहानी का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-23 |
| 24 | नौडीहा बाजार | शाहपुर | स्वास्थ्य उपकेन्द्र शाहपुर का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-24 |
| 25 | सदर मेदिनीनगर | लहलहे | स्वास्थ्य उपकेन्द्र कसिया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-25 |
| 26 | सदर मेदिनीनगर | वार्ड–1 सिंगरा खूर्द | स्वास्थ्य उपकेन्द्र टिकुलिया का निर्माण। | 55.50 | 1.11 | 10000 | 09 माह | NIT-24/2025-26/ Gr-26 |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे। 2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बड़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क (Non Refundable) एवं अग्रधन की राशि केवल Demand Draft (किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत) **जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू (District Engineer, Zila Parishad, Palamu)** के पदनाम से डालटनगंज में भुगतेय होगा, के रूप में स्वीकार्य होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**


ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू।


PR 374483 (District) 25-26 (D)



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना (नोटिस)





नाम–(1) सुरेन्द्र चन्द्रवंशी, पिता–स्व0 गरीबा चन्द्रवंशी, 2. सीमा देवी, पति–सुरेन्द्र चन्द्रवंशी, दोनों ग्राम–गरबांध, थाना–नगरउंटारी, जिला–गढ़वा, झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप दोनों नगरउंटारी थाना काण्ड सं0–177/2019, दिनांक–07.08.2019 धारा–147, 149, 323, 452, 379, 504, भा0द0वि0 एवं परिवर्तित धारा–498ए, 34, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप दोनों उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरूद्ध माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–07.02.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–28.02.2026 को आप दोनों के घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला कराया गया है। परन्तु आप दोनों अपने घर से फिरार चल रहे हैं। उक्त इश्तिहार में आप दोनो को दिनांक–28.03.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आप दोनों को सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–28.03.2026 तक माननीय न्यायालय, श्री अरविन्द कच्छप अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, नगर उंटारी कोर्ट, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 374409 (Police)25-26*D

## संक्षिप्त समाचार

### गाजियाबाद के किसान अपना रहे एकीकृत खेती मॉडल, बढ़ी कमाई के साथ खोल रहे विकास का रास्ता

**मुरादनगर (गाजियाबाद), एजेंसी।** कम होते जोत के आकार और रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल के कारण घटती मृदा गुणवत्ता के कारण परेशान किसानों के लिए एकीकृत कृषि आशा की किरण बनी हैं। कम आकार के खेत में एकीकृत कृषि से किसान एक समय में चार पैदावार हासिल करके न केवल आर्थिक लाभ कमा रहे हैं, बल्कि उद्यमिता से जुड़कर विकास के नए रास्ते भी खोल रहे हैं। बड़ी संख्या में किसान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के पास एकीकृत कृषि के संबंध में जानकारी हासिल कर रहे हैं। तेज से फैलते नगरीय क्षेत्र और पुश्तैनी विभाजन के कारण क्षेत्र के किसानों के पास सीमित मात्रा में भूमि रह गई है। कृषि विभाग के अनुसार, गाजियाबाद क्षेत्र में प्रति किसान कृषि भूमि का आकार साढ़े सात बीघा है। कम भूमि में पारंपरिक फसलें उगाकर किसान अपने परिवार के लिए आर्थिक सुरक्षा की गारंटी नहीं कर सकते हैं। ऐसे में एकीकृत कृषि से किसान भूमि के छोटे से टुकड़े में एक साथ तीन या चार तक पैदावार करके प्राप्त कर सकते हैं। दुहाई गांव की रहने वाली महिला किसान मंजू यादव लंबे समय से एकीकृत कर रही हैं। कृषि के क्षेत्र के नवाचार को बढ़ावा देने के लिए मंजू यादव को अलग अलग सरकारी व निजी मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है। यदि किसी किसान के पास आधा बीघा जमीन है, तो उसे तालाब में तब्दील कर मछली पालन कर सकता है। मछलियों के साथ ही तालाब के पानी में सिघांड़े और मखाने उगाए जाते हैं।

### शरद केलकर को मिला 'टीआरपी किंग' का खिताब, 20 साल की कामयाबी का शानदार सफर

**मुंबई, एजेंसी।** ज़ी कुटुंब नॉमिनेशन पार्टी इस रविवार 8 मार्च को टेलीकास्ट होने जा रही है, जहां पूरा ज़ी कुटुंब एक साथ नजर आएगा। इस खास शाम में मस्ती भरी एक्टिविटीज़, मजेदार गेम्स और शानदार डांस परफॉर्मेंस देखने को मिलेंगी, जिनमें 'वसुधा', 'सरू', 'गंगा माई की बेटियां', 'जगद्धात्री', 'लक्ष्मी निवास', 'जाने अनजाने हम मिले', 'तुम से तुम तक' और 'जागृति' के एक्टर्स शामिल होंगे। कभी 'जाने अनजाने हम मिले' की शारदा बुआ और 'वसुधा' की सारिका ज़ी कुटुंब के लीड्स को परफेक्ट विलेन बनना सिखाती नजर आएंगी, तो कभी अनु और आर्या का रोमांटिक डांस माहौल को खास बना देगा। वहीं पूरे ज़ी कुटुंब के लीड एक्टर्स का मजेदार डांस गेम भी इस शाम को और दिलचस्प बना देगा। इन सभी खास पलों के बीच एक ऐसा पल भी आया जिसने सभी का ध्यान खींच लिया, जब होस्ट जय सोनी ने शरद केलकर (आर्या) को स्टेज पर बुलाया और उनके शानदार सफर को सलाम करते हुए उन्हें टीआरपी किंग कहा। खास तौर पर ज़ी टीवी के साथ उनके लगातार सफल शोज़ को देखते हुए यह पल और भी खास बन गया। साल 2005 में शरद केलकर ज़ी टीवी के आइकॉनिक शो 'सात फेरे ङ्क सलोनी का सफर' का हिस्सा थे, जो उस समय टीआरपी के मामले में सबसे आगे रहने वाले शोज़ में शामिल था।

### रवि किशन ने मनोज तिवारी के बारे में क्या कहा? जानने के लिए देखिए नेटफ्लिक्स का द ग्रेट इंडियन कपिल शो

**मुंबई, एजेंसी।** नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में हंसी-मजाक का सिलसिला जारी है। जब रवि किशन कपिल के शो पर आते हैं और भोजपुरी सिनेमा के शुरुआती दिनों की यादें साझा करते हैं, तो माहौल और मजेदार हो जाता है। जब कपिल मनोज तिवारी, निरहुआ और पवन सिंह वाले पिछले एपिसोड का ज़िक्र करते हैं, तो रवि किशन हंसते हुए और थोड़ी मजाकिया अंदाज़ में कहते हैं- इन्हें चलना मैंने सिखाया, ब्लैक कॉफी पीना मैंने सिखायाज ये सभी मेरे जूनियर्स हैं। इस बात पर सभी लोग हंस पड़ते हैं और शो का माहौल रवि किशन की पुरानी यादों और उनके ड्रामैटिक अंदाज़ से भरे मज़ेदार किस्सों का बन जाता है। सबको पुरानी यादों में ले जाते हुए, रवि किशन ने कड़ाके की सर्दी में कन्यादान फिल्म की शूटिंग का एक मजेदार किस्सा सुनाया।

## उत्तम नगर तरुण हत्याकांड

# आरोपी अमरुद्दीन के अवैध मकान पर चला बुलडोजर

## महिला आरोपी अभी भी पकड़ से दूर





**नईदिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में जिस तरह से अपराधियों के मकान और अन्य प्रतिष्ठानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाती है, कुछ ऐसा ही दिल्ली में भी देखने को मिला है। यहां उत्तम नगर थाना क्षेत्र में होली के दिन पानी से भरे गुब्बारे के छींटे पड़ने के विवाद में तरुण नामक युवक की हत्या के मामले में पकड़े गए आरोपियों में से एक के मकान पर हथौड़ा चला। बुलडोजर के साथ पहुंचे निगम के दस्ते ने यहां मकान के अवैध हिस्से को ढहा दिया। निगम की इस कार्रवाई को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की चेतावनी से भी जोड़कर देखा जा रहा है। एक दिन पहले मुख्यमंत्री ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी थी। इस मामले में पुलिस ने एक और आरोपी इमरान उर्फ बंटी को गिरफ्तार किया है। उधर, पुलिस ने इस मामले में एक और आरोपित इमरान उर्फ बंटी को गिरफ्तार किया है। मामले की छानबीन जारी है।

**नाले की जमीन को अतिक्रमण करके बनाया:** रविवार सुबह निगम पश्चिमी जोन के मेंटेनेन्स विभाग के दस्ते ने आरोपी अमरुद्दीन के घर पर पूरी तैयारी के साथ दस्तक दी। अमरुदीन का घर हस्तसाल श्मसान भूमि की ओर जाने वाली मुख्य सड़क के किनारे और तरुण की गली की शुरुआत पर कोने में बना है। नियमों को ताक पर रखते हुए इसने अपने मकान का काफी हिस्सा नाले की जमीन को अतिक्रमण करके बनाया हुआ था। निगम के अधिकारियों का कहना है कि करीब साढ़े चार फीट आगे इसने जमीन पर कब्जा कर रखा था। इससे गली का प्रवेश द्वार काफी संकरा हो गया था। लोगों को गली में प्रवेश में दिक्कत होती थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब भी लोग आपत्ति करते थे, इसका पूरा परिवार झगड़ा करने लगता था। इसने ऐसी दशहत फैला रखी थी, लोग इसे कुछ भी कहने से बचते थे, इससे इसकी हिम्मत बढ़ने लगी। गली के लोगों को रविवार सुबह जब यह पता लगा कि आज इसके घर के अवैध हिस्से को ढहाया जाएगा, तो लोग इसके घर के सामने जुटने लगे। लोगों की भीड़ जुटती देख निगम अधिकारियों के कहने पर पुलिस सक्रिय हुई और आसपास बैरिकेट लगा दिया गया। वहीं, पूरे इलाके में भारी संख्या में पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवान तैनात कर दिए गए। निगम की कार्रवाई के दौरान कोई व्यवधान नहीं हो, इसके लिए सैकड़ों की संख्या में जवान तैनात रहे। मामले की निगरानी के लिए दर्जनों एसीपी रैंक के अधिकारी पूरे इलाके में तैनात रहे। पुलिस के पर्याप्त बंदोबस्त के बाद निगम के दस्ते ने पहले आरोपित के घर के बाहरी हिस्से पर बनी दीवार पर बुल्डोजर चलाकर उसे ध्वस्त कर दिया। इसके बाद भूतल के अन्य हिस्से ढहाए गए। फिर एक एक करके सभी उपरी मंजिलों के बाहरी हिस्सों पर हथौड़े पूरे दिन चलते रहे। सूत्रों की मानें तो अभी इस मामले से जुड़े वे सभी आरोपित जिन्होंने नियमों को ताक पर रखकर मकान का अवैध विस्तार किया है, उस पर हथौड़ा चलता रहेगा। निगम के अधिकारियों ने इस कार्रवाई को रूटीन से जुड़ी कार्रवाई करार दिया और कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई इसके पूर्व राजौरी गार्डन व पंखा रोड में हुई है और अब यहां हो रही है।

**अब तक सात गिरफ्तार:** चार मार्च को होली के दिन रात के समय उत्तम नगर पुनर्वासित कालोनी में रहने वाले तरुण को उनके घर के नजदीक आरोपितों ने बुरी तरह पीटा, जिससे उनकी मौत हुई। इस घटना के बाद बाद से ही पुलिस लगातार आरोपितों को गिरफ्तार कर रही है। रविवार को हुई गिरफ्तारी के बाद अब इस मामले में गिरफ्तार आरोपितों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। एक नाबालिग आरोपित को भी पकड़ा गया है। इससे पूर्व गिरफ्तार किए गए आरोपितों में अमरुद्दीन, जमाउद्दीन, मुश्ताक, कमरुद्दीन, मुजफ्फर व ताहिर शामिल है।

**उन्हें गिरफ्तार किया जाता रहेगा :** पुलिस का कहना है कि छानबीन के दौरान जिस हिसाब से आरोपितों के नाम सामने आते जाएंगे, वैसै- वैसे आरोपितों के नाम प्राथमिकी में दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार किया जाता रहेगा। पुलिस अधिकारी का कहना है कि इस मामले में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर प्राथमिकी में एससीएसटी एक्ट की धारा भी जोड़ी गई है। इसके बाद अब इस मामले में जांच अधिकारी की भूमिका एसीपी को सौंपी गई है। नए जांच अधिकारी अब पीड़ित पक्ष के लोगों का बयान नियम के अनुसार आन कैमरा दर्ज कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकरण में अभी तक इस झगड़े की जड़ दो महिलाएं, अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। दोनों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए। पुलिस का कहना है है कि इस मामले में जो भी आरोपी हैं, वे शीघ्र ही पकड़ में आएं, इसके लिए पूरे प्रयास किए जा रहे हैं।

## हिमाचल में तेज धूप ने लोगों का निकाला पसीना, धर्मशाला-सोलन में चली लू; अलर्ट जारी

**शिमला, एजेंसी।** प्रदेश में लगातार धूप के कड़े तेवरों से लोग पसरने से तर हो रहे हैं। जबकि तेज धूप ने देवदार के पेडों का तेल निकाल दिया है। राजधानी शिमला में मार्च माह में इन दिनों सामान्य से करीब 9 डिग्री अधिक तापमान दर्ज किया जा रहा है। लगातार पड़ रही गर्मी के कारण देवदार के पेड की छांव में खडे होने पर लोगों पर देवदार का तेल टपक रहा है। रविवार को प्रदेश में चार स्थानों सुंदरनगर, भुंतर, धर्मशाला और सोलन में लू चली। मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को भी इन स्थानों पर लू चलने की चेतावनी जारी की है। रविवार को ताबो में 50 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली। प्रदेश में दस स्थानों पर दिन का तापमान 30 डिग्री के पार दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान में शनिवार की अपेक्षा सबसे अधिक वृद्धि सोलन में तीन डिग्री जिससे अधिकतम तापमान 30 डिग्री चंबा में 2.6 डिग्री की वृद्धि के साथ 30.1 डिग्री दर्ज किया गया। सुंदरनगर में 2 डिग्री की वृद्धि के साथ 32.7 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी किए गए ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, 11 व 12 मार्च को लाहुल स्पीति, किन्नौर, चंबा, कांगड़ा, मंडी व कुल्लू में कुछ स्थानों पर 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा के रफ्तार से आंधी चलने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि ऊंचे क्षेत्रों में कुछ एक स्थानों पर हिमपात और कुछ एक स्थानों पर वर्षा की संभावना जताई गई है। ऐसे में कडक गर्मी और लगातार सूखे से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान ऊना में 33.4 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री का अंतर आया है। कुछ स्थानों पर गिरावट तो कुछ में वृद्धि दर्ज की गई है।



## बंगाल में भाजपा की बाइक रैली रोकने पर हंगामा, पुलिस के साथ धक्का-मुक्की

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के नैहाटी व खड़दह में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से निकाली गई बाइक रैली को पुलिस की ओर से रोके जाने पर जमकर हंगामा हुआ। भाजयुमो कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सड़क अवरोध कर विरोध प्रदर्शन किया। अंत में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटा कर स्थिति को नियंत्रित किया। नैहाटी के नदिया जूट मिल मोड़ से घोषपाड़ा रोड होते हुए बैरकपुर सांगठनिक जिला भाजपा युवा मोर्चा की बाइक रैली आगे बढ़ रही थी। इसी दौरान गौरीपुर के पास पुलिस ने रैली को रोक दिया। बैरकपुर सांगठनिक जिला भाजपा के महासचिव रूपक मित्रा ने आरोप लगाया कि पुलिस ने भाजपा की शांतिपूर्ण रैली को जबरन रोक दिया। बिना महिला पुलिस के महिला कार्यकर्ताओं पर बल प्रयोग कर उन्हें हटाया गया। उन्होंने कहा कि तृणमूल की सरकार डर गई है, इसलिए पुलिस के सहारे भाजपा की रैली में बाधा डाली जा रही है। दूसरी ओर खड़दह स्टेशन रोड इलाके में बीटी रोड पर भाजयुमो की बाइक रैली को रोक दिया गया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने सडक़ पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में मौके पर पहले से तैनात टीटागढ़ थाने की पुलिस और कमिश्नरेट के कई अधिकारियों ने सभी को वहां से हटा दिया। इस दौरान बैरकपुर सांगठनिक जिला भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष विशाल जायसवाल ने आरोप लगाया कि पुलिस तृणमूल कांग्रेस के दबाव में काम कर रही है और उसके इशारे पर भाजपा की रैली को रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि रैली के लिए 48 घंटे पहले पुलिस को आवेदन दिया गया था, इसके बावजूद रैली को रोका गया। वहीं, बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रैली के लिए किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली गई थी। इसके अलावा हुगली जिले के उत्तरपाड़ा में भाजपा की परिवर्तन यात्रा के दौरान तृणमूल समर्थकों ने 'जय बांग्ला' और 'मोदी हटाओ' के नारे लगाए।



## हिमाचल प्रदेश में ई-केवाईसी में खुली फर्जी पेंशनरों की पोल, 1.28 लाख खाते किए बंद, 44 हजार मृतक भी ले रहे थे लाभ

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में 1.28 लाख लोगों के सामाजिक सुरक्षा पेंशन खाते बंद कर दिए गए हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत चलाए गए ई-केवाईसी अभियान ने कई गंभीर मुद्दों को उजागर किया है। विभाग की जांच में यह सामने आया कि 44 हजार मृत लाभार्थियों के खाते में पेंशन का भुगतान किया जा रहा था। ई-केवाईसी प्रक्रिया के बाद उनके नामों को सूची से हटा दिया गया है। इसके अतिरिक्त, लगभग 6,000 लाभार्थी अपात्र पाए गए हैं, जिनकी पेंशन अब बंद कर दी गई है। इसके अलावा, 47 हजार से अधिक लाभार्थियों के पेंशन खाते ई-केवाईसी न करवाने के कारण भी बंद किए गए हैं। इस प्रकार, कुल मिलाकर 1.28 लाख लोगों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन को समाप्त कर दिया गया है। प्रदेश में जुलाई 2025 तक 8.11 लाख लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ मिल रहा था। ई-केवाईसी की शुरुआत के बाद अपात्र और मृतकों को सूची से हटाया गया। विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जो 1000 रुपये से 1700 रुपये तक की मासिक पेंशन है, त्रैमासिक आधार पर लाभार्थियों के खातों में डाली जा रही है। ई-केवाईसी का मुख्य उद्देश्य पेंशन प्रणाली को पारदर्शी बनाना और वास्तविक जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाना है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के भुगतान के लिए एक नया डिस्बर्समेंट पोर्टल सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विकसित किया गया है, जिसका परीक्षण सफलतापूर्वक किया जा चुका है। 2026 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) की पेंशन नए साफ्टवेयर के माध्यम से जारी की जाएगी। मृतकों, अपात्रों और ई-केवाईसी न करवाने वालों के पेंशन खाते बंद कर दिए गए हैं।




## बांग्लादेशी नेता उस्मान हादी की हत्या का मुख्य आरोपी बंगाल से गिरफ्तार

### मेघालय सीमा के रास्ते भारत में हुए था दाखिल

**कोलकाता, एजेंसी।** बांग्लादेश में चर्चित युवा नेता उस्मान हादी की पिछले साल हुई हत्या के मामले में फरार मुख्य आरोपी व उसके सहयोगी को बंगाल में अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने उत्तर 24 परगना जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा से लगे बनगांव इलाके से दोनों को दबोचा है। एसटीएफ अधिकारियों ने रविवार को इसकी जानकारी दी। एसटीएफ के सूत्रों ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मुख्य आरोपी फैसल मसूद करीम और उसका सहयोगी आलमगीर शेख को शनिवार देर रात पकड़ा गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों आरोपित बांग्लादेशी नेता हादी की हत्या की वारदात के बाद अवैध रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारत में दाखिल हो गए थे। बांग्लादेश में हाल में नई सरकार के गठन के बाद दोनों सीमा पार कर अब वापस बांग्लादेश लौटने की फिराक में थे। पूछताछ में पता चला कि उन्होंने बांग्लादेश में हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद मेघालय सीमा के रास्ते भारत में प्रवेश किया था। इसके बाद वे दोनों वहां से बंगाल आ गए और सीमावर्ती बनगांव इलाके में छिपे हुए थे। पुलिस को जानकारी मिली थी कि मौका मिलते ही दोनों फिर से सीमा पार कर वापस बांग्लादेश भाग सकते हैं, जिसके बाद विशेष अभियान चलाकर दोनों को एक गुप्त ठिकाने से गिरफ्तार कर लिया गया। सूत्रों के मुताबिक बांग्लादेश की ढाका मेट्रोपोलिटन डिटेक्टिव पुलिस द्वारा इस मामले में दाखिल चार्जशीट में फैसल और आलमगीर को हत्याकांड का मुख्य आरोपित बताया गया है। दोनों के खिलाफ हत्या और वसूली से जुड़े मामलों में भी आरोप हैं। गौरतलब है कि पिछले दिसंबर में ढाका में 32 वर्षीय युवा बांग्लादेशी नेता हादी को बदमाशों ने गोली मार दी थी। बाद में सिंगापुर के एक अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी।



## विश्वविद्यालयों से समन्वय कर आगे बढ़ें महिला उद्यमी

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का संदेश

**लखनऊ, एजेंसी।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने महिला उद्यमियों, शिक्षाविदों और विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं से विश्वविद्यालयों के साथ समन्वय स्थापित कर अपने कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कहा कि शिक्षा संस्थानों और समाज के बीच सहयोग से महिलाओं के उद्यमों को नई दिशा और बेहतर अवसर मिल सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जन भवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पुलिस, सेना, प्रशासन, शिक्षा, ग्राम प्रधान, कृषि उत्पादन संगठन, राजकीय बाल संरक्षण गृह, समाज सेवा और विभिन्न उद्यमों से जुड़ी लगभग 200 महिलाएं शामिल हुईं। राज्यपाल ने वाराणसी, मिर्जापुर और सोनभद्र की ग्रीन आर्मी की महिलाओं के कार्यों की सराहना की। बताया कि ये महिलाएं पुराने कपड़ों को एकत्र कर उनकी सफाई, कटिंग और सिलाई करके नए कपड़े और चप्पल तैयार करती हैं। इन महिलाओं द्वारा बनाई गई चप्पल प्रधानमंत्री को भी भेंट की जा चुकी है। सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी वैक्सीन के महत्व का उल्लेख करते हुए महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

मोटे अनाज को किया प्रोत्साहित

ग्राम प्रधान महिलाओं से कहा कि वे गांवों में बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें और पंचायत को मिलने वाली निधियों का उपयोग समाज कल्याण के कार्यों में करें। कृषि उत्पादन संगठनों से जुड़ी महिलाओं को स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग, बेहतर प्रशिक्षण और प्रदर्शनी आयोजित करने पर जोर दिया। साथ ही इन संगठनों को कृषि विश्वविद्यालयों से जोड़ने और मिलेट्स जैसे मोटे अनाज से विविध उत्पाद तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। महिला कुलपतियों को निर्देश दिया कि ऐसे संगठनों को प्रेरित करें और आवश्यकता होने पर विश्वविद्यालय स्तर पर उनके उत्पादों की खरीद भी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी देवरिया दिव्या मित्तल, कानपुर नगर कमिश्नरेट की अपर पुलिस आयुक्त आइपीएस अंजलि विश्वकर्मा, वायुसेना की स्क्वाड्रन लीडर शिप्रा गुप्ता, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की कुलपति डा. सोनिया नित्यानंद और चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने अपने अनुभव साझा किए। जन भवन के चिकित्साधिकारी डा. नरेंद्र देव की पुत्री तनुश्री सिंह को एमबीबीएस इंटर्नशिप के दौरान नौ गोल्ड मेडल पाने पर सम्मानित किया गया। गुजरात के बनासकांठा जिले की पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।



## पेड़-पौधों को रौंदते हुए पार्किंग में वाहन से टकराई ईवी कार, ब्रेक की जगह रेस दबने से हुआ हादसा

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा में फेज दो थाना क्षेत्र के सेक्टर 82 स्थित एडब्ल्यूएचओ विवेक विहार सोसायटी में एक तेज रफ्तार कार पेड़ पौधों को तोड़ते हुए पार्किंग एरिया में खड़ी कार से टकरा गई। हादसा कारोबारी को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर एकाएक रेस पर पैर पड़ने से हुआ। रविवार को घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस ने तत्काल संज्ञान लिया। पुलिस ने मामले में कोई भी शिकायत मिलने से इनकार किया। सोशल मीडिया पर वायरल दस सेंकेड के वीडियो में एमजी विंडरस ग्रे ईवी कार सोसायटी में प्रवेश करते दिख रही है। एकाएक कार की रफ्तार तेज होती है। वह पार्किंग एरिया के पेड़ पौधों को रौंदते हुए वहां खड़ी दो में से लाल कार से टकरा जाती है। पास में खड़ी महिला हादसा होते देख चिल्लाती है। गार्ड भागकर मौके पर पहुंचते हैं। कार चला रहे व्यक्ति को बाहर निकालते हैं। कार को हटवाते हैं। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि नोएडा सेक्टर 82 स्थित एडब्ल्यूएचओ विवेक विहार सोसायटी में जसपाल सिंह परिवार संग रहते हैं। वह पेशे से कारोबारी हैं। उनके पास ईवी कार है। वह शुक्रवार सुबह चिकित्सक को दिखाने के लिए गए थे। करीब पौने दस बजे कार से घर लौट रहे थे। जैसे ही सोसायटी में प्रवेश कर रहे थे। एकाएक स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हुई। उन्होंने घबराकर ब्रेक की जगह एक्सीलेटर पर दबा दिया। उनकी कार पार्किंग के पास लगे पेड़-पौधों को तोड़ते हुए अन्य दो कारों से टकरा गई। गनीमत रही कि जसपाल सिंह के कोई गंभीर चोट नहीं आई और कोई अन्य व्यक्ति भी कार की चपेट में नहीं आया। चिकित्सक डॉ. संजीव अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर वाहन चलाने से बचना चाहिए। अस्वस्थ् होने पर वाहन से हादसा होने की संभावना रहती है। इससे जानमाल का नुकसान भी हो सकता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### स्तन कैंसर का बढ़ता खतरा

देश में कैंसर को लेकर जैसी जागरूकता होनी चाहिए, वह भी संतोषजनक नहीं है। इसका इलाज अब भी सामान्य आयवर्ग की क्षमता से बाहर है।दुनियाभर में महिलाओं के सामने स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। इसमें एक बड़ा खतरा गर्भाशय और स्तन कैंसर के रूप में देखा जा रहा है। बीते तीन दशकों में स्तन कैंसर के मामलों में जिस तरह तेज बढ़ोतरी हुई है, वह बेहद चिंताजनक है। इस संबंध में वाशिंगटन विश्वविद्यालय के 'इंस्टीट्यूट फार हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवेल्यूशन' का जो अध्ययन सामने आया है, वह भयावह तस्वीर सामने रखता है। अध्ययन के मुताबिक, भारत में वर्ष 2023 में कैंसर के दो लाख से अधिक मामले सामने आए।गौरतलब है कि वर्ष 1990 के मुकाबले यह 477 फीसद अधिक है। इससे प्रभावित होने वालों में से एक लाख से अधिक मौत हो गई। इस रोग में इतनी तेज बढ़ोतरी की स्थिति क्यों पैदा हुई, इसे समझने की जरूरत है। इसमें कोई दोराय नहीं कि स्तन कैंसर किसी भी महिला के लिए एक दुस्वप्न की तरह है। इसका उन पर शारीरिक ही नहीं, बल्कि भावनात्मक स्तर पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। सवाल है कि स्तन कैंसर की रोकथाम के लिए देश भर में समय-समय पर चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान की पहुंच जमीनी स्तर पर लोगों तक क्यों नहीं है और इसके लिए कौन जिम्मेदार है!आमतौर पर निम्न और निम्न मध्य आय वाले देशों की महिलाएं ही इसकी चपेट में आ रही है। जबकि उच्च आय वाले देशों में तस्वीर इससे अलग है। भारत में वर्ष 1990 से लेकर वर्ष 2023 के बीच में स्तन कैंसर के मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी को अब इसलिए भी गंभीरता से लेने की जरूरत है कि आमतौर पर निम्न आय वर्ग की ही नहीं, सामान्य घरों की महिलाएं भी अपने स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं। वे चिकित्सकों के पास जाने से हिचकिचाती हैं।समुचित चिकित्सा सुविधा देर से मिलने के कारण कई महिलाएं कैंसर के अंतिम चरण में पहुंच चुकी होती हैं। ऐसी परिस्थिति में उनकी जान बचाने की कोशिशें नाकाम हो जाती हैं। इस लिहाज से देखें, तो स्तन कैंसर पर नियंत्रण के लिए कई स्तरों पर काम करने की जरूरत है। खासतौर पर इस चुनौती से निपटने के लिए इससे संबंधित जरूरी सावधानी बरतने के साथ-साथ समय पर जांच और इलाज कराने के लिए महिलाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाना होगा।

### ईरान-इजरायल युद्ध के बीच खाने का संकट हो सकता है पैदा

ईरान-इजरायल युद्ध के चलते पश्चिम एशिया के हालात की वजह से तेल और गैस आपूर्ति पर असर पड़ रहा है। इसका नतीजा मार्केट पर दिखने लगा है। लेकिन, इसके बीच एक और संकट गहरा रहा है - उर्वरक आपूर्ति में कमी। अगर यह बाधा लंबे समय तक जारी रहती है तो दुनिया को खाद्य असुरक्षा और महंगाई का सामना करना पड़ सकता है। होर्मुज इफेक्ट- पश्चिम एशिया दुनिया का एक बड़ा उर्वरक उत्पादक क्षेत्र है। वैश्विक यूरिया निर्यात का लगभग 35 प्रतिशत होर्मुज स्ट्रेट से होकर गुजरता है। इसी रास्ते से दुनिया का 45 प्रतिशत सल्फर भी ट्रांसपोर्ट होता है। यूरिया सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला फर्टिलाइजर है, जिसकी वजह से दुनिया का करीब आधा अनाज पैदा होता है। होर्मुज पर ईरान की पहरेदारी के चलते शिपमेंट का आना-जाना बंद है और हर बीतते दिन के साथ सप्लाई चेन टूट रही है। स्थिति ज्यादा गंभीर- करीब 4 साल पहले, जब यूक्रेन और रूस युद्ध शुरू हुआ था, तब भी इसी तरह की सिचुएशन बनी थी। उस वक्त दो बड़े झटके लगे थे - गेहूं की आपूर्ति में कमी और फर्टिलाइजर्स की कीमतों में तेज उछाल। यूक्रेन और रूस मिलकर गेहूं का करीब 30त्न ग्लोबल एक्सपोर्ट करते हैं, जिस पर उस समय एकदम से रोक लग गई थी। हालांकि तब जल्द ही रूस से दोनों चीजों का निर्यात जारी रहा। वहीं, भारत जैसे देशों ने गेहूं निर्यात बढ़ा दिया। लेकिन, इस बार सीधे समुद्री मार्ग बाधित होने से स्थिति दूसरी है। प्रॉडक्शन रोका- ईरान ने जिस तरह से दूसरे अरब देशों में मौजूद फैसिलिटीज को निशाना बनाया है, उससे भी असर पड़ा है। समुद्र के रास्ते होने वाले यूरिया के कुल व्यापार में कतारएनर्जी की हिस्सेदारी लगभग 10 प्रतिशत है। इसके एक कॉम्प्लेक्स पर दो दिन पहले ड्रोन अटैक हुआ था, जिसके बाद कंपनी ने सल्फर, अमोनिया और यूरिया का प्रॉडक्शन रोक दिया है। ईरान और सऊदी अरब की सप्लाई भी प्रभावित हुई है।गैस में कमी। फर्टिलाइजर मार्केट शुरू से बेहद संवेदनशील रहा है। चीन जैसे मुल्क अपनी जरूरत को देखते हुए ग्लोबल सप्लाई को प्रभावित करते हैं।

*कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक संदेश के माध्यम से कहा है कि दुनिया इस समय अत्यंत अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुकी है और आने वाले समय में हालात और कठिन हो सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि ईरान का युद्धपोत हिंद महासागर में डूबने की घटना यह दर्शाती है कि यह संघर्ष अब भारत के आसपास के समुद्री क्षेत्र तक पहुंच गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसे कठिन समय में देश को मजबूत और संतुलित नेतृत्व की आवश्यकता होती है।*

## युद्ध देखते देखते भारत के दरवाजे तक पहुँच गया, दक्षिण एशियाई देशों की चिंता बढ़ी

**(नीरज कुमार दुबे)**

हम आपको बता दें कि ईरान का युद्धपोत डेना बुधवार को उस समय डूब गया जब अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा दागा गया जल गोला उससे टकरा गया। यह घटना श्रीलंका के खोज और बचाव क्षेत्र के भीतर अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में हुई। हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर नई चिंता उभर कर सामने आई है क्योंकि अमेरिकी पनडुब्बी ने श्रीलंका के निकट अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में एक ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया। इस घटना ने न केवल श्रीलंका बल्कि पूरे दक्षिण एशिया और विशेष रूप से भारत की सामरिक स्थिति पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह घटना इस बात का संकेत है कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहा संघर्ष अब फारस की खाड़ी से निकल कर हिंद महासागर तक पहुंच गया है, जिसके दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं। इस मुद्दे को लेकर राजनीति भी शुरू हो गयी है जहां श्रीलंका के सांसद इस मुद्दे पर अपनी सरकार से सवाल पूछ रहे हैं वहीं भारत में लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधा सवाल पूछा है। हम आपको बता दें कि ईरान का युद्धपोत डेना बुधवार को उस समय डूब गया जब अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा दागा गया जल गोला उससे टकरा गया। यह घटना श्रीलंका के खोज और बचाव क्षेत्र के भीतर अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में हुई। श्रीलंका की नौसेना को युद्धपोत से संकट संदेश प्राप्त हुआ जिसके बाद बचाव अभियान चलाया गया। श्रीलंकाई नौसेना ने अब तक 87 शव बरामद किए हैं और 32 नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। कई अन्य नाविक अभी भी लापता बताए जा रहे हैं और उनकी खोज के लिए अभियान जारी है। हम आपको बता दें कि यह घटना श्रीलंका के प्रमुख बंदरगाह नगर गाले से लगभग चालीस किलोमीटर दक्षिण में हुई। यह स्थान फारस की खाड़ी से काफी दूर है, जहां ईरान और अमेरिका के बीच संघर्ष चल रहा है। इसलिए इस घटना ने यह संकेत दिया है कि समुद्री संघर्ष का दायरा तेजी से फैल रहा है। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर एक संदेश के माध्यम से कहा है कि दुनिया इस समय अत्यंत अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुकी है और आने वाले समय में हालात और कठिन हो सकते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि ईरान का युद्धपोत हिंद महासागर में डूबने की घटना यह दर्शाती है कि यह संघर्ष अब भारत के आसपास के समुद्री क्षेत्र तक पहुंच गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसे कठिन समय में देश को मजबूत और संतुलित नेतृत्व की आवश्यकता होती है, लेकिन सरकार की ओर से स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि भारत की सामरिक स्वायत्तता को बनाए रखना इस समय अत्यंत आवश्यक है। दूसरी ओर, श्रीलंका के सांसद नामल राजपक्षे ने इस घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा है कि यह केवल श्रीलंका की ही नहीं बल्कि पूरे हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। उनका कहना है कि युद्ध भले ही हजारों किलोमीटर दूर चल रहा हो, लेकिन उसके प्रभाव अब हिंद महासागर में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि श्रीलंका के तट से लगभग चालीस किलोमीटर दूर इस प्रकार की सैन्य गतिविधि यह दर्शाती है कि वैश्विक शक्तियों का संघर्ष अब इस समुद्री क्षेत्र तक फैल रहा है। श्रीलंकाई सांसद नामल राजपक्षे ने श्रीलंका की सरकार से यह भी सवाल किया है कि क्या उसे इस सैन्य कार्रवाई की पहले से जानकारी थी? उनका कहना है कि सरकार को देश की जनता और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह इस हमले से पहले अवगत थी या नहीं? उन्होंने कहा कि यदि सरकार को पहले से जानकारी थी तो उसे यह बताना चाहिए कि ऐसी गतिविधि को लेकर कौन से कदम उठाए गए? उन्होंने यह भी कहा कि यदि श्रीलंका को इस प्रकार की सैन्य गतिविधि की सूचना नहीं दी गई थी तो यह और भी गंभीर विषय है, क्योंकि इससे छोटे देशों की समुद्री संप्रभुता और सुरक्षा पर प्रश्न खड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी बड़े देश की सैन्य कार्रवाई श्रीलंका के आसपास के जल क्षेत्र में होती है तो इस पर खुली चर्चा और पारदर्शिता आवश्यक है। राजपक्षे ने दक्षिण एशियाई देशों के बीच व्यापक संवाद की भी आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश और पाकिस्तान जैसे देशों को मिलकर हिंद महासागर की सुरक्षा पर गंभीर चर्चा करनी चाहिए। उनका कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कानून और प्रत्येक देश की संप्रभुता का सम्मान किया जाना चाहिए। यदि बड़े देशों के बीच संघर्ष छोटे देशों के आसपास के समुद्री क्षेत्रों में फैलता है तो इससे पूरे क्षेत्र की स्थिरता प्रभावित हो सकती है। दूसरी ओर अमरीकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस हमले की पुष्टि करते हुए कहा है कि अमेरिकी पनडुब्बी ने अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में मौजूद एक ईरानी युद्धपोत को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई ईरान की सैन्य क्षमता को कमजोर करने के व्यापक अभियान का हिस्सा है। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि ईरान की नौसैनिक शक्ति को सीमित करना उसकी रणनीति का महत्वपूर्ण भाग है। देखा जाये तो हिंद महासागर में इस प्रकार की सैन्य कार्रवाई के कई महत्वपूर्ण सामरिक निहितार्थ हैं क्योंकि यह क्षेत्र विश्व के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है। एशिया, अफ्रीका और पश्चिम एशिया के बीच होने वाला विशाल व्यापार इसी समुद्री मार्ग से गुजरता है। यदि यहां सैन्य तनाव बढ़ता है तो वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही भारत के लिए यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। हिंद महासागर भारत की समुद्री सुरक्षा और आर्थिक हितों का मुख्य क्षेत्र है। यदि बाहरी शक्तियों का संघर्ष इस क्षेत्र में बढ़ता है तो भारत को अपनी नौसैनिक उपस्थिति और सामरिक सतर्कता बढ़ानी पड़ सकती है। इसके अलावा, छोटे तटीय देशों जैसे श्रीलंका, मालदीव और बांग्लादेश के लिए यह चुनौतीपूर्ण स्थिति है। ये देश बड़ी शक्तियों के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश करते हैं, लेकिन यदि सैन्य टकराव उनके आसपास होने लगे तो उनकी सुरक्षा और कूटनीतिक स्थिति कठिन हो सकती है। साथ ही इस घटना से यह भी संकेत मिलता है कि भविष्य के युद्ध केवल सीमित क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि समुद्र के विशाल क्षेत्रों में फैल सकते हैं। इससे हिंद महासागर आने वाले समय में वैश्विक शक्ति संतुलन का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। बहरहाल, श्रीलंका के निकट हुई यह घटना इस बात का संकेत है कि पश्चिम एशिया का संघर्ष अब व्यापक समुद्री क्षेत्र तक फैल सकता है। ऐसे में दक्षिण एशियाई देशों के लिए आवश्यक है कि वह मिलकर क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करें और संभावित संकटों के लिए तैयार रहें। **(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## ममता की जिद के कारण अंधियारे की तरफ पश्चिम बंगाल

**(योगेंद्र योगी)**

ममता सरकार की जिद से केंद्र सरकार से मिलने वाले 10 हजार करोड़ रुपए डूब गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने पर यह राशि केंद्र सरकार से मिलने थी। ममता बनर्जी सरकार ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू नहीं की। ममता सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अहंकार का मुद्दा बना लिया है। बंगाल में 19वीं सदी के दौरान शिक्षा के केंद्र के रूप में बंगाली पुनर्जागरण ने साहित्यिक और बौद्धिक चेतना का विकास किया, जिससे पश्चिमी शिक्षा का आगमन हुआ। पश्चिम बंगाल ऐतिहासिक रूप से भारत का एक प्रमुख शैक्षणिक और बौद्धिक केंद्र रहा है, जो बंगाली पुनर्जागरण से लेकर आधुनिक काल तक ज्ञान का गढ़ बना रहा है। कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) ने आधुनिक शिक्षा प्रणाली की शुरुआत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें 1857 में स्थापित कलकत्ता विश्वविद्यालय, विश्व-भारती, और आईआईटी खड़गपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं। ऐतिहासिक दौर में शिक्षा की कीर्ति पताका फहराने वाले पश्चिम बंगाल की आज हालत यह हो गई है कि 4 हजार स्कूल राम भरोसे हैं। पश्चिम बंगाल की शिक्षा व्यवस्था वेंटिलेटर पर है। ममता सरकार की जिद से केंद्र सरकार से मिलने वाले 10 हजार करोड़ रुपए डूब गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने पर यह राशि केंद्र सरकार से मिलने थी। ममता बनर्जी सरकार ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू नहीं की। ममता सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अहंकार का मुद्दा बना लिया है। केंद्र सरकार के बार-बार अनुरोध करने के बावजूद बंगाल सरकार ने शिक्षा नीति लागू नहीं की नतीजा यह हुआ कि समग्र शिक्षा मिशन के तहत मिलने वाली 10,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय निधि राज्य को नहीं मिल पाई। पूरे देश में जितने भी स्कूल बिना शिक्षकों के चल रहे हैं, उनमें से 50त्न अकेले पश्चिम बंगाल में हैं। अर्थात बाकी पूरा देश एक तरफ और ममता का बंगाल एक तरफ। शिक्षा व्यवस्था में आई यह गिरावट बताती है कि टीएमसी सरकार के राज में बच्चों के भविष्य के साथ कैसा खिलवाड़ हो रहा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति मातृभाषा (बंगाली) में पढ़ाई की बात करती है, लेकिन ममता सरकार इसे लागू नहीं करना चाहती। क्या राज्य सरकार बंगाली में शिक्षा की अनुमति नहीं देना चाहती? केंद्रीय मंत्री ने साफ कर दिया कि अगर 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा सत्ता में आती है, तो शिक्षा क्षेत्र उनका 'प्राइम फोकस' होगा। उन्होंने बंगाल की जनता को संदेश दिया कि वर्तमान सरकार ने शिक्षा को बर्बाद कर दिया है और अब बदलाव ही एकमात्र रास्ता है। इतना ही नहीं पश्चिम बंगाल सरकार ने जादवपुर विश्वविद्यालय के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अतिरिक्त निधि को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। जहां पूरा देश डिजिटल हो रहा है, वहां बंगाल के स्कूल पाषाण युग में जी रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर पर स्कूलों में इंटरनेट की पहुंच 70 प्रतिशत है, लेकिन पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में यह आंकड़ा गिरकर महज 16 प्रतिशत रह गया है। जून 2025 में, केंद्र सरकार ने मध्याह्न भोजन योजनाओं का लाभ उठाने वाले छात्रों की संख्या में आई तीव्र गिरावट पर चिंता व्यक्त की। इससे पहले, वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान पश्चिम बंगाल में मध्याह्न भोजन के लिए बजटीय आवंटन 2,377 करोड़ रुपये था। हालांकि, समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान वास्तविक उपयोग मात्र 515.04 करोड़ रुपये (21.66 प्रतिशत) था।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 6026

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | | | 7 | | | 1 |
| 1 | 8 | | 5 | 3 | | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | 5 | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | 8 | 2 | |
| | | 3 | | 5 | 9 | | 4 | 7 |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | 9 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6025

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 9 | 5 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |

### वर्ग पहेली 6026



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. ब्रायन लारा पहले ऐसे क्रिकेटर है जिसने टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा 400 रन बनाए, यह स्कोर इस देश के खिलाफ बनाए थे (3)
3. 14 वीं-15 वीं शताब्दी के प्रसिद्ध सूफी संत जिन्हें नीरूनमीमा नामक जुलाहे दंपत्ति ने पाला था (3)
5. काव्य मर्मज्ञ, रस पान करने वाला (3)
6. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
7. जागृत होना, नींद से उठना (3)
9. जीवन, जिंदगी (3)
10. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
11. ब्रह्म, विद्या, आगे की ओर (2)
12. छोटा, निःसार, तीन प्रकार के प्राणायामों में से एक (2)
14. वायुयान में चालक के बैठने की सीट (4)
17. अपने अधिकारों का दुरूपयोग करने वाला, स्वेच्छाचारी (4)
19. एक बार सांस लेने का समस, कश (2)
20. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
21. जिसने कोई घटना अपनी आंखों से देखी हो, साक्ष्य (3)
22. अग्नि बुझाने का यंत्र (4)

**ऊपर से नीचे**

1. इंतजाम करने वाला (6)
2. भयभीत होना, खौफ जदा होना (3)
3. क से ह तक की वर्णमाला (4)
4. पुराणानुसार सात लोकों में से छठे लोक का नाम जहां की भूमि पथरीली है (4)
8. खुशबू, सुगंध, महक (3)
11. बिहार के इस शहर का पुराना नाम पाटलिपुत्र था (3)
13. किसी द्रव्य या पानी में घुलने वाला (5)
15. पिता का पिता, दादा, बाबा (4)
16. अनुराग, प्रेम, लालसा, इच्छा (2)
18. संभव है कि, कदाचित (3)
19. औषधि, उपचार (2)
20. कौआ पक्षी, काग (2)

### वर्ग पहेली 6025 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | हौ | र | | ब | र | ग | द |
| म | ज | मा | | ह | मा | रा | |
| बं | | ना | म | क | | रा | पी |
| दी | न | | स | ना | थ | | प |
| | म | ह | ल | | प | ह | ल |
| ता | क | | ना | पा | क | | |
| | ख्वा | ब | | ता | ना | बा | ना |
| शा | र | दा | | ल | | द | ल |

## आज का राशिफल

### मेष

आज व्यर्थ वस्तुओं पर अनावश्यक खर्च के संकेत है । आप को कार्यस्थल पर अधिक जिम्मेदारी ग्रहण करनी होगी । नए मित्र बनाने से बचें। आपका कोई करीबी आप के राज़ खोल सकता है। यह अपनी भावनाओं को उजागर करने के लिए उपयुक्त दिन नहीं है। आपके परिवार के सदस्य आप को यथोचित समर्थन देने में असक्षम रहेंगें।

### वृष

आज व्यावसायिक निर्णय, निवेश और विवादों को निपटने के लिए यह एक अच्छा समय है। आप अपने प्रतिद्वंद्वियों से दो कदम आगे रहेंगें । नौकरी के लिए दिए गए इंटरव्यू और व्यापारिक समझौते अच्छे परिणाम देंगे। पहचान और सराहना प्राप्त करने के लिए समय उपयुक्त है । आज मित्रों और परिवार के साथ पिकनिक मनाने या भ्रमण करने के लिए एक अच्छा दिन है ।

### कर्क

आज का दिन अच्छा है। कार्यालय का वातावरण सौम्य रहेगा। आप को व्यापार के नए क्षेत्रों में प्रवेश करने का अवसर मिलेगा । आप भौतिक और सुख सुविधा की वस्तुओं पर पैसा खर्च करेंगें। परिवार के सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगें और घर का वातावरण शांतिमय रहेगा । अपने प्रियतम के समक्ष प्यार का इज़हार करने के लिए समय उपयुक्त है ।

### सिंह

आज मजबूत और विश्वसनीय सूझ बूझ के चलते वित्तीय मामलों के संबंध में निर्णय लेने का उत्तम समय है । इस समय किया गया उचित निवेश भविष्य में बहुत लाभ देगा । आप अपने बच्चों के भविष्य के लिए विभिन्न फंडों में कुछ पैसों का निवेश कर सकते हैं । घर पर हो रहे शुभ प्रसंग आपको बहुत खुशी देंगे। आप मित्रों के साथ अपनी इस खुशी को बांट सकते हैं।

### मिथुन

आज आपकी अत्यधिक ऊर्जा और जबरदस्त उत्साह अनुकूल परिणाम देंगें । रोमांस के अवसर स्पष्ट रूप से मिलेंगें, लेकिन ये प्रणय के क्षण अल्पजीवी होंगें।। अपने प्रिय के साथ कठोर शब्दों का प्रयोग ना करें -अन्यथा आप को बाद में पछताना पड़ सकता है।

### कन्या

आज यह समय महत्वपूर्ण वित्तीय मामलों के लिए अच्छा नहीं है। निवेश सम्बन्धी महत्वपूर्ण निर्णय किसी और दिन के लिए स्थगित कर दें । आप के प्रबंधक आप को अतिरिक्त जिम्मेदारियाँ सौंप सकते है। आप समय पर अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में असक्षम रहेंगें।

### तुला

आज परिस्थितियां कठिन हो सकती हैं. गलतफहमी होने की संभावनाएँ हैं. कार्यस्थल पर संघर्ष का सामना करना पड़ सकता है. कोई सकारात्मक काम नहीं हो पाएगा. अपने प्रयासों में सफलता प्राप्त करने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी. घर परिवार में लड़ाई झगड़े होने की संभावना है. आपका प्यार आपसे दूर जा सकता है।

### वृश्चिक

आज मित्र और सहकर्मी आपके प्रयासों में आप का समर्थन करेंगे। आपको अपने कार्य क्षेत्र में असीम विजय प्राप्त होने की संभावना है। अपने जीवन साथी के साथ अपनी अंतरंग भावनाओं को साझा करने के लिए आज बढ़िया दिन है। आज का दिन आप के लिए भावनात्मक ताज़गी और नवीकरण लाएगा। आप का मिज़ाज़ सकारात्मक होगा और आप दूसरों पर एक अच्छा प्रभाव बनाने में सफल होंगें।

### मकर

आप को आज कोई अच्छी खबर मिल सकती है - यह खबर आपकी तरक्की, वेतन वृद्धि, इच्छित स्थान पर स्थानांतरण, आदि से सम्बंधित हो सकती है. आप आज व्यवसाय सम्बन्धी आत्मविश्वास से भर जायेंगें । आप अपने सर्वेष्ट रूप में रहेंगें और सभी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। आज सामाजिक मेल मिलाप के लिए अच्छा दिन है। पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा।

### कुंभ

आज आप उत्साह से भरे रहेंगें और अपने कार्य को पूरी निपुणता से करने में सक्षम हो जाएंगें । आप को कैरियर सम्बंधित एक रोमांचक अवसर की पेशकश की जा सकती है। धन-संबंधी लाभ के संकेत मिल रहे हैं। संचार माध्यम या जनसंपर्क संबंधित कार्यों में जुटे लोगों को यश प्राप्त होगा. पारिवारिक वातावरण सौहार्दपूर्ण रहेगा। प्रेम संबंध सुदृढ़ होंगें। घर पर विश्राम करने के लिए आज अच्छा समय है।

### धनु

आज आप नए अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। व्यापार के मामलों से निपटने में अपने कौशल और विशेषज्ञता के कारण आप अपने मातहतों और वरिष्ठ अधिकारियों के बीच लोकप्रिय बन जायेंगें । अपनी वाणी को लेकर आज सावधान रहें। आपके शब्द परिवार के बड़े-बूढ़े सदस्यों को बहुत ज्यादा कष्ट पहुंचा सकते है।

### मीन

आज आपकी वफादारी और मेहनत से काम करने की प्रकृति की वजह से आपको मान्यता मिलेगी । कारोबार बहुत लाभदायक रहेगा । निवेश और अचल संपत्ति से आर्थिक लाभ की संभावना है। आप को व्यापर में नए ग्राहक मिलेंगें । अपने हितैषियों के साथ आपके रिश्तें अब बहुत सुचारू और घनिष्ट हो जायेंगें । आपके निजी संबंधों में सुधार होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर

# उरुग्वे के खिलाफ जीत से अभियान शुरू करना चाहेगा भारत



**हैदराबाद (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में जगह बनाने के लक्ष्य के साथ क्वालीफायर टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। अनुभवी कोच Sjoerd Marijne के टीम से जुड़ने के बाद खिलाड़ियों में नया उत्साह देखने को मिल रहा है। मेजबान भारत अपने पहले मुकाबले में Uruguay के खिलाफ जीत के साथ अभियान की सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगा।

**विश्व कप के लिए तीन स्थान दांव पर-** इस क्वालीफायर टूर्नामेंट में कुल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स, ऑस्ट्रिया शामिल हैं। टूर्नामेंट के पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें आगामी FIH Women's Hockey World Cup के लिए क्वालीफाई करेंगी। यह विश्व कप 14 से 30 अगस्त के बीच Belgium और Netherlands में आयोजित होगा।

**कोच मारिन की वापसी से टीम में जोश-** डच कोच स्जोएर्ड मारिन के लिए यह टूर्नामेंट मुख्य कोच के रूप में पहली जिम्मेदारी होगी। वह इससे पहले Tokyo 2020 Olympics में भारतीय टीम को ऐतिहासिक चौथे स्थान तक पहुंचाने के बाद पद छोड़ चुके थे और अब एक बार फिर टीम के साथ जुड़े हैं। उनकी वापसी से भारतीय टीम में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास देखने को मिल रहा है।

### भारत की रैंकिंग और दावेदारी

भारतीय टीम इस समय विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर है और टूर्नामेंट में इंग्लैंड (7वें स्थान) के बाद दूसरी सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम है। रैंकिंग के आधार पर देखा जाए तो उरुग्वे के खिलाफ भारत को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

# 28 मार्च से शुरू होगा आईपीएल 2026

● टी-20 वर्ल्डकप फाइनल से पहले ऐलान ● बंगाल-तमिलनाडु समेत 5 राज्यों में चुनावों के चलते शेड्यूल बदला



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च को होगी। इसकी घोषणा रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाले भारत-न्यूजीलैंड टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल से पहले ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स ने की।

पहले टूर्नामेंट 26 मार्च से शुरू होना था, लेकिन तमिलनाडु, केरल, असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में होने वाले चुनावों के कारण शेड्यूल में बदलाव किया गया है। हालांकि आईपीएल की ओर से अभी तक टूर्नामेंट का पूरा कार्यक्रम जारी नहीं किया गया है।

**चेपॉक, ईडन गार्डन्स में होते हैं मैच-** विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में तीन ऐसे प्रमुख स्टेडियम हैं जो आईपीएल वेन्यू के रूप में इस्तेमाल होते रहे हैं। तमिलनाडु के चेन्नई स्थित एमए चिदंबरम स्टेडियम (चेपॉक) चेन्नई सुपर किंग्स का होम ग्राउंड है।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में स्थित ईडन गार्डन्स कोलकाता नाइट राइडर्स का घरेलू मैदान है, जबकि असम के गुवाहाटी में बना बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम राजस्थान रॉयल्स का सेकेंड होम वेन्यू रहा है।

**चुनाव के कारण दो चरणों में आ सकता है शेड्यूल-** 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद जब भी देश में आम चुनाव (2009, 2014, 2019 और 2024) या किसी राज्य में विधानसभा चुनाव हुए हैं, टूर्नामेंट का शेड्यूल दो हिस्सों में जारी किया गया है। ऐसे में संभावना है कि इस बार भी बीसीसीआई ऐसा ही करेगा।

**बेंगलुरु में होगा ओपनिंग और फाइनल मैच-** कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) के सेक्रेटरी संतोष मेनन ने कन्फर्म किया कि बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में ही ओपनिंग और फाइनल मैच खेले जाएंगे। होम टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) इस बार अपने 5 होम मैच चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलेगी।

# भारत ने इतिहास बदलकर नया अध्याय लिखा

## टीम इंडिया तीसरी बार टी20 चैंपियन, न्यूजीलैंड को 96 रन से दी शिकस्त

● एक टी-20 वर्ल्डकप में 100+ सिक्स लगाए, संजू ने कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा ● लगातार 2 वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम, पहली बार होम टीम ने टाइटल जीता



**अहमदाबाद (एजेंसी)।**

भारत ने तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। भारत ने इतिहास बदलकर नया अध्याय लिख दिया है। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 5 विकेट पर 255 रन बनाए, न्यूजीलैंड की टीम 159 रन पर ऑलआउट हो गई। इस जीत के साथ भारत ने तीन साल में तीसरी आईसीसी ट्रॉफी अपने नाम कर ली। साथ ही टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के एक एडिशन में 100 से ज्यादा छक्के लगाने वाली पहली टीम बनी, जबकि संजू सैमसन ने टूर्नामेंट में एक एडिशन में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाकर विराट कोहली का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया।

### 3 इतिहास बदले

- **पहला-** पहली बार किसी होम टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता। इससे पहले कोई मेजबान टीम इस टूर्नामेंट में चैंपियन नहीं बनी।
- **दूसरा-** पहली बार किसी टीम ने लगातार दो टी-20 वर्ल्ड कप जीते। इससे पहले कोई भी टीम अपना टाइटल डिफेंड नहीं कर सकी थी।
- **तीसरा-** पहली बार किसी टीम ने तीन बार टी-20 वर्ल्ड कप जीते। किसी अन्य टीम ने इस टूर्नामेंट के 3 टाइटल नहीं जीते हैं।

### 2024 का कारनामा 2026 में दोहराया

रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने 29 जून 2024 को टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। टीम ने बारबाडोस में साउथ अफ्रीका को 7 रन के अंतर से हराया। आज टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप जीतने का कारनामा 2026 में भी दोहरा दिया।

## सूर्यकुमार यादव ने किया माटी का तिलक



**अहमदाबाद(एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच पर घुटनों के बल बैठकर, मुट्ठी भर मिट्टी को अपने माथे से लगाते सूर्यकुमार यादव की तस्वीर ने करोड़ों भारतीयों का दिल जीत लिया है। न्यूजीलैंड को 96 रनों से धूल चटाने के तुरंत बाद कप्तान सूर्या भावुक हो गए और उन्होंने उस मिट्टी को नमन किया जिसने भारत को ट्रिपल क्राउन दिलाया। भारत अब दुनिया की पहली ऐसी टीम बन गई है जिसने लगातार दो बार (2024 और 2026) टी20 वर्ल्ड कप जीता है।

**यूं पालथी मारकर बैठ गए, विश्व विजेता बनने पर रोहित शर्मा ने खाई थी घास**



### जब रोहित ने खाई थी पिच की घास

सूर्यकुमार यादव का यह मिट्टी को चूमने वाला अंदाज फैंस को साल 2024 की याद दिला गया, जब बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका को हराकर भारत चैंपियन बना था। उस वक्त टीम के कप्तान रोहित शर्मा जीत के बाद इतने भावुक हो गए थे कि उन्होंने पिच पर जाकर वहां की घास का एक टुकड़ा उखाड़कर खाया था। रोहित ने बाद में बताया था कि वह उस मैदान और उस पिच को हमेशा के लिए अपने अंदर बसा लेना चाहते थे जिसने भारत का 11 साल का सूखा खत्म किया था। सूर्या ने भी आज उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अपनी कर्मभूमि और माटी के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

# स्विस ओपन नहीं खेलेगी सिंधू

### भारतीय चुनौती का दारोमदार श्रीकांत और प्रणय पर



**बासेल (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू दुबई में तीन दिन फंसने के तनाव से अभी उबरी नहीं है लिहाजा वह स्विस ओपन नहीं खेलेंगी जबकि एच एस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत 250000 डॉलर ईनामी राशि के टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती पेश करेंगे। ईरान पर अमेरिका और इस्राइल की बमबारी और ईरान की जवाबी कार्रवाई के चलते खाड़ी में हवाई क्षेत्र पाबंदियों के कारण सिंधू तीन दिन दुबई में फंसी रही और आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप से नाम वापिस लेना पड़ा। भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने पीटीआई से कहा, वह स्विस ओपन नहीं खेलेगी। हमें पता है कि दुबई में उनका अनुभव क्या रहा। वह बर्मिंघम नहीं जा सकी थी। उन्हें इससे उबरने में कुछ समय लगेगा। भारत लौटने के बाद सिंधू ने स्वीकार किया था कि दुबई में हुए अनुभव के कारण वह काफी तनाव में रही और उम्मीद है कि यह इस तरह का पहला और आखिरी अनुभव रहे। अब वह अप्रैल में बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के जरिए ही वापसी करेंगी।

पुरूष एकल में श्रीकांत का सामना पहले दौर में जैसन गुनावान से होगा। श्रीकांत पिछले साल मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल के फाइनल में पहुंचे थे। विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वातानाबे से खेलेंगे। तरूण मन्नेपल्ली की टक्कर जापान के केंता निशिमोतो से होगी जबकि आयुष शेट्टी का सामना कनाडा के ब्रायन यांग से होगा। किरण जॉर्ज सिंगापुर के लोह कीन यू से खेलेंगे।

पुरूष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का सामना सिंगापुर के एंग कीट वेसले को और जुंसुके कुबो से होगा। हरिहरन ए और एम आर अर्जुन चीनी ताइपै के चेन झि रे और लिन यू चियेह से खेलेंगे। महिला एकल में उन्नति हुड्डा का सामना चीनी ताइपै की चियू पिन चियान से होगा जबकि मालविका बंसोड़ थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से खेलेंगी।

# दिव्या को प्राग चैलेंजर शतरंज में तीसरा स्थान, विश्व टॉप 10 में पहुँची




**प्राग, चेक गणराज्य (एजेंसी)।** वर्तमान महिला विश्व कप विजेता भारत की दिव्या देशमुख नें फ़ीडे कैंडिडेट के पहले प्राग चैलेंजर में 9 राउंड के बाद 5 अंक बनाते हुए तीसरा स्थान हासिल करते हुए ना सिर्फ़ विश्व टॉप 10 महिला खिलाड़ियों में खुद को शामिल कर लिया है बल्कि कैंडिडेट शुरू होने के पहले अपनी मजबूत दावेदारी भी प्रस्तुत कर दी है।

दिव्या इस 10 खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन मजबूत टूर्नामेंट में शामिल दो महिला खिलाड़ियों में से एक थी विश्व नंबर 3 चीन की जू जिनर भी इस मुक़ाबले का हिस्सा थी जो 2.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर रही। दिव्या देशमुख नें आख़िरी राउंड में मेजबान चेक गणराज्य के स्टीफन हर्बेक को मात देते हुए अपनी दूसरी जीत दर्ज की। चेक गणराज्य के फिनेक वैक्लेव 6.5 अंकों के साथ पहले और स्पेन के यूफ़ा डेनियल 6 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रहे। भारत के सूर्य शेखर गांगुली 4 अंक बनाकर आठवें स्थान पर रहे। फ़िलहाल दिव्या 2510 फ़ीडे रेटिंग अंकों के साथ विश्व रैंकिंग में दसवें स्थान पर पहुँच गई है. 2535 अंकों के साथ अभी भी कोनेरू हंपी विश्व में नंबर 5 और भारत की शीर्ष खिलाड़ी बनी हुई है।

# कप्तान सूर्या वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद हनुमान मंदिर पहुंचे

● देशभर में जश्न, आतिशबाजी के साथ लोग नाचे, तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रविवार को खेले गए टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर खिताब जीत लिया है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे देश में दिवाली जैसा माहौल है। प्रशंसक सड़कों पर नाच रहे हैं, आतिशबाजी कर रहे हैं और तिरंगा फहराकर खुशी मना रहे हैं। इधर कप्तान सूर्यकुमार यादव देर रात वर्ल्ड कप ट्रॉफी लेकर अहमदाबाद के हनुमान मंदिर पहुंचे और पूजा की। इस दौरान आईसीसी चेयरमैन जय शाह और टीम के हेड कोच गौतम गंभीर भी उनके साथ थे।



# धोनी बोले- कोच साहब, आप पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत ने एमएस धोनी को भी सोशल मीडिया पोस्ट करने पर मजबूर कर दिया। पूर्व कप्तान धोनी ने चैंपियन टीम की फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की और लिखा, अहमदाबाद में इतिहास रचा गया। कोच साहब (गौतम गंभीर), आपके चेहरे पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है।

वहीं सचिन तेंदुलकर पूरे मैच के दौरान एक्स पर एक्टिव नजर आए। जीत के बाद उन्होंने कहा, टीम इंडिया ने इनक्रेडिबल वर्क किया। विराट कोहली बोले, अहमदाबाद में भारत ने अद्भुत जीत हासिल की।भारत ने रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल जीता। टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया और 3 साल में तीसरा आईसीसी टाइटल अपने नाम किया। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप भी तीसरी बार ही जीता है।

### सचिन ने कहा- इनक्रेडिबल वर्क टीम इंडिया, कोहली ने जीत को अद्भुत बताया

**बुमराह चैंपियन बॉलर-** एमएस धोनी ने 21 महीने बाद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कोई फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा, अहमदाबाद में इतिहास रचा गया। टीम इंडिया, सपोर्ट स्टाफ और सभी फैंस को बधाइयां। आप सभी को खेलते हुए देखकर बहुत खुशी हुई।कोच साहब (गौतम गंभीर) आपके चेहरे पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है। मैच इंटेंसिटी के साथ आपकी स्माइल एक किलर कॉम्बिनेशन है। बेहतरीन प्रदर्शन, मजे कीजिए। बुमराह के बारे में कुछ न लिखूं तो ही अच्छा है। चैंपियन बॉलर।धोनी ने इससे पहले 2024 में टीम इंडिया को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर ही सोशल मीडिया पर बधाई दी थी। इस बार तो वे सेमीफाइनल और फाइनल के दौरान स्टेडियम में भी मौजूद रहे।



### संजू ने स्मार्ट बैटिंग की- सचिन

सचिन तेंदुलकर फाइनल के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक्टिव नजर आए। उन्होंने संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, शिवम दुबे, अक्षर पटेल और जसप्रीत की तारीफ की। संजू पर उन्होंने कहा, सैमसन बड़ी स्मार्ट बैटिंग कर रहे हैं, वे जानते हैं कि कहां अटैक करना है और कहां डिफेंड करना है। ईशान किशन ने भी बेहतरीन शॉट्स खेले। मैच के बाद तेंदुलकर बोले, भारत और न्यूजीलैंड के बॉलर्स में यही अंतर रहा कि इंडिया ने स्लोअर गेंदें बहुत ज्यादा इस्तेमाल कीं। अहमदाबाद में शॉर्ट पिच गेंदें और वैरिएशन ही कारगर रहे। टी-20 वर्ल्ड कप लगातार 2 बार जीतना खास



अहसास है। भारत इस ट्रॉफी को जीतना डिजर्व करता है।भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, टीम ने स्पेशल ब्रांड का क्रिकेट खेला। बेहतरीन टीम इंडिया, जय हिंद। जीत के बाद सेलिब्रेशन के लिए मुंबई में नहीं हूं, लेकिन मेरे घर के बाहर लोगों के जश्न के वीडियो देख रहा हूं। बेहतरीन रात। बेहतरीन काम, टीम इंडिया।

## न्यूज बाइट्स

### कोइलवां में श्री सीताराम महायज्ञ की तैयारी शुरू

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** जिले के हसपुरा प्रखंड के कोइलवां गांव में सोमवार को श्री श्री सती माँ की 125वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित होने वाले श्री सीताराम महायज्ञ सह श्री राम कथा को लेकर यज्ञशाला निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। कोइलवां स्थित श्री सती स्थान क्षेत्र में स्थानीय लोगों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। 125वें आयोजन को लेकर यज्ञशाला निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है, ताकि आगामी महायज्ञ और राम कथा कार्यक्रम भव्य और दिव्य तरीके से आयोजित किया जा सके। भूमि पूजन का अनुष्ठान गुरुदेव आचार्य पंडित लाल मोहन शास्त्री के निर्देशन में रविशेषर कुमार द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मुजफ्फरपुर से आए कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। आयोजन समिति की ओर से सभी कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सचिव एवं पूर्व मुखिया अजय कुमार, शिक्षाविद सियाराम शर्मा, कनक कुमार, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, दिलीप शर्मा, अमन कुमार, महेंद्र दुबे, बृज किशोर शर्मा, अवधेश शर्मा, मंगल मिस्त्री सहित महायज्ञ समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### शादी की नीयत से युवती का अपहरण, मामला दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। मामले में युवती की नानी ने गांव के ही एक युवक पर शादी की नीयत से अपहरण करने का आरोप लगाया है।जानकारी के अनुसार युवती अपनी नानी के घर रहकर पढ़ाई करती थी। परिजनों के मुताबिक 7 मार्च की रात करीब 1 बजे से वह अचानक घर से गायब हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी युवती का कोई सुराग नहीं मिला। युवती की नानी ने गांव के एक युवक पर शादी की नीयत से अपहरण करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले में शिकायत दर्ज कराई गई है। फिलहाल पुलिस युवती की तलाश में लगी हुई है।

### एसडीजेएम व मुंसफ को तबादले पर अधिक्ताओं ने दी विदाई

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद की एसडीजेएम निधि जायसवाल और मुसंफ शोभित सौरभ का पटना हाईकोर्ट द्वारा सुपौल जिले के लिए तबादला किए जाने पर अधिवक्ताओं ने उन्हे भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर दोनों के अच्छे कार्यकाल की सराहना करते हुए अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के उपाध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह और अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने उन्हे शॉल, बुके और समकालीन जवाबदेही पत्रिका प्रदान कर बधाई और शुभकामनाएं दी। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने कहा कि दोनों न्यायाधीशों ने बार और बेंच के बीच मधुर संबंध स्थापित कर बड़ी संख्या में लंबित वादों का निष्पादन किया है।

पेयजल व्यवस्था मजबूत करने की पहल

# जिलाधिकारी ने चलंत चापाकल मरम्मती दल को किया रवाना

- ग्रीष्मकाल 2026 को देखते हुए पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अभियान शुरू किया गया।
- लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद के तहत 11 वाहनों के साथ 11 मरम्मति गैंग तैनात किए गए हैं।
- जिले में लगभग 3435 खराब चापाकलों की मरम्मत का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।




एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष पहल की है। सोमवार को जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने समाहरणालय परिसर से चलंत चापाकल मरम्मती दल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसका उद्देश्य जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत कर लोगों को गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या से राहत दिलाना है। लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद के तहत ग्रीष्मकाल 2026 के दौरान 9 मार्च से चापाकल मरम्मत अभियान शुरू किया गया है।

इसके लिए जिले में कुल 11 वाहनों के साथ 11 मरम्मत गैंग तैनात किए गए हैं। प्रत्येक वाहन में चापाकल मरम्मत के लिए आवश्यक उपकरण और सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई गई है, ताकि खराब चापाकलों की मरम्मत तेजी से की जा सके। विभाग द्वारा इस अभियान के तहत जिले में लगभग 3435 चापाकलों की मरम्मत का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद प्रत्येक चापाकल का सोशल ऑडिट भी कराया जाएगा और इसकी ऑनलाइन प्रविष्टि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार के वेब पोर्टल पर की जाएगी, जिससे कार्य की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मरम्मत दलों को युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए जिले के सभी खराब चापाकलों की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए, ताकि आम लोगों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। मरम्मत कार्य की निगरानी के लिए जिला स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। कनीय अभियंता, सहायक अभियंता और कार्यपालक अभियंता द्वारा मरम्मत कार्यों की नियमित निगरानी की जाएगी। लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद द्वारा स्थापित जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 8544428862 तथा टोल फ्री नंबर 18001231121 जारी किया गया है। ग्रामीण इन नंबरों पर फोन कर पेयजल से जुड़ी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिनका त्वरित समाधान किया जाएगा। जिला प्रशासन ने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता बनी रहे तथा पेयजल संबंधी समस्याओं का जल्द समाधान किया जा सके।

# चैती छठ मेला की तैयारी की डीएम ने की समीक्षा
## 22 से 25 मार्च तक लगेगा चार दिवसीय मेला



निज संवाददाता | देव (औरंगाबाद)

जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को देव स्थित चार दिवसीय चैती छठ मेला 2026 की तैयारी और विधि-व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला एवं देव प्रखंड स्तर के सभी अधिकारियों के साथ मेला की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि देव प्रखंड में स्थित पौराणिक देव सूर्य मंदिर के कारण छठ पर्व यहां अत्यंत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। इसकी ख्याति दूर-दूर तक है और हर वर्ष लाखों श्रद्धालु बिहार सहित अन्य राज्यों से यहां छठ व्रत करने पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष देव चैती छठ मेला 22 से 25 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि मेला का उद्घाटन प्रभारी मंत्री तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री को आमंत्रित किया जाएगा। श्रद्धालुओं के आवासन के लिए मेला क्षेत्र में पांच स्थानों को चिन्हित किया गया है, जिनमें राजा जगन्नाथ उच्च विद्यालय का पश्चिमी भाग, थाना परिसर के समीप, संत विजय दास धर्मशाला बहुआरा मोड़, सूर्यकुंड तालाब के पूर्व तथा हाजी नगर के पूर्व मस्जिद रोड के पास शामिल हैं। इन स्थानों पर टेंट, पंडाल, लाइटिंग, जनरेटर और दरी आदि की व्यवस्था विभिन्न संस्थानों और बैंकों के सहयोग से की जाएगी। मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 48 स्थानों पर ड्रॉप गेट बनाए जाएंगे तथा प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि देव को जोड़ने वाले सभी मार्गों की मरम्मत तत्काल पूरी कराई जाए, ताकि श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल, विशेषकर महिला पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही स्थायी और अस्थायी अतिक्रमणों को चिन्हित कर उन्हें हटाने का निर्देश दिया गया। विधि-व्यवस्था के संचालन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को निर्देश दिया गया कि बंद पड़े चापाकलों की मरम्मत कर मेला अवधि के दौरान 24 घंटे पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर पानी के टैंकर की व्यवस्था भी की जाए। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मेला क्षेत्र में अस्थायी चिकित्सा शिविर स्थापित किया जाएगा, जहां सात एंबुलेंस, स्ट्रेचर, जीवनरक्षक दवाएं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम तैनात रहेगी।

यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए यातायात प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। इसमें जिला परिवहन पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। वाहनों की सुव्यवस्थित पार्किंग के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थलों की पहचान की जाएगी। मेला क्षेत्र में अग्निशमन विभाग की ओर से पांच अग्निशमन वाहन 24 घंटे तैनात रहेंगे। वहीं आपदा की स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम की प्रतिनियुक्ति का भी अनुरोध किया जाएगा। सूर्यकुंड के आसपास लाइफ जैकेट, गोताखोर, जाल और अन्य सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा सूर्य मंदिर परिसर, अर्घ्य स्थल और मेला क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मेला क्षेत्र में एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया जाएगा, जहां दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। जरूरत के अनुसार वालंटियर्स और एनसीसी कैडेट्स भी तैनात किए जाएंगे।

# 21 वर्षीय युवक का शव बरामद, ईंट भट्ठे के पास संदिग्ध हालत में मिली लाश



निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)

जिले के गोह थाना क्षेत्र में सोमवार को एक 21 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के भुइयां बिगहा निवासी सहेंद्र पासवान के पुत्र शत्रुघ्न कुमार के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना गोह थाना क्षेत्र के शेखपुरा रोड स्थित नंगाईन ईंट भट्ठे के समीप एक सुनसान स्थान की है। बताया जा रहा है कि रविवार दोपहर करीब एक बजे सड़क किनारे युवक का शव देखा गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

मृतक के भाई लव कुमार ने बताया कि शत्रुघ्न कुमार रविवार को अपनी बाइक से घर से निकला था। उसने परिवार के लोगों को बताया था कि वह गोह थाना क्षेत्र के घेजना गांव में रहने वाले अपने दोस्त सुधीर कुमार के घर जा रहा है। वहां उसने खाना खाया और देर शाम करीब साढ़े आठ बजे अपने घर लौटने के लिए निकला था, लेकिन वह घर नहीं पहुंच सका।

रात में घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान शेखपुरा रोड स्थित नंगाईन ईंट भट्ठे के पास सड़क किनारे उसका शव पड़ा मिला, जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। गोह थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, इसका स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा।

# डीएम ने लगाया जनता दरबार 72 मामलों की सुनी शिकायतें

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



सोमवार को औरंगाबाद की जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सात निश्चय-3 के अंतर्गत "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना।

जनता दरबार में कुल 72 परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण हटाने, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से जुड़े मामले, मानदेय भुगतान तथा आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता समेत अन्य जनहित से जुड़े मुद्दे शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज करते हुए संबंधित विभागों को अग्रसारित कर दिया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया, ताकि लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान हो सके। जिला प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए और किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। इस मौके पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और न्यायसंगत तरीके से निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी मामलों की नियमित समीक्षा की जाए और कार्रवाई की प्रगति से परिवादियों को समय-समय पर अवगत कराया जाए, ताकि आम लोगों को प्रशासनिक व्यवस्था पर विश्वास बना रहे और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके।

# डीएम ने यूपीएससी टॉपर मोनिका श्रीवास्तव को किया सम्मानित



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद की जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले की प्रतिभाशाली बेटी मोनिका श्रीवास्तव को सम्मानित किया। मोनिका श्रीवास्तव ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 16 प्राप्त कर जिले और राज्य का नाम गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने उन्हें सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मोनिका श्रीवास्तव की यह उपलब्धि जिले के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और इससे अन्य छात्र-छात्राओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। सम्मान समारोह के दौरान मोनिका श्रीवास्तव के पिता ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव, माता भारती श्रीवास्तव तथा उनके मामा श्री कमल किशोर भी उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी ने परिवार के सदस्यों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि परिवार के सहयोग, मार्गदर्शन और समर्थन से ही ऐसे उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि मोनिका श्रीवास्तव भविष्य में भी अपनी सेवाओं के माध्यम से समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जागरूकता रथ रवाना, सुदूर गांवों तक पहुंचेगा न्याय का संदेश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिले में जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। इस क्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने प्राधिकार परिसर से बिहार ग्रामीण बैंक के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोक अदालत की जानकारी पहुंचाई जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने सुलहनीय वादों और बैंक ऋण से जुड़े मामलों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से करा सकें। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के जरिए लोगों को त्वरित, सुलभ और कम खर्च में न्याय मिलने का अवसर मिलता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ के साथ-साथ सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों का भी उपयोग किया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस अवसर का लाभ उठा सकें।

वहीं, बिहार ग्रामीण बैंक के अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न ऋण मामलों से संबंधित हजारों नोटिस जारी किए गए हैं। लोक अदालत में ऋण निस्तारण के लिए बैंक की ओर से विशेष छूट भी दी जाएगी, जिससे लाभार्थियों को अपने लंबित मामलों का समाधान कराने में आसानी होगी।

# गांजा तस्कर को कोर्ट ने दिया दोषी करार

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के जिला जज-2 की अदालत ने सोमवार को एनसीबी क्राइम केस-12/22, जीआर-16/22, यूनियन ऑफ इंडिया बनाम विनय पांडेय वगैरह के केस में एक अभियुक्त को दोषी ठहराया है। स्पेशल पीपी परवेज अख्तर ने बताया कि प्राथमिकी अभियुक्त विनय पांडेय(ओरा, औरंगाबाद निवासी) को कोर्ट ने एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में दोषी करार दिया है। मामले में सज़ा के बिंदु पर सुनवाई की तारीख 25 मार्च निर्धारित की गई है। मामले के एक अन्य अभियुक्त भजन मेयर को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एनसीबी अधिकारी ने 09 अप्रैल 2022 को 127.9 किलो गांजा के साथ गाड़ी चालक विनय पांडेय को गिरफ्तार किया था, तब से वह जेल में बंद हैं।

# गजना धाम में राम विवाह उत्सव का भव्य आयोजन

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)



जिले के नवीनगर प्रखंड स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ गजना धाम इन दिनों आस्था, श्रद्धा और भक्ति के रंग में डूबा हुआ है। यहां आयोजित राम विवाह उत्सव ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया है। रविवार देर रात भगवान श्रीराम और माता जानकी का विवाह उत्सव पारंपरिक रीति-रिवाजों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। विवाह समारोह में राजा दशरथ की भूमिका सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने निभाई, जबकि राजा जनक की भूमिका भृगुनाथ सिंह ने अदा की। विवाह की सभी रस्में उसी प्रकार निभाई गईं, जैसे किसी सामान्य विवाह समारोह में निभाई जाती हैं। स्थानीय लोग मिथिलावासी बनकर विवाह की परंपराओं को निभाते नजर आए, जिससे पूरा माहौल जीवंत और भावनात्मक हो उठा। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने इस दिव्य दृश्य के साक्षी बनकर स्वयं को धन्य महसूस किया।

गजना धाम में राम विवाह उत्सव की परंपरा पिछले 46 वर्षों से लगातार चली आ रही है। इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत वर्ष 1979 में हुई थी। तभी से हर वर्ष यहां श्रद्धा और भक्ति के साथ इसका आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी 21 फरवरी से नवाह्न यज्ञ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। इसके बाद लगभग 18 दिनों तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पूजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत 4 मार्च को भगवान श्रीराम का हल्दी उत्सव मनाया गया। 5 मार्च को तिलकोत्सव आयोजित हुआ, जबकि 6 मार्च को मंडप पूजन और किशोरी जी की हल्दी रस्म संपन्न कराई गई। इसके बाद 7 मार्च को भगवान श्रीराम की भव्य बारात निकाली गई, जिसने नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। बारात में शामिल भक्त भक्ति गीतों और जयघोष के साथ पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाते नजर आए। धाम के महंत अवध बिहारी दास के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में अयोध्या से आए कलाकारों ने संगीत और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से राम विवाह से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया।

# 11 मार्च को शौर्य दिवस के रूप में मनाई जाएगी पृथ्वीराज चौहान की पुण्यतिथि

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




जिला मुख्यालय औरंगाबाद के ब्लॉक मोड़ के समीप स्थित पृथ्वीराज चौहान स्मृति स्थल के प्रांगण में पृथ्वीराज चौहान की पुण्यतिथि समारोह की तैयारियों को लेकर पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने की, जबकि संचालन सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक के दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने आपसी विचार-विमर्श करते हुए संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान ट्रस्ट का मासिक प्रतिवेदन और आय-व्यय का ब्योरा भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 11 मार्च को पृथ्वीराज चौहान की पुण्यतिथि को भव्य और दिव्य तरीके से शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाएगा। पुण्यतिथि के अवसर पर पृथ्वीराज चौहान स्मृति स्थल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। साथ ही जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पृथ्वीराज चौहान के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले लोगों को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया।

# संज्ञा समिति जिला इकाई के गठन की मनाई गई पहली वर्षगांठ

- केताकी में भव्य मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



संज्ञा समिति जिला इकाई औरंगाबाद के गठन की पहली वर्षगांठ सोमवार को मनाई गई। 9 मार्च 2025 को गठित इस समिति के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर संगठन के सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दीं तथा बीते वर्ष में किए गए सामाजिक कार्यों को याद किया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान संगठन ने समाज हित में कई महत्वपूर्ण पहल की हैं और हर परिस्थिति में समाज के लोगों के साथ खड़े रहने का प्रयास किया है। उन्होंने बताया कि समिति के सभी सदस्यों ने तन, मन और धन से संगठन के कार्यों में सहयोग दिया, जिसके कारण विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए जा सके।

समिति की ओर से बताया गया कि बीते एक वर्ष में केताकी में भव्य मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इसके अलावा अभिभावक सम्मान समारोह सहित कई अन्य सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें समिति के सदस्यों और सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समिति के पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार पिछले एक वर्ष में सभी का सहयोग और समर्थन मिला है, उसी तरह आगे भी संगठन को समाज सेवा के कार्यों में सभी का साथ मिलता रहेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में संज्ञा समिति जिला इकाई औरंगाबाद समाज के हित में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएगी।

# देव में निर्माणाधीन अतिथिगृह कार्य की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में देव स्थित सूर्यकुंड तालाब परिसर में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा निर्माणाधीन अतिथिगृह के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी ली और कार्य में तेजी लाते हुए इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि देव का सूर्यकुंड परिसर धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है। विशेष रूप से छठ पर्व के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु और व्रती पहुंचते हैं। ऐसे में अतिथिगृह का निर्माण समय पर पूरा होने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अतिथिगृह परिसर में बनाए गए शौचालय को भी सुचारु रूप से संचालित रखने का निर्देश दिया, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं और व्रतियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। साथ ही उन्होंने बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के कार्यपालक अभियंता को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए इसे शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने सूर्यकुंड परिसर में निर्माणाधीन वॉच टावर पर रेलिंग लगाने का भी निर्देश दिया, ताकि वहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश तथा बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।